



- सरकार ने अदला-बदली नीलामी में वापस खरीदे 6,309 करोड़ के बॉन्ड - 12



- अमेरिका ने किया अनुरोध- रूसी तेल खरीद रिफाइनरियों में भेजे भारत - 12



- नेपाल : सबसे युवा और पहले मधेसी पीएम होंगे बालेंद्र - 13



- बारबाडोस से अहमदाबाद तक : क्रिकेट में भारत के दबदबे की अभूतपूर्व दास्तान - 14



आज का मौसम
34.0° अधिकतम तापमान
21.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.24
सूर्यास्त 06.15

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| लखनऊ |

www.amritvichar.com
2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

चैत्र कृष्ण पक्ष सप्तमी 01:54 उपरांत अष्टमी विक्रम संवत 2083

मंगलवार, 10 मार्च 2026, वर्ष 36, अंक 32, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


# ईरान जंग पर सदन में हंगामा, बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर नहीं हो पाई चर्चा

- **सरकार बोली- स्पीकर को हटाने के प्रस्ताव पर बहस के लिए तैयार**

नई दिल्ली, एजेंसी

लोकसभा में सोमवार को विपक्षी दलों के सदस्यों ने पश्चिम एशिया संकट पर चर्चा कराने की मांग को लेकर हंगामा किया, जिसके कारण सदन की कार्यवाही दो बार के स्थगन के बाद दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। विपक्ष के इस रुख पर अड़े रहने के कारण लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पद से हटाने के लिए प्रस्ताव लाने के विपक्ष के नोटिस पर चर्चा और मतदान की प्रक्रिया शुरू नहीं हो सकी।

सदन की बैठक दो बार स्थगित होने के बाद अपराह्न तीन बजे शुरू हुई तो पीठासीन सभापति जगदंबिका पाल ने कांग्रेस सांसद मोहम्मद जावेद को लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ अपना संकल्प रखने को कहा। इस दौरान कांग्रेस समेत विपक्ष के सदस्य पश्चिम एशिया के हालात पर सदन में चर्चा कराने की मांग करते हुए आसन के समीप आकर नारेबाजी करने लगे। कांग्रेस के सदस्य नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को बोलने की इजाजत भी आसन से मांग रहे थे। पीठासीन सभापति पाल ने मोहम्मद जावेद से कहा, आप केवल अपना संकल्प रख सकते हैं। आपको और कोई प्रस्ताव रखने का अधिकार नहीं है। आप आसन से यह नहीं कह सकते कि राहुल (गांधी) को बोलने दें, केसी वेणुगोपाल को बोलने दें। यह कौन सा नियम है। उन्होंने कहा, संसद की कार्यवाही में प्रति मिनट ढाई लाख रुपये खर्च होते हैं। एक दिन में नौ करोड़ रुपये खर्च हो रहे हैं। जनता के पैसे का इस तरह आप नुकसान कर रहे हैं। आप संसद को बंधक बनाने की कोशिश कर रहे हैं। विपक्ष ने इतने दिन पहले से लोस अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस दिया है, लेकिन इस विषय पर चर्चा कराने की जगह अब दूसरा विषय उठाया जा रहा है।



नई दिल्ली में संसद के बजट सत्र के दौरान राज्यसभा में चर्चा में शामिल विदेश मंत्री एस जयशंकर।

## अपने नागरिकों की सुरक्षा और राष्ट्रीय हित प्राथमिकता : जयशंकर

- **कहा- संघर्ष क्षेत्र में फंसे 67,000 भारतीयों को वापस लाया जा चुका**

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पश्चिम एशिया संकट के समाधान के लिए संवाद और कूटनीति की जरूरत पर जोर देते हुए सोमवार को लोकसभा में कहा कि उस क्षेत्र में रहने वाले भारतीय नागरिकों की सुरक्षा तथा अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा करना भारत सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। संसद के दोनों सदनों में पश्चिम एशिया संघर्ष पर दिए अपने वक्तव्य में जयशंकर ने कहा कि भारत सरकार पश्चिम एशियाई क्षेत्र के सभी देशों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता बनाए रखने के पक्ष में है। उन्होंने एक ईरानी जहाज को भारतीय बंदरगाह पर खड़ा करने की अनुमति देने को मानवीय आधार पर लिया गया सही निर्णय बताया। उन्होंने कहा कि भारत सरकार इस क्षेत्र के हालात पर नजर रख रही है और संघर्ष क्षेत्र में फंसे 67,000 भारतीय नागरिकों को पहले ही वापस लाया जा चुका है। जयशंकर ने कहा कि भारतीय नागरिकों की सुरक्षा और ऊर्जा सुरक्षा तथा व्यापार जैसे राष्ट्रीय हित सरकार के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता हैं। उन्होंने लोकसभा और राज्यसभा में दिए वक्तव्य में कहा, भारत शांति के पक्ष में है और बातचीत और कूटनीति का मार्ग अपनाने का आग्रह करता है। दोनों सदनों में, जब जयशंकर वक्तव्य देने के लिए उठे तो विपक्ष ने जोरदार नारेबाजी की और मांग की कि पश्चिम एशिया की स्थिति पर उनके वक्तव्य से पहले चर्चा होनी चाहिए।

## लोस अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब दे सकते हैं शाह

**नई दिल्ली।** विपक्षी द्वारा लोकसभा अध्यक्ष बिरला के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर गृह मंत्री अमित शाह मंगलवार को जवाब दे सकते हैं। सूत्रों ने यह जानकारी दी। सदन में होने वाली चर्चा के दौरान अन्य वक्ताओं के अलावा सरकार की ओर से संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू भी हिस्सा ले सकते हैं।

## ब्रीफ न्यूज

### ईडी ने असम के पूर्व आईएएस अधिकारी की संपत्ति कुर्क की

**नई दिल्ली।** ईडी ने असम के पूर्व आबकारी सचिव और आईएएस अधिकारी इंद्रेश्वर कलिता के खिलाफ आय के ज्ञात स्रोतों की तुलना में अधिक संपत्ति के मामले में धन शोधन की जांच के तहत पांच करोड़ रुपये से अधिक की अचल संपत्ति कुर्क की है। मामला मुख्यमंत्री के विशेष सतर्कता प्रकोष्ठ (सीएमएसवीसी) द्वारा कलिता के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी से जुड़ा है। ईडी ने एक बयान में कहा कि सीएमएसवीसी के आरोप पत्र में कहा गया है कि एक मार्च 2000 से 31 दिसंबर 2018 की जांच अवधि के दौरान, कलिता के पास कुल मिलाकर 5 .64 करोड़ रुपये की संपत्ति थी, जो उनकी आय के ज्ञात स्रोतों की तुलना में 131.12 प्रतिशत अधिक थी।

### मथुरा में नाबालिग लड़की से सामूहिक दुष्कर्म, मामला दर्ज

**मथुरा।** मथुरा में नौहझील थाना क्षेत्र के एक गांव में दो युवकों द्वारा नाबालिग लड़की से सामूहिक दुष्कर्म करने की घटना सामने आई है। पुलिस ने पीड़िता के परिजनों की तहरीर पर नामजद लोगों के खिलाफ मुकदमा दायर कर जांच शुरू कर दी है। मांट क्षेत्र के पुलिस उपाधीक्षक संदीप कुमार सिंह ने बताया कि यह घटना शुक्रवार शाम की है, जिसके बारे में पीड़िता ने परिजनों को शनिवार को जानकारी दी। इसके बाद उन्होंने रविवार को पुलिस में शिकायत दर्ज की।

# मुजतबा खामेनेई नए सुप्रीम लीडर अमेरिका-इजराइल के हमले तेज

## सऊदी ने ईरान को चेताया, हमले बंद करो नहीं तो देंगे करारा जवाब

दुबई, एजेंसी

ईरान में सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद उनके बेटे मुजतबा खामेनेई को सोमवार को देश का अगला शासक नामित किया गया। देश की असेंबली ऑफ एक्सपर्ट्स ने उनका चुनाव किया है। मुजतबा (56) के देश के अर्धसैनिक बल रिवॉल्यूशनरी गार्ड से करीबी संबंध हैं। सुप्रीम लीडर चुने जाने से भड़के अमेरिका-इजराइल ने तेहरान पर हमले तेज कर दिए हैं।

रिवॉल्यूशनरी गार्ड युद्ध की शुरुआत के दौरान 28 फरवरी को अयातुल्ला अली खामनेई (86) की मौत के बाद से इजराइल और खाड़ी के अरब देशों पर मिसाइलों और ड्रोन से हमले कर रहा है। मुजतबा को उनके पिता से भी ज्यादा कट्टर विचारों वाला माना जा रहा है। वह युद्ध शुरू होने के बाद से सार्वजनिक रूप से नजर नहीं आए हैं। ईरान के राजनीतिक जानकारों ने वंशानुगत तरीके से मुजतबा को सर्वोच्च नेता चुने जाने की आलोचना की है। इजराइल पहले ही कह चुका है कि मुजतबा उनके निशाने पर हैं जबकि ट्रंप ने उन्हें अस्वीकार्य बताया है। ईरान समर्थित लेबनानी उग्रवादी समूह हिजबुल्ला ने मुजतबा के समर्थन में बयान जारी किए।

वहीं, सऊदी अरब ने सोमवार को ईरान को आगाह किया कि अगर वह अरब देशों पर हमले करता रहा तो उसे अब तक का सबसे बड़ा नुकसान उठाना पड़ेगा। सऊदी का यह बयान उस ड्रोन हमले के बाद आया, जिसमें जाहिर तौर पर उसके बड़े शायबा तेल क्षेत्र को निशाना बनाया गया।



तेहरान में मुजतबा खामेनेई के समर्थन में एकत्रित भीड़।

### भारत ने बहरीन में अपने नागरिकों से सतर्क रहने का किया आग्रह

**दुबई।** भारत ने बहरीन में रहने वाले अपने नागरिकों के लिए सोमवार को एक परामर्श जारी कर क्षेत्र में मौजूदा स्थिति को देखते हुए सतर्क रहने, उचित सावधानी बरतने और स्थानीय अधिकारियों के सुरक्षा दिशानिर्देशों का पालन करने का आग्रह किया। बहरीन स्थित भारतीय दूतावास के परामर्श में कहा गया है कि बहरीन स्थित भारतीय दूतावास सामान्य रूप से कार्य कर रहा है। फंसे भारतीय नागरिकों, विशेषकर पर्यटक या अल्पकालिक वीजा धारकों को प्राथमिकता दी जा रही है।

### युद्ध जीतने के लिए ब्रिटेन की मदद की जरूरत नहीं, ट्रंप ने की आलोचना

**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर ने मौजूदा हालात पर राष्ट्रपति ट्रंप से बातचीत की। उधर, ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ सोशल पर लिखा, ब्रिटेन, जो कभी हमारा महान सहयोगी रहा है, अब पश्चिम एशिया में दो विमानवाहक पोत भेजने पर विचार कर रहा है। कोई बात नहीं, प्रधानमंत्री स्टॉर्मर, हमें अब उनकी जरूरत नहीं है हम इसे याद रखेंगे। हमें ऐसे लोगों की जरूरत नहीं है जो युद्ध जीतने के बाद उसमें शामिल हों।

### पुतिन ने मुजतबा को दी बधाई अटूट समर्थन देने की बात कही




**मॉस्को।** रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने ईरान के नये सर्वोच्च नेता चुने गए अयातुल्ला मुजतबा खामेनेई को सोमवार को बधाई दी और तेहरान को मॉस्को के अटूट समर्थन और एकजुटता की पुष्टि की। कहा कि मुझे विश्वास है कि आप अपने पिता के कार्यों को आगे बढ़ाएंगे।

# अमेठी : खड़ी ट्रक में दो बाइक टकराने से पिता-पुत्री समेत तीन की मौत, 4 घायल

फुरसतगंज(अमेठी)

**अमृत विचार।** बांदा-टांडा राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोमवार देर शाम दर्दनाक हादसा हो गया। दो बाइक पर सवार सात लोग खड़ी ट्रक में पीछे से जा टकराए। हादसे में पिता-पुत्री समेत तीन लोगों की मौत हो गई है। जबकि चार घायल है। घटना के बाद परिवारजन में कोहराम मच गया।

जानकारी के अनुसार सीमेंट लादकर सड़क किनारे एक ट्रक संख्या यूपी 36 टी 1485 खड़ा हुआ था। तभी जायस की ओर से रायबरेली की तरफ 2 बाइकों पर सवार 7 लोग रायबरेली की तरफ जा रहे थे। तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार वाहन से बचने के लिए दोनों बाइक सवार सामने खड़े ट्रक में पीछे से टकरा गए। जिससे दोनों बाइकों पर सवार कुल 7 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर सभी घायलों को एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) फुरसतगंज पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने दिशा (6) पुत्री अतुल निवासी इंदु का पुरवा गांधी नगर जायस, अतुल (38) पुत्र विनोद कुमार निवासी इंदु का पुरवा गांधी नगर जायस तथासे हीरालाल (45) पुत्र सतीदीन निवासी फरीदपुर परवर थाना जायस को मृत घोषित कर दिया।


मृतक हीरालाल, दिशा व अतुल की फाइल फोटो।

वहीं हादसे में घायल रानी (30) पत्नी अतुल निवासी इंदु का पुरवा गांधीनगर थाना जायस, शिवानी (18) पुत्री सत्यनारायण निवासी ओदारी चौराहा थाना जायस और पल्लवी (16) पुत्री हीरालाल निवासी फरीदपुर परवर थाना जायस की हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल रायबरेली रेफर कर दिया गया है। जबकि माही (12) पुत्री जीवन लाल निवासी संदीराम थाना मिल एरिया रायबरेली का इलाज सीएचसी फुरसतगंज में चल रहा है। तीनों मृतक और चारों घायल सभी आपस में रिश्तेदार हैं। घटना की सूचना मिलते ही मृतक एवं घायलों के परिजन मौके पर पहुंच गए। सभी परिवारों में कोहराम मचा हुआ है। मृतकों के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। घटना की सूचना मिलते ही फुरसतगंज, जायस पुलिस मौके पर पहुंच गई और राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया। फुरसतगंज थाने के प्रभारी निरीक्षक ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि दुर्घटना में एक बच्ची सहित तीन लोगों की मौत हुई है, जबकि चार अन्य घायल हैं। ट्रक को कब्जे में लेकर मामले की जांच के साथ आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। घटना की जानकारी मिलते ही तत्काल मौके पर अन्य थानों की पुलिस और तिलोई के पुलिस क्षेत्राधिकारी दिनेश कुमार मिश्र मौके पर पहुंच गए। सड़क से दुर्घटनाग्रस्त वाहन को हटवा कर आवागमन बहाल कराया।



सड़क किनारे खड़ा ट्रक।

# यौन हिंसा पीड़ितों के मामलों में संवेदनशीलता के नए दिशा-निर्देश जारी

- **इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश के अनुपालन में प्रदेश सरकार ने जारी किया शासनादेश**

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** यौन हिंसा और दुष्कर्म के मामलों में गर्भवती लड़कियों व महिलाओं के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाने और मामलों के त्वरित निस्तारण के लिए प्रदेश सरकार ने सोमवार को सभी चिकित्सा संस्थानों व प्रशासनिक अधिकारियों को विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं। अब गर्भसमापन, मेडिकल जांच और पीड़ित सहायता के लिए मानक प्रक्रिया का पालन अनिवार्य होगा। यह आदेश हाईकोर्ट में दायर जनहित याचिका संख्या-2751/2025 में 6 फरवरी 2026 को पारित आदेश के अनुपालन में जारी किया गया है।

अपर मुख्य सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित कुमार घोष की ओर से जारी शासनादेश में कहा गया है कि यौन हिंसा से पीड़ित महिलाओं और लड़कियों के मामलों में गर्भसमापन, चिकित्सा सहायता, जांच और परामर्श से संबंधित सभी प्रक्रियाओं में संवेदनशीलता और त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इसके लिए पहले से जारी एसओपी और नए दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन करने को कहा गया है। शासनादेश सभी चिकित्सा अधीक्षकों, मुख्य चिकित्सा अधिकारियों और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को भेजा गया है। साथ ही पुलिस महानिदेशक, मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों को भी निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने स्तर से इन निर्देशों का पालन सुनिश्चित कराएं। पीड़िता की पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

### 24 सप्ताह तक गर्भ समापन की व्यवस्था

दिशा-निर्देशों के अनुसार यौन हिंसा से गर्भवती हुई महिला या लड़की का गर्भसमापन एमटीपी अधिनियम के तहत 24 सप्ताह तक कराया जा सकता है। 20 सप्ताह तक के मामलों में जिला अस्पताल या मेडिकल कॉलेज के स्त्री रोग विशेषज्ञ की निगरानी में प्रक्रिया पूरी की जाएगी और एफआईआर या पुलिस रिपोर्ट का इंतजार किए बिना उपचार में देरी नहीं की जाएगी। जांच से पहले लिखित सहमति अनिवार्य होगी। नाबालिग या मानसिक रूप से अक्षम पीड़िता के मामलों में अभिभावक की सहमति ली जाएगी। जांच के दौरान डीएनए साक्ष्य, नमूने और अन्य फॉरेंसिक साक्ष्य सुरक्षित तरीके से एकत्र कर 96 घंटे के भीतर जांच एजेंसी को सौंपने के निर्देश दिए गए हैं।

# शराब नीतिः केजरीवाल, सिसोदिया को नोटिस

- **21 अन्य से भी सीबीआई की याचिका पर मांगा जवाब**

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने शराब नीति मामले में दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और 21 अन्य लोगों को अधीनस्थ अदालत द्वारा आरोप मुक्त किये जाने के विरूद्ध सीबीआई की याचिका पर आरोपियों से उनका पक्ष बताने को कहा।

न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने सीबीआई की याचिका पर सुनवाई के लिए अगली तारीख 16 मार्च तय की। हाईकोर्ट ने कहा कि वह निचली कोर्ट को ईडी द्वारा धनशोधन मामले की जांच पर कार्यवाही को बाद की तारीख तक स्थगित करने का आदेश देगी। सॉलीसिटर जनरल तुषार मेहता द्वारा किए गए अनुरोध पर, उच्च न्यायालय ने यह भी संकेत दिया कि वह सीबीआई अधिकारियों पर अधीनस्थ अदालत द्वारा की गई 'पूर्वग्रहपूर्ण टिप्पणियों' के अमल पर रोक लगाएगी।




# इटावा सफारी में शेरनी ने 4 शावकों को दिया जन्म

- **तीसरी बार मां बनी शेरनी नीरजा, पहले के पांच शावक भी पूरी तरह स्वस्थ**

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार:** एशियाई शेरों के संरक्षण और संवर्धन के लिए स्थापित लॉयन सफारी पार्क में उस समय खुशी की लहर दौड़ गई, जब यहां शेरनी नीरजा ने चार शावकों को जन्म दिया। चारों शावक पूरी तरह स्वस्थ हैं, और उनकी लगातार निगरानी की जा रही है।

तीसरी बार मां बनी शेरनी नीरजा ने पहले प्रसव में दो, दूसरी बार में तीन और अब चार शावकों को जन्म दिया है, इस तरह सफारी में अब उसके कुल नौ शावक पल रहे हैं। लॉयन सफारी पार्क के निदेशक डॉ. अनिल कुमार पटेल ने बताया कि शेरनी नीरजा ने रविवार रात पहला शावक 8.25 बजे, दूसरा 9.07 बजे, तीसरा 9.43 बजे और चौथा शावक 9.59 बजे पर जन्मा। नीरजा अपने नवजात बच्चों की अच्छी तरह देखभाल कर रही है। ब्रीडिंग सेंटर में लगे सीसीटीवी से उन पर नजर रखी जा रही है। सफारी प्रशासन के अनुसार शेर कान्हा और शेरनी नीरजा के बीच 18 नवंबर से 21 नवंबर 2025 के बीच मीटिंग हुई थी। इसके बाद आईवीआरआई बरेली में हुई जांच में नीरजा के गर्भवती होने की पुष्टि होने पर उसे ब्रीडिंग सेंटर में रखा गया था, जहां डॉक्टरों व कीपरों की टीम विशेष देखभाल कर रही थी। नीरजा के पहले के पांच शावक सफारी में स्वस्थ रूप से पल रहे हैं। शेरनी नीरजा का जन्म भी छह साल पहले इसी सफारी में हुआ था।

**जनता दर्शन** | उद्यमियों की भी आने लगी शिकायतें, जिला प्रशासन को समयबद्ध शिकायतों के निस्तारण का निर्देश

# निवेश और उद्योग विकास में देरी और लापरवाही अक्षम्य : मुख्यमंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को 'जनता दर्शन' में प्रदेश भर से आए लोगों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान दो उद्यमियों ने मुलाकात कर अपनी समस्याएं रखीं।

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि निवेश और उद्योग विकास से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की देरी या लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री ने उद्यमियों के प्रार्थना पत्र को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों, विशेषकर उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) और जिला प्रशासन को समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में निवेश के लिए बेहतर इकोसिस्टम तैयार किया गया है। सरकार ने सिंगल विंडो सिस्टम सहित कई पारदर्शी व्यवस्थाएं लागू की हैं, इसलिए उद्यमियों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जाना चाहिए।

मुख्यमंत्री स्वयं पीड़ितों के पास जाकर उनका प्रार्थना पत्र लेते रहे और उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार उनकी समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने लोगों से कहा कि निश्चिंत होकर घर जाइए, आपकी शिकायतों का नियमानुसार निस्तारण कराया जाएगा। मुख्यमंत्री ने जिलों के प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी शिकायतों का समयसीमा के भीतर समाधान सुनिश्चित किया जाए और किसी भी प्रकरण को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए।



जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं सुनते मुख्यमंत्री योगी।

### योगी ने अवैध कब्जे के खिलाफ दिए सख्त निर्देश

कासगंज से आए एक पीड़ित ने पुलिस से जुड़ी शिकायत मुख्यमंत्री के सामने रखी और कार्रवाई में देरी की बात कही। इस पर मुख्यमंत्री ने पुलिस अधीक्षक को तत्काल संज्ञान लेकर समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। एक अन्य प्रकरण पारिवारिक विवाद से जुड़ा था, जबकि अवैध कब्जे की शिकायत पर मुख्यमंत्री ने सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि ऐसे मामलों को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने पीड़ित को भरोसा दिलाया कि नियमानुसार तत्काल कार्रवाई की जाएगी।

### किताबें पढ़ो, सोशल मीडिया का कम प्रयोग करो

जनता दर्शन में कुछ अभिभावक अपने बच्चों के साथ भी पहुंचे थे। मुख्यमंत्री ने बच्चों को चॉकलेट दी और उनसे पढ़ाई के बारे में बातचीत की। एक बच्चे से मुख्यमंत्री ने कहा कि किताबें पढ़ने की आदत डालो और सोशल मीडिया का प्रयोग केवल आवश्यकता के अनुसार ही करो। उन्होंने मोबाइल के अत्यधिक उपयोग से बचने की सलाह भी दी।

## न्यूज ब्रीफ

### प्रेरणा कैंटीन से जुड़कर 10 हजार से अधिक महिलाएं बनीं लखपति

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में शुरू की गई प्रेरणा कैंटीन योजना के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रेरणा से संचालित इस पहल के माध्यम से अब तक 10 हजार से अधिक महिलाएं लखपति बन चुकी हैं। प्रदेश के विभिन्न जिलों में संचालित इन कैंटीनों ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने का सशक्त माध्यम प्रदान किया है। प्रदेश में वर्तमान में 2100 से अधिक प्रेरणा कैंटीन संचालित हो रही हैं। इनका संचालन स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाएं कर रही हैं, जिससे उन्हें स्थानीय स्तर पर रोजगार के साथ स्थायी आय का स्रोत मिला है। इससे न केवल महिलाओं की आर्थिक स्थिति मजबूत हो रही है, बल्कि उनके आत्मविश्वास और सामाजिक भागीदारी में भी वृद्धि हुई है। प्रेरणा कैंटीन का संचालन जिलाधिकारी कार्यालय, मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय और विकासखंड कार्यालयों के साथ-साथ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में किया जा रहा है। इन कैंटीनों में सरकारी कर्मचारियों, मरीजों और उनके परिजनों को स्वच्छ और किफायती भोजन उपलब्ध कराया जाता है। इससे लोगों को बेहतर सुविधा मिल रही है और महिलाओं की आय भी निरंतर बढ़ रही है।

### बीसी सखी कार्यक्रम में यूपी देश में अव्वल

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप्र. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत संचालित बीसी सखी (बैंकिंग कॉरेस्पॉन्डेंट सखी) कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाएं तेजी से पहुंच रही हैं। इस पहल के जरिए महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के साथ ग्रामीणों को गांव में ही बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। कार्यक्रम के संचालन में उत्तर प्रदेश पूरे देश में पहले स्थान पर है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशन में चल रहे इस अभियान के तहत स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं को प्रशिक्षित कर बीसी सखी बनाया गया है। वर्तमान में प्रदेश में करीब 40 हजार बीसी सखियां सक्रिय हैं, जो गांवों में लोगों को नकद जमा-निकासी, आधार सक्षम भुगतान प्रणाली (एईपीएस) से लेन-देन, बैलेंस जांच और सरकारी योजनाओं में नामांकन जैसी सेवाएं दे रही हैं। मिशन निदेशक राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन दीपा रंजन ने बताया कि बीसी सखियों के माध्यम से 40 हजार सखियों में अब तक 43,144 करोड़ रुपये से अधिक का वित्तीय लेन-देन हो चुका है।

### महिलाओं के साहस और संघर्ष को सलाम

**अमृत विचार, लखनऊ :** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर किसान ट्रस्ट की ओर से 'अपराजिता सम्मान समारोह 2026' में ट्रस्टी चारू चौधरी ने कहा कि यह समारोह उन महिलाओं के साहस और संघर्ष को सम्मान देने का प्रयास है जो चुनौतियों के बावजूद समाज में नई राह बना रही हैं। इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में महिलाओं के साहस, संघर्ष और उपलब्धियों को सम्मानित करना तथा महिला सशक्तिकरण पर सार्थक संवाद को आगे बढ़ाना रहा। रालोद संस्थापक चौधरी चरण सिंह द्वारा स्थापित किसान ट्रस्ट की ट्रस्टी एवं कार्यक्रम आयोजक, दिल्ली में आयोजित अपराजिता सम्मान समारोह में बतौर विशिष्ट अतिथि बोल रही थी, समारोह में बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि भारत रत्न चौधरी चरण सिंह द्वारा स्थापित किसान ट्रस्ट समाज के विभिन्न वर्गों, खासकर एसिड अटैक सर्वाइवर महिलाओं को सहयोग देकर प्रेरणादायक कार्य कर रहा है। इस अवसर पर "रोजगार के माध्यम से सशक्तिकरण" विषय पर पैनल चर्चा भी आयोजित की गई, जिसमें एना रॉय, कांता सिंह, शिंजिनी कुमार और वरिष्ठ पत्रकार सलमा सुल्तान ने विचार साझा किए।

# गांवों के 20 लाख घरों को मिलेगा ब्रॉडबैंड

## 'प्रोजेक्ट गंगा' के तहत स्टेट ट्रांसफॉर्मेशन कमीशन और हिंदुजा ग्रुप की कंपनी के बीच एमओयू

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** 'प्रोजेक्ट गंगा' के तहत गांवों में हाई-स्पीड ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी के विस्तार के लिए स्टेट ट्रांसफॉर्मेशन कमीशन (एसटीसी) और हिंदुजा ग्रुप की सहायक कंपनी वनओटीटी एंटरटेनमेंट लिमिटेड के बीच सोमवार को समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। वित्त एवं संसदीय कार्यमंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि तीन वर्षों में गांवों में 20 लाख से अधिक घरों तक हाई-स्पीड इंटरनेट पहुंचाने का लक्ष्य है, जिससे करीब एक करोड़ लोगों को लाभ मिलेगा। परियोजना से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से एक लाख से अधिक रोजगार के साथ 10 हजार डिजिटल उद्यमी भी बनेंगे।

- **एक लाख से अधिक रोजगार के अवसर, 10 हजार डिजिटल उद्यमी**

एक होटल में आयोजित कार्यक्रम में वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि यह एमओयू प्रदेश में डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने के साथ बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर तैयार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने बताया कि 'प्रोजेक्ट गंगा' (गवर्नमेंट असिस्टेड नेटवर्क फॉर ग्रोथ एंड एडवांसमेंट) के तहत गांवों तक हाई-स्पीड ब्रॉडबैंड पहुंचाने का लक्ष्य है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल सेवाओं, शिक्षा-स्वास्थ्य और ऑनलाइन गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। परियोजना के तहत न्याय पंचायत स्तर पर 8 से 10 हजार स्थानीय युवाओं को डिजिटल सेवा प्रदाता के रूप में विकसित किया जाएगा। इन युवाओं को प्रशिक्षण देकर गांवों में इंटरनेट सेवाओं के विस्तार के साथ डिजिटल सेवाएं उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी दी जाएगी। लगभग 50 प्रतिशत स्थान महिलाओं के लिए सुनिश्चित करने की योजना है। कार्यक्रम में श्रम विभाग के प्रमुख सचिव शन्मुगा सुंदरम, एसटीसी के एसीईओ अक्षत वर्मा, हिंदुजा ग्रुप के प्रतिनिधि डॉ. एसके चड्ढा व अधिकारी मौजूद रहे।

### डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर से विकास की दिशा

- स्टेट ट्रांसफॉर्मेशन कमीशन के सीईओ मनोज कुमार सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर और डिजिटल हाईवे का महत्व कई मामलों में भौतिक एक्सप्रेसवे से भी अधिक हो गया है, क्योंकि यही विकास की नई दिशा तय कर रहा है। उन्होंने कहा कि यह पहल डिजिटल डिवाइड और संभावित एआई डिवाइड को कम करने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।



प्रदेश सरकार के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना को स्मृति चिह्न देते अधिकारी। अमृत विचार

### ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल सेवाएं और रोजगार: फर्नांडीज

- हिंदुजा ग्लोबल सॉल्यूशंस लिमिटेड के डायरेक्टर विंसले फर्नांडीज ने कहा कि इस परियोजना के तहत प्रदेश में लगभग एक लाख रोजगार के अवसर सृजित करने का लक्ष्य है। वहीं वनओटीटी एंटरटेनमेंट लिमिटेड के चीफ बिजनेस ऑफिसर सत्य प्रकाश सिंह ने बताया कि परियोजना का उद्देश्य दूर-दराज के अंडर-सर्व्ड और अनसर्व्ड क्षेत्रों तक डिजिटल कनेक्टिविटी पहुंचाना है, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल सेवाओं का विस्तार हो सके और स्थानीय युवाओं को नए अवसर मिल सकें। उन्होंने कहा कि हाई-स्पीड इंटरनेट उपलब्ध होने से टेलीमेडिसिन, ऑनलाइन शिक्षा, डिजिटल स्किलिंग, ई-कॉमर्स और डिजिटल कंटेंट जैसे क्षेत्रों में नई संभावनाएं खुलेंगी। इससे ग्रामीण युवाओं को यूट्यूब और अन्य डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से आय अर्जित करने के अवसर भी मिलेंगे।

# डेटा इकॉनमी की नई राजधानी बन रहा प्रदेश

- **योगी सरकार की डेटा सेंटर पॉलिसी से डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूती**

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रदेश तेजी से देश की उभरती डेटा इकॉनमी का प्रमुख केंद्र बनता जा रहा है। योगी सरकार की डेटा सेंटर नीति और नई पहल के कारण प्रदेश में डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर का तेजी से विस्तार हो रहा है।

फरवरी 2026 में विधानसभा के बजट सत्र के दौरान सरकार ने राज्य में बड़े पैमाने पर डेटा सेंटर क्लस्टर विकसित करने और स्टेट डेटा सेंटर अथॉरिटी के गठन की घोषणा की। इसका उद्देश्य डेटा सेंटर उद्योग को संस्थागत ढांचा देना और निवेश प्रक्रिया को तेज करना है। प्रदेश सरकार ने वर्ष 2030 तक उत्तर प्रदेश में 5 गीगावाट क्षमता वाले 4 से 5 बड़े डेटा सेंटर क्लस्टर विकसित करने का लक्ष्य रखा है। इससे राज्य को डेटा स्टोरेज और क्लाउड सेवाओं के बड़े केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में मजबूती मिलेगी। तेजी से बढ़ते डिजिटल उपयोग, क्लाउड सेवाओं की मांग और डेटा लोकलाइजेशन की नीतियों के कारण डेटा सेंटर उद्योग का महत्व लगातार बढ़ रहा है।

### डेटा सेंटर सेक्टर में यूपी की बढ़ती ताकत

- वर्ष 2030 तक 5 गीगावाट क्षमता के 4–5 डेटा सेंटर क्लस्टर का लक्ष्य
- लगभग 30 हजार करोड़ रुपये के निवेश से 8 डेटा सेंटर पार्क प्रस्तावित
- कुल क्षमता करीब 900 मेगावाट
- 8 परियोजनाओं को जारी हुआ लेटर ऑफ कम्फर्ट
- 21,342 करोड़ रुपये निवेश और 644 मेगावाट क्षमता सुनिश्चित
- आईटी, क्लाउड और डिजिटल सेवाओं में रोजगार के बढ़ेंगे अवसर

सरकार की योजना के अनुसार करीब 30 हजार करोड़ रुपये के निवेश से 8 डेटा सेंटर पार्क विकसित किए जाएंगे, जिनकी कुल क्षमता लगभग 900 मेगावाट होगी। राज्य सरकार की ओर से अब तक 8 परियोजनाओं को लेटर ऑफ कम्फर्ट जारी किया जा चुका है।

### चार मेडिकल कॉलेजों को मिले 42.55 करोड़

- **अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य सरकार ने गोरखपुर मेडिकल कॉलेज समेत चार मेडिकल कॉलेजों को 42 .55 करोड़ का बजट जारी किया है। चिकित्सा शिक्षा विभाग के संयुक्त सचिव आनन्द कुमार त्रिपाठी के आदेश के मुताबिक गोरखपुर मेडिकल कॉलेज एवं संबद्ध चिकित्सालय को 26 करोड़ 64 लाख, कानपुर में लालालाजपत राय मेडिकल कॉलेज व गणेश शंकर विद्यार्थी चिकित्सालय को 9 करोड़ 53 लाख, बदायूं मेउकल कॉलेज के लिए 3 .81 करोड़ और सहारनपुर मेडिकल कॉलेज के लिए 2 .57 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं।

# प्रदेश को फरवरी में मिला 18,412 करोड़ राजस्व

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश में मुख्य कर व करेत्तर मदों से फरवरी 2026 में 18,412.25 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ है। यह फरवरी 2025 के मुकाबले 415.18 करोड़ रुपये अधिक है। यह जानकारी वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने सोमवार को दी।

वित्त मंत्री ने बताया कि फरवरी 2025 में इन मदों से 17,997.07 करोड़ रुपये का राजस्व मिला था, जबकि इस वर्ष फरवरी में यह बढ़कर 18,412.25 करोड़ रुपये हो गया। वहीं चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में फरवरी तक कर राजस्व के रूप में कुल 1,96,653.27 करोड़ रुपये की प्राप्ति हुई है, जो निर्धारित लक्ष्य का 73.2 प्रतिशत है। उन्होंने बताया कि जीएसटी के तहत फरवरी 2026 में 7,202.36 करोड़ रुपये का राजस्व मिला, जबकि फरवरी 2025 में यह 6,847.67 करोड़ रुपये था। वैट से फरवरी 2026 में 2,525.87 करोड़ रुपये प्राप्त हुए, जो पिछले वर्ष फरवरी में 2,530.76 करोड़ रुपये थे। इसी तरह आबकारी मद में फरवरी 2026 में 4,503.68 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ, जबकि फरवरी 2025 में यह 4,928.72 करोड़ रुपये था। मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि स्टांप एवं निबंधन मद से फरवरी 2026 में 2,731.95 करोड़ रुपये की प्राप्ति हुई, जो पिछले वर्ष फरवरी के 2,305.25 करोड़ ॅसे अधिक है। परिवहन मद से फरवरी 2026 में 1,076.38 करोड़ का राजस्व मिला, जबकि फरवरी 2025 में यह 923.40 करोड़ था।

# बृजेश और सलोनी ने लगाई सबसे लंबी छलांग

**प्रतापगढ़, अमृत विचार :** खेल निदेशालय की ओर से स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता आयोजित की गई। बृजेश और सलोनी ने सबसे लंबी छलांग लगाई। प्रतियोगिता में कुल 10 इवेंट कराए गए। बालक वर्ग 100 मीटर दौड़ में अभय प्रताप सिंह प्रथम, रितेश वैश्य द्वितीय, बृजेश वर्मा तृतीय रहे। इसी प्रकार 200 मीटर दौड़ में रितेश वैश्य, आदित्य कुमार, रिजवान, 400 मीटर में रिजवान, रोशन वर्मा, हंसदीप विश्वकर्मा, 800 मीटर में रंजीत सिंह, आलोक कुमार, दिलीप सरोज, 1500 मीटर में रंजीत सिंह, अभिषेक सरोज, मान्यवर सिंह, 3000 मीटर में आशीष वर्मा, कमल कांत, रितेश, 5000 मीटर में रोशन वर्मा, ऋतिक कुमार, दिलीप सरोज क्रमशः प्रथम द्वितीय और तृतीय रहे। लंबी कूद में बृजेश, हंसदीप विश्वकर्मा, अंशु गौतम, गोला फेंक में मो. कासिब, अभय प्रताप सिंह, राज प्रजापति, चक्का फेंक में मो. कासिब, मो. अफसर, आलोक कुमार, भाला फेंक में मो. अफसर, नितिन मौर्य, दिव्यांशु वर्मा, त्रिकूद में अभिषेक सरोज, राज बहादुर, अरविंद प्रजापति क्रमशः प्रथम द्वितीय और तृतीय रहे। बालिका वर्ग 100 मीटर दौड़ में वैष्णवी शुक्ला, रिया सरोज, सलोनी प्रजापति, 200 मीटर में सलोनी सरोज, महक, साक्षी दुबे, 400 मीटर में सिमरन गौतम, उमा पटेल, सलोनी प्रजापति, 800 मीटर में प्रियंका सरोज, उमा पटेल, सिमरन कोरी, 1500 मीटर में प्रियंका सरोज, सिमरन गौतम, महक गौतम, 2000 मीटर में ज्योति सिंह, कोमल, साक्षी पटेल, 3000 मीटर में सुहानी मिश्रा, क्रांति गुप्ता, वैष्णवी राम, लंबी कूद में ऋतु, सलोनी सरोज, वैष्णवी, गोला फेंक में आकांक्षा, अंजली, रिया सरोज, क्रमशः प्रथम द्वितीय और तृतीय रहीं।

# केजीबीवी वार्डनों का विशेष प्रशिक्षण शुरू

**अमृत विचार, लखनऊ :** कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में पढ़ने वाली छात्राओं के लिए सुरक्षित और प्रेरक आवासीय वातावरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से वार्डनों का विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम सोमवार से शुरू हो गया। यह प्रशिक्षण प्रतापगढ़, गाजियाबाद और अयोध्या में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का आयोजन नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशनल प्लानिंग एंड एडमिनिस्ट्रेशन और भारत सरकार के सहयोग से किया जा रहा है। प्रशिक्षण के उद्घाटन सत्र में शिक्षा मंत्रालय के अंडर सेक्रेटरी रामनिवास ऑनलाइन माध्यम से जुड़े।

**न्यायालय अपर आयुक्त(न्याय) लखनऊ मण्डल, लखनऊ**

वाद संख्या – 1553/2021
कम्प्यूटरीकृत वाद सं0–C202110000001553
पेशी नियत तिथि–12.03.2026

मोहम्मद असद बनाम अली अब्बास आदि

चूँकि उपरिनामांकित वादी मोहम्मद असद पुत्र मो0यासीन निवासी पुरानी बाजार कस्बा व परगना व तहसील महमूदाबाद जिला सीतापुर ने आपके नाम इस न्यायालय में वाद प्रस्तुत किया है। अतः आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप इस आवेदन के खिलाफ हेतु सन्दर्शित करने के लिए दिनॉक 12.03.2026 को समय पूर्वान्ह 10:00 बजे दिन स्वयं या अपने अधिवक्ता के आप हाजिर अदालत हो। ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एकपक्षीय रुप से सुना जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनॉक 07.03.2026 को निकाली गयी।

न्यायालय की आज्ञा से
न्यायालय अपर आयुक्त(न्याय) लखनऊ मण्डल लखनऊ

### मां की डांट से क्षुब्ध बेटे ने फंदा लगाकर दी जान

**कुंडा, प्रतापगढ़ :** हथिगवां थाना क्षेत्र के सरैयां प्रवेशपुर गांव निवासी शशि भूषण मिश्रा के एक बेटा और दो बेटियां हैं। शशि भूषण के 18 वर्षीय बेटे नवनीत मिश्र ने रविवार देर शाम घर के भीतर संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगा ली। कुछ देर बाद परिजनों की नजर पड़ी तो हड़कंप मच गया। आनन-फानन में उसे नीचे उतारा और सीएचसी लाए। डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इकलौते बेटे के मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। घर का चिराग बुझने से मृतक की मां मनीषा मिश्रा उसकी दो बहनें रो-रो कर बेहाल हैं। युवक के संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत को लेकर चर्चा रही। इंस्पेक्टर सत्येन्द्र सिंह ने बताया कि मृतक की मां ने डांटा था, उसने गुस्से में फांसी लगा ली। शव पोस्टमार्टम को भेजा गया है।

# करंट की चपेट में आने से निशान चढ़ाने जा रहा युवक झुलसा, मौत

कुंडा, प्रतापगढ़

**अमृत विचार :** हौदेश्वरनाथ धाम में निशान (बांस के डंडे पर लगा झंडा) चढ़ाने जा रहा युवक करंट की चपेट में आने से गंभीर रूप से झुलस गया। साथ रहे लोग उसे उपचार के लिए कुंडा सीएचसी ले आए। यहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे से परिजन रो रो कर बेहाल हैं।

नगर पंचायत कुंडा के नरसिंहगढ़ निवासी श्याम लाल सोनी के पड़ोसी रामबाबू सोनी के घर का निशान सोमवार को हौदेश्वरनाथ धाम जाने के लिए लोग ले जा रहे थे। निशान यात्रा में शामिल लोग डीजे की धुन पर नाचते-गाते हुए आगे बढ़ रहे थे। इसी बीच हाथ में निशान का झंडा लेकर चल रहे 30 वर्षीय अरविंद कुमार सोनी गोलू पुत्र श्यामलाल ऊपर से गुजरे 11000 विद्युत करंट की चपेट में आ गया। जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गया। बताया गया कि निशान में ऊपर त्रिशूल लगा था। हादसे के बाद लोग उसे आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुंडा ले आए तो चिकित्सकों ने उसे मृत बताया। अरविंद की मौत की जानकारी होने पर पिता श्यामलाल, मां पार्वती, पत्नी कोमल सोनी समेत परिवार के अन्य सदस्यों में कोहराम मच गया।

**अमृत विचार क्लासीफाइड**

विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
मैंने अपने पुत्र आकाश सिंह (राजा) के गलत चाल–चलन के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। मैं व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों का उसके किसी कृत्य अथवा लेन–देन के जिम्मेदार नहीं हैं। - **सुबोध कुमार पुत्र स्व0 रामलाल मौर्य निवासी मोहल्ला नगलादीना, फतेहगढ़, जिला फर्रुखाबाद।**

**सूचना**
मैने अपना नाम MOHAMMAD AFJAL SIDDIQUI से बदलकर MOHD AFZAL SIDDIQUI रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-MO. JAKIR ADD-7, VIRDHA ASHRAM, GANNA PURWA, ADIL NAGAR, PO-VIKAS NAGAR DIST-LUCKNOW -226022 (U.P.)

**सूचना**
मैं मो0 असद पुत्र मो0 यासीन निवासी मो0 पुरानी बाजार कस्बा, परगना व तहसील महमूदाबाद जिला – सीतापुर, मेरा एक सिविल वाद न्यायालय श्रीमान अपर आयुक्त न्यायिक प्रथम– लखनऊ के न्यायालय में विचाराधीन है। यह कि उपरोक्त मुकदमे में दोनो पक्षो की हाजिरी हेतु अग्रिम तारीख 12–03–2026 नियत है जिसका उनवान मोहम्मद असद आदि बनाम अली अब्बास आदि है।

**सूचना**
मैंने दिनांक 29.11.2009 को नयन श्रीवास्तव से विवाहोपरांत अपना नाम पल्लवी तिवारी से बदलकर पल्लवी श्रीवास्तव रख लिया है। भविष्य में मुझे पल्लवी श्रीवास्तव के नाम से जाना व पहचाना जाए। पता– 6478/I–148, जानकीपुरम गार्डन, जानकीपुरम, लखनऊ।

**सूचना**
मैं **आरती सिंह पत्नी उदय प्रताप सिंह, निवासी 69A/14 योजना संख्या 40 ब्लाक** EWS **दबौली कानपुर नगर** उपरोक्त प्रापर्टी का मूल कब्जा पत्र एवं मूल डीड दिनांक 05.04.1999 का प्रथम पृष्ठ कही खो गया है जिसका प्रयोग किसी अन्य के द्वारा अवैध माना जाएगा। **मो.7408855556**

**सूचना**
मैं अथर्व सिंह पुत्र श्री सुजीत कुमार सिंह, निवासी 660/7/P2/29, फूल बाग कालोनी, कुर्सी रोड, लखनऊ–226026, मेरे विद्यालय ICSE के अभिलेखों में मेरा नाम अथर्व सिंह सुयश अंकित है। जबकि मेरा सही एवं वर्तमान नाम अथर्व सिंह और मेरी सही जन्मतिथि 28–11–2005 है, जैसा कि मेरे जन्म प्रमाण पत्र में दर्ज है। जबकि मेरे विद्यालय अभिलेखों में अंकित जन्मतिथि 28–11–2004 त्रुटिवश दर्ज हो गई थी। उपरोक्त दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं।

**सूचना**
मैं **राजेश कुमार रावत पुत्र स्व0 बरातीलाल रावत निवासी म0नं0 2/138, मार्टिन पुरवा, हजरतगंज, थाना गौतम पल्ली, लखनऊ** मेरी चार संताने निम्नलिखित है मेरे दूसरे नम्बर की संतान आकाश दीप रावत व पुत्रवधू चाँदनी को उनके गलत आचरण के चलते अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति तथा अपने समस्त सरोकार से बेदखल कर दिया गया है। उक्त पुत्र अपने किये गए कृत्यों का स्वयं जिम्मेदार होगा।

**नीलामी सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पीएमश्री कम्पोजिट विद्यालय कुम्भी, विकास खण्ड शिवगढ़, जनपद रायबरेली में दिनांक 13 मार्च 2026 को प्रातः 10:30 बजे यूकेलिप्टस के 32 पेड़ों की नीलामी होनी है, इच्छुक व्यक्ति आकर बोली लगा सकते हैं।
**प्रधानाध्यापक
पीएम श्री कम्पोजिट विद्यालय कुम्भी, विकास खण्ड शिवगढ़
जनपद–रायबरेली**

**सूचना**
मैं रजनीश कुमार बरनवाल पत्नी शिवांगी बरनवाल, अपनी पुत्री का नाम मेधावी (MEDHAVI) से मेधावी बरनवाल (MEDHAVI BARANWAL) रख रहा हूँ। अतः मेरी पुत्री का नाम भविष्य में मेधावी बरनवाल (MEDHAVI BARANWAL) से जाना व पहचाना जाए। D/O Rajneesh Kumar Baranwal R/O H-N- 175 G-N- Road Civil Line, Parkinsganj, Sultanpur City Thana – Kotwali Nagar Post – Sultanpur (U.P.) Pin – 228001

UDGAM · Unclaimed Deposits Gateway To Access inforMation

अपने बैंक में 10 वर्ष से अधिक समय से बिना दावे के पड़े अपने पैसे को उपयोग में लाने का समाधान पाएँ

UDGAM पर जाएँ और जानें कि बैंक से इसका दावा कैसे करें



- UDGAM पोर्टल पर पंजीकरण करें।
- खाताधारक का नाम, बैंक का नाम और जन्म तिथि, पैन कार्ड इत्यादि विवरण का उपयोग करके खोजें।

आरबीआई कहता है... जानकार बनिए, सतर्क रहिए!

UDGAM केवल एक खोज सुविधा है। बिना दावे वाली जमाराशियों का दावा संबंधित बैंक(ओं) से करना होगा।

UDGAM पोर्टल पर बैंकों की सूची उपलब्ध है।

अधिक जानकारी के लिए, https://rbikehtahai.rbi.org.in/ud पर विज़िट करें
फीडबैक देने के लिए, rbikehtahai@rbi.org.in को लिखें

जनहित में जारी
भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in

# मिथुन हत्याकांड के 6 आरोपियों के घरों पर चला बुलडोजर

## ग्राम समाज की भूमि पर अवैध रूप से किया गया था निर्माण, एक दिन पूर्व परिवारवालों से मिले थे विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा

**सख्त कार्रवाई**

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** दो दिन पूर्व हुए मिथुन हत्याकांड को लेकर पुलिस कार्रवाई के बीच प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया। सोमवार को हत्या के छह आरोपियों के घर बुलडोजर से जमींदोज कर दिए गए। इस कार्रवाई के दौरान तहसील के प्रशासनिक अधिकारी व पीएसी पुलिस बल मौजूद रहा। यह घर ग्राम समाज की जमीन पर अवैध ढंग से बने हुए थे।

शुक्रवार की देर रात लखनऊ के महिगवां थाना क्षेत्र अंतर्गत श्रीरामपुरवा मजरे सुभाषनगर के रहने वाले मिथुन रावत (22) की नृशंस हत्या कर दी गई थी। इस मामले में पुलिस ने आठ आरोपियों को दबोचा जबकि दो अन्य की तलाश जारी है। छह आरोपियों के घर ग्राम दुर्गीपुरवा में करीब आस पास ही बने हुए हैं और सभी कच्चे घर हैं। सोमवार की दोपहर गांव में पसरा सन्नाटा जेसीबी की आवाज व पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों की आमद ने तोड़ा। इस बीच ग्रामीण भी एकत्र हो गए। बुलडोजर ने एक के बाद एक छह घर देखते ही देखते नेस्तनाबूद कर दिए। एसडीएम कार्तिकेय सिंह के निर्देश पर हुई इस कार्रवाई के दौरान नायब तहसीलदार अंकिता पांडेय, कानूनगो कैलाश बहादुर, लेखपाल सर्वेश कुमार, प्रिंस शर्मा, अरविंद वर्मा, क्षितिज तिवारी के अलावा कुर्सी थाना प्रभारी निरीक्षक कृष्णकांत सिंह, भारी पुलिस बल व पीएसी बटालियन की मौजूदगी रही।

बता दें कि रविवार को मृतक मिथुन के घर कुर्सी विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा पहुंचे। इस दौरान उन्होंने परिवार को ढांढस बंधाया व परिजनों को हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया था। यही नहीं, उन्होंने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की बात कही थी। विधायक के गांव जाने के दूसरे दिन ही बुलडोजर कार्रवाई सामने आई। चर्चा है कि गिराए गए सभी घर अवैध ढंग से ग्राम समाज की जमीन पर बने हुए थे।



आरोपियों का घर ध्वस्त करता बुलडोजर। • अमृत विचार

# 10 लोगों ने मिलकर उतारा था मौत के घाट

- पुलिस ने किया खुलासा, अब तक आठ गिरफ्तार, दो की तलाश जारी

**निन्दूरा, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** एससीएसटी एक्ट के मुकदमे में सुलह न करने की रंजिश जारी ही थी, उस पर आग में घी का काम प्रेम प्रसंग कर गया। इन्हीं दो वजहों ने मिथुन हत्याकांड की नींव रख दी। पुलिस ने दो और आरोपियों को दबोचा है, इस तरह अब तक आठ गिरफ्तार हो चुके व दो अन्य की तलाश जारी है।

पूरे घटनाक्रम में ताबीज बनाने वाले इरफान उर्फ अघोरी बाबा का नाम भी शामिल है। बताते चलें कि लखनऊ में महिगवां थाना क्षेत्र के श्रीरामपुरवा मजरे सुभाषनगर निवासी छविनाथ रावत के पुत्र मिथुन (22) हत्याकांड मामले में मां की ओर से दी गई तहरीर पर पुलिस ने गांव के इरफान उर्फ अघोरी, रिजवान, अरबाज, जावेद, अरमान व अयान के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर सभी को गिरफ्तार कर लिया है। इसी क्रम में पुलिस ने मुल्ला टोला मजरे कुर्सी निवासी मोहम्मद आमिर के अलावा एक नाबालिग को भी दबोचा। इस मामले में दो और की तलाश जारी है। कुल 10 लोगों ने मिलकर हत्याकांड को अंजाम दिया था। बता दें कि वर्ष 2019 में मिथुन के परिवार की ओर से आरोपी इरफान आदि के खिलाफ जमीन विवाद को लेकर एससीएसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कराया गया था। गिरफ्तारी होने के बाद आरोपी इस मुकदमे में सुलह का दबाव बना रहे थे पर सफल नहीं हुए। इस बीच मिथुन का आरोपियों में एक की पुत्री से प्रेम-प्रसंग हो गया। यही दोनों वजहें मिथुन की हत्या की वजह बनीं। बता दें कि इरफान उर्फ अघोरी ताबीज बनाने का काम भी करता है। उसी ने सबको उकसाकर हत्या के लिए तैयार किया। सीओ फतेहपुर जगतराम कनौजिया ने बताया कि आठ आरोपी जेल जा चुके हैं, दो अन्य की तलाश पुलिस कर रही है।



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। • अमृत विचार

## रामभक्ति और धर्म पर संतों ने दिए प्रवचन

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** बहुता धाम सम्मेलन के आठवें दिन संतों और विद्वानों ने रामभक्ति, धर्म और जीवन मूल्यों पर विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में कुरुक्षेत्र बाराबंकी के मानस मनीषी पं. रामकिंकर मिश्र ने कहा कि भगवान श्रीराम स्वयं धर्म के साक्षात स्वरूप हैं। उन्होंने मानव रूप में अवतार लेकर धर्म की रक्षा और शिक्षा दी। रायबरेली से आए मानस मर्मज्ञ पं. कृष्णकुमार मिश्र ने कहा कि रामचरितमानस में वर्णित भक्ति का सिद्धांत समतामूलक समाज के निर्माण का आधार है। अयोध्या के पं. दिनेश मिश्र 'दीनबंधु' ने कहा कि सुख-दुख और जीवन-मरण संसार के अवश्यंभावी अंग हैं। रामेश्वर प्रसाद द्विवेदी 'प्रलयंकर' ने कहा कि मानस के अंगद भारतीय आत्मबल और स्वाभिमान के प्रतीक हैं। स्वामी लालतादास जी ने कहा कि सिद्ध पुरुष की पहचान उसकी समदृष्टि और लोककल्याण की भावना से होती है।

## विदेशी मेहमानों ने समझाई अपने देश की शिक्षा प्रणाली

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** पूर्व माध्यमिक विद्यालय चौबीसी में लंदन बिजनेस कॉलेज के लखनऊ निवासी छात्र विपिन कुमार और जर्मनी के नागरिक जोशुआ हॉक ने विद्यालय पहुंचकर छात्र-छात्राओं से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने यहां की शिक्षण व्यवस्था को देखा और अपने देश की शिक्षा प्रणाली के अनुभव भी बच्चों के साथ साझा किए। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अतिथि देवो भव: की परंपरा निभाते हुए मेहमानों का गर्मजोशी से स्वागत किया। बच्चों ने विदेशी मेहमानों से उनकी शिक्षा व्यवस्था के बारे में जानकारी ली और उनसे कई सवाल भी पूछे। अपने बीच विदेशी अतिथि को पाकर छात्र-छात्राएं काफी उत्साहित नजर आए। विदेशी मेहमानों का यह भ्रमण शैक्षिक नवाचार और गुणवत्ता संवर्धन के उद्देश्य से कराया गया। इस कार्यक्रम की व्यवस्था विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक व प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष धीरेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा की गई। इस अवसर पर शैल कुमारी, हरदयाल सहित विद्यालय का स्टाफ मौजूद रहा।

## नुक्कड़ नाटक और काव्य कार्यक्रम आयोजित




कार्यक्रम के दौरान मौजूद मुख्य अतिथि व अन्य। • अमृत विचार

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर ग्राम्यांचल विधि महाविद्यालय के परिसर में विधि विद्यार्थियों द्वारा इम्पावर वूमेन इम्पावर ह्यूमेनिटी थीम पर नुक्कड़ नाटक, काव्य प्रस्तुतीकरण और निबंध लेखन कार्यक्रम आयोजित किए गए। मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेविका श्रुति अवस्थी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता आशुतोष अवस्थी, महासचिव, ग्राम्यविल सेवा समिति ने की। विधि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार तिवारी ने सभी पदाधिकारियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. नीलम मिश्रा और संचालन डॉ. देवव्रत मिश्रा ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी प्राचार्यगण और कर्मचारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने महिलाओं के सशक्तिकरण और समाज में उनके योगदान पर प्रेरक प्रस्तुति दी।

# नोडल अधिकारी ने पकड़ी बाहर की दवा

- जिला अस्पताल के निरीक्षण के दौरान खुला मामला

**बाराबंकी: अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश प्रशासन एवं प्रबंधन अकादमी की निदेशक एवं जनपद की नोडल अधिकारी नीना शर्मा ने सोमवार को जनपद के विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण की शुरुआत जिला अस्पताल के पास बेगमगंज में निर्माणाधीन 50 शैय्या क्रिटिकल केयर अस्पताल से हुई।

इसके बाद जिला अस्पताल का निरीक्षण करते हुए उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही और चिकित्सकों की मनमानी का मामला देखा। निरीक्षण के दौरान नोडल अधिकारी ने एक बीमार बच्चे के परिजनों के पास मेडिकल स्टोर से खरीदी गई दवाएं देखीं, जो बाल रोग विशेषज्ञ के कक्ष से लिखी गई थीं। उन्होंने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए दवाएं वापस करायीं। उन्होंने चिकित्सकों को निर्देश दिए कि मरीजों को केवल अस्पताल में उपलब्ध दवाएं ही दी जाएं और गरीब मरीजों को महंगी बाहरी दवाएं लिखना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने मरीजों और तीमारदारों से सुविधाओं की जानकारी ली। निरीक्षण के बाद नोडल अधिकारी ने राजकीय कार्यालय परिसर में बने ट्रांजिट हॉस्टल और नवाबगंज क्षेत्र में निर्माणाधीन कल्याण मंडप का निरीक्षण किया।



बाहर की लिखी दवाओं पर नाराजगी जताती नोडल अधिकारी नीना शर्मा।



देवा सीएचसी का निरीक्षण करतीं नोडल अधिकारी। • अमृत विचार

## पेयजल परियोजना में देरी पर जतायी नाराजगी

**देवा, बाराबंकी, अमृत विचार :** नोडल अधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कक्षों और स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। इसके बाद उन्होंने कस्तूरबा विद्यालय का निरीक्षण कहया। नोडल अधिकारी ने अमृत-2.0 योजना के तहत निर्माणाधीन पेयजल परियोजना का भी जायजा लिया। कार्य की सुस्त प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्होंने जिम्मेदार अधिकारियों को जुलाई तक कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने ओवरहेड टैंक की दूरी को लेकर भी सवाल उठाया। निरीक्षण में सीएमओ अवधेश कुमार, उपजिलाधिकारी आनंद तिवारी आदि मौजूद रहे।

गांधीनगर वार्ड के निरीक्षण के दौरान लाली ने नाली, सड़क और स्ट्रीट लाइट से जुड़ी समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने जहांगीराबाद स्थित बृहद गौ संरक्षण केंद्र (निबलेट) का भी दौरा किया। गौवंश को गुड़-चना खिलाया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने बीमार पशुओं की विशेष देखभाल के निर्देश दिए। उन्होंने बरगद का पौधा भी रोपा। इस दौरान डीएम शशांक त्रिपाठी, सीडीओ अन्ना सुदन आदि मौजूद रहे।

# आत्महत्या को उकसाने पर पति को 7 साल कैद

**अदालत से**

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** उकसाने पर पत्नी के आत्महत्या करने के प्रकरण में जिला न्यायाधीश कोर्ट ने पति को सात साल सश्रम कारावास के साथ ही 20 हजार रुपये अर्थदण्ड अदा करने की सजा सुनाई है।

थाना असंद्रा के ग्राम भेड़िया में आत्महत्या के लिए उकसाने के सम्बन्ध में पंजीकृत भादवि से सम्बन्धित अभियुक्त पति शिवराम पुत्र बिन्द्रा निवासी भेड़िया थाना असंद्रा को धारा 306 में न्यायालय जिला सत्र न्यायाधीश द्वारा दोषसिद्ध करार दिया गया।

कोर्ट ने पति शिवराम को 7 वर्ष सश्रम कारावास व अर्थदण्ड से दण्डित किया। जिला शासकीय अधिवक्ता अमित अवस्थी ने बताया कि यह घटना 15 सितंबर 2023 की है। वादी लल्लू पुत्र रामसुमिरन निवासी धनौली थाना असंद्रा ने अपने बहनोई शिवराम पुत्र बिन्द्रा निवासी भेड़िया के विरुद्ध पुलिस से शिकायत की कि पति ने उसकी बहन व अपनी पत्नी को वाद विवाद के बाद आत्महत्या के लिए उकसाया। जिससे आहत होकर बहन ने आत्महत्या कर ली। शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को पकड़ा और जेल भेज दिया। न्यायालय ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद फैसला सुरक्षित कर लिया। दोषसिद्ध होने पर शिवराम को सजा सुनाई गई। तत्कालीन विवेचक उपनिरीक्षक अभिषेक कुमार तिवारी द्वारा साक्ष्य संकलन कर वैज्ञानिक विधि से विवेचना पूर्ण कर अभियुक्त के विरुद्ध न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया गया।

## धर्म ही जीवन में उत्पन्न करता है संस्कार



कथा सुनाते कथावाचक स्वामी स्वरूपानंद महाराज। • अमृत विचार

**फतेहपुर, बाराबंकी : अमृत विचार :** ओम शिवालय परिसर रक्षाबंधन मेला मैदान में आयोजित श्री राम कथा के चौथे दिन कथावाचक स्वामी स्वरूपानंद महाराज ने श्रद्धालुओं को धर्म और संस्कारों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि धर्म ही जीवन में संस्कार उत्पन्न करता है और मानसिक तनाव, अकेलापन एवं आत्महत्या जैसी समस्याओं का समाधान केवल धार्मिक जीवन और दुख-सहन क्षमता से संभव है। कथावाचक ने बताया कि पहले लोग संयुक्त परिवार में रहते थे और माता-पिता की सेवा करते थे, लेकिन अब अकेलापन और मानसिक तनाव बढ़ गया है। उन्होंने सभी से धर्म पालन और सहनशीलता का संदेश दिया। इस अवसर पर महेश शुक्ला, राजीव नयन तिवारी, राजन तिवारी, अनिल मिश्रा, सुरेश चंद्र मिश्रा, जागृति तिवारी, मोहित तिवारी, राम लखन यादव, सरदार सतनाम सिंह, रामू तिवारी, अंकित मिश्रा, मुन्ना तिवारी, समीर तिवारी, पुनीत तिवारी सहित कई श्रद्धालु मौजूद थे।

# एएसआई की तबीयत अचानक बिगड़ी, उपचार के दौरान मौत

**बाराबंकी, अमृत विचार :** पुलिस लाइन स्थित वर्कशाप में तैनात सहायक उपनिरीक्षक की अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। वर्कशाप से उन्हे जिला अस्पताल ले जाया गया जहां उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। सोमवार को पुलिस अधिकारियों ने पार्थिव शरीर को कंधा दिया।

लखनऊ में तकरोही बाजार के रहने वाले सहायक उपनिरीक्षक रामनरेश रावत (48) बाराबंकी पुलिस लाइन स्थित वर्कशाप में बतौर प्रधान परिचालक यान्त्रिक तैनात थे। रविवार की रात करीब आठ बजे वर्कशाप में उनकी तबीयत बिगड़ गयी। सहयोगी उन्हे जिला अस्पताल लेकर गए। जहां उपचार के दौरान हृदय गति रुकने से मौत हो गई। यहां से उनका शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। सोमवार को पार्थिव शरीर श्रद्धांजलि अर्पण के लिए पुलिस लाइन स्थित शहीद स्मारक स्थल में रखा गया। जहां मौजूद मृत एएसआई की पत्नी, दो पुत्री व पुत्र विलाप करते रहे। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी विकास चंद्र त्रिपाठी, दक्षिणी रितेश सिंह आदि ने उनके पार्थिव शरीर पर पुष्पगुच्छ अर्पित कर स्टाफ समेत श्रद्धांजलि दी।



कंधा देते एएसपी। • अमृत विचार

# युवक ने फंदा लगाकर दी जान

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के लालपुरवा मजरे भवानियापुर खेवली गांव में सोमवार दोपहर एक युवक ने खेत में अमरूद के पेड़ से गमछे के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। गांव निवासी भूपेंद्र कुमार उर्फ सरल वर्मा (23) दो भाइयों में छोटे थे। सोमवार सुबह वह अपने पिता के साथ खेत में काम कर रहे थे। दोपहर करीब दो बजे परिजन भोजन के लिए घर लौट आए। इसी दौरान सरल ने खेत में इंजन बोरिंग के पास बनी कोठरी के निकट अमरूद के पेड़ में गमछे के सहारे फांसी लगा ली। कुछ देर बाद जब परिजन वापस खेत पहुंचे तो सरल का शव फंदे से लटकता देख उनके होश उड़ गए। परिजनों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# किसानों ने टोल प्लाजा का किया घेराव

**फूटा गुस्सा**

**मसौली, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** गोंडा-बहराइच रोड पर स्थित शहाबपुर टोल प्लाजा पर पहुंचे भारतीय किसान यूनियन 'टिकैत' के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने घेराव कर जोरदार धरना-प्रदर्शन किया। करीब दो घंटे तक चले प्रदर्शन के दौरान माहौल तनावपूर्ण रहा। मौके पर भारी पुलिस बल तैनात रहा। हालांकि टोल प्रबंधन और किसान नेताओं के बीच हुई वार्ता के बाद धरना स्थगित हो गया।

यूनियन के आरोप हैं कि टोल प्लाजा पर अनियमितताओं के साथ ही टोल कर्मचारियों द्वारा वाहन चालकों के साथ अभद्र व्यवहार किया जा रहा है। भाकियू के बंकी ब्लॉक अध्यक्ष रामानंद वर्मा ने एक सप्ताह पूर्व जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा था। ज्ञापन में चेतावनी दी गई थी कि कार्रवाई न होने पर 9 मार्च को टोल प्लाजा का घेराव किया जाएगा।

सोमवार सुबह ही भाकियू कार्यकर्ता शहाबपुर टोल प्लाजा पर जुटने लगे। सैकड़ों किसानों के प्रदर्शन को देखते हुए अलर्ट पुलिस प्रशासन ने भारी फोर्स तैनात कर दी। करीब दो घंटे चले धरना-प्रदर्शन के बाद क्षेत्राधिकारी रामनगर गरिमा पंत की मौजूदगी में टोल प्रबंधन और भाकियू पदाधिकारियों के बीच वार्ता हुई। वार्ता में टोल प्रबंधन की ओर से जीएम महेश मिश्रा और टोल मैनेजर अवनीश मित्रा मौजूद रहे, जबकि भाकियू की ओर से मंडल अध्यक्ष अनुपम वर्मा सहित अन्य पदाधिकारी शामिल हुए।



सीओ को ज्ञापन देते किसान नेता। • अमृत विचार

## राम-भरत मिलन प्रसंग सुन भावुक हुए श्रद्धालु

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** निस्कापुर (छुलिहा) में आयोजित भव्य रामकथा के तीसरे दिन कथा व्यास रामदेव दास रामायणी ने भगवान श्रीराम और भरत के प्रेम, त्याग और समर्पण की मार्मिक कथा सुनाकर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। कथावाचक ने रामायण के विभिन्न प्रसंगों का वर्णन करते हुए बताया कि भरत का जीवन भाईचारे, समर्पण और धर्मनिष्ठा की सर्वोच्च मिसाल है। उन्होंने कहा कि जब भरत को ज्ञात हुआ कि माता कैकेयी के कारण श्रीराम को वनवास जाना पड़ा है, तो वे गहरे दुख में डूब गए और उन्होंने राजगद्दी व ऐश्वर्य स्वीकार करने से इनकार कर दिया। इसके बाद वे प्रभु श्रीराम को वापस अयोध्या लाने के लिए वन की ओर प्रस्थान कर गए। कथा के दौरान चित्रकूट में हुए राम-भरत मिलन के मार्मिक प्रसंग का विस्तार से वर्णन किया गया, जिसे सुनकर कथा पंडाल में मौजूद श्रद्धालु भावुक हो उठे। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत, समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता अनिमेष सिंह राहुल, सुरेश चंद्र कसौंधन, लल्ला यादव, दुर्गा प्रसाद पांडेय, दीपक वर्मा, माता पल्टन, बाबा परमेंद्र विक्रम सिंह सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने कथा सुनकर धर्म लाभ प्राप्त किया।




कथा सुनाते व्यास रामदेव दास रामायणी।

**मिली सौगात** 3.25 करोड़ से बने कल्याण मंडप का राज्यमंत्री ने किया लोकार्पण और लोगों के साथ खेली फूलों की होली

# हर वर्ग के लिए उपयोगी होगा कल्याण मंडप : शर्मा

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** नगर पंचायत रामसनेहीघाट क्षेत्र के धरौली वार्ड में लगभग 3 करोड़ 25 लाख रुपये की लागत से मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना के तहत निर्मित आधुनिक कल्याण मंडप का सोमवार को समारोह के बीच लोकार्पण किया गया। क्षेत्रीय विधायक एवं खाद्य, रसद एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के राज्यमंत्री सतीश शर्मा ने पूजन-अर्चन के बाद फीता काटकर भवन का उद्घाटन कर इसे जनता को समर्पित किया।

राज्यमंत्री सतीश शर्मा के प्रयासों से इस परियोजना के लिए 3.25 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत हुई थी। दिसंबर 2022 में शुरू हुआ निर्माण कार्य अब पूर्ण होकर जनता के उपयोग के लिए तैयार हो गया है। इस मौके पर राज्यमंत्री ने कहा कि यह कल्याण मंडप समाज के हर वर्ग के लिए उपयोगी साबित होगा और अब गरीब तथा मध्यम वर्ग के लोगों को विवाह व अन्य सामाजिक कार्यक्रमों के लिए दूर-दराज स्थानों पर भटकना नहीं पड़ेगा। उन्होंने कहा कि सरकार क्षेत्र के विकास और जनता की सुविधाओं के लिए निरंतर कार्य कर रही है और आगे भी विकास कार्यों की यह गति जारी रहेगी। परिसर में पार्किंग, स्वच्छ शौचालय और शुद्ध पेयजल की सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गई हैं। लोकार्पण के बाद कार्यक्रम स्थल पर उत्सव का माहौल बन गया। राज्यमंत्री सतीश शर्मा ने सैकड़ों लोगों के साथ फूलों की होली खेली और लोगों ने उन पर फूलों की वर्षा कर स्वागत किया। होली के गीतों और जयकारों के बीच लोगों ने एक-दूसरे पर फूल बरसाकर पर्व का आनंद लिया। कार्यक्रम में नगर पंचायत रामसनेहीघाट के चेयरमैन डॉ. ज्ञान प्रकाश यादव, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश श्रीवास्तव, जिला उपाध्यक्ष पवन सिंह 'रिंकू', सभासद राम मिलन यादव, रवि सिंह, मधुकर तिवारी, दीपक वर्मा, अरविंद गुप्ता उर्फ लालजी, प्रधान राजकुमार तिवारी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।



कल्याण मंडप का लोकार्पण करते राज्यमंत्री सतीश शर्मा। • अमृत विचार

# हादसे में बिहार के युवक की मौत

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर सोमवार भोर हुए सड़क हादसे में अज्ञात ट्रक की टक्कर लगने से कार सवार बिहार निवासी युवक की मौत हो गई। वह पत्नी व वाहन चालक के साथ पटना से दिल्ली जा रहा था।

बिहार के पटना निवासी विद्यानंद वर्मा पत्नी अंजू वर्मा एवं स्कार्पियो चालक रामेंद्र के साथ निमंत्रण में शामिल होने दिल्ली जा रहे थे। बताया जा रहा कि गाड़ी के अंदर ही जलपान करने के बाद विद्यानंद ने चालक से आराम कर लेने एवं स्वयं ही गाड़ी चलाने की बात कही। इसके बाद वह चालक सीट की खिड़की खोलकर स्कार्पियो में बैठने ही जा रहे थे कि तभी पीछे से आया ट्रक टक्कर मारते हुए फरार हो गया। दुर्घटना में विद्यानन्द की मौके पर ही मौत हो गई।

## साईं मन्दिर की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न

**मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार :** ग्राम पंचायत बड़ागांव के मोहल्ला मढ़ीटोला स्थित सांई मन्दिर में सोमवार को भगवान सांई की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के साथ सम्पन्न हुई। कार्यक्रम से पूर्व सैंकड़ों भक्तों, कन्याओं और महिलाओं ने गाजे-बाजे के साथ शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा सांई मन्दिर से शुरू होकर दुर्गा मंदिर, हनुमान मंदिर, काली मंदिर होते हुए वापस मन्दिर पहुंची। विधिवत प्राण प्रतिष्ठा पंडित सर्वेश पाठक के मार्गदर्शन में यजमान उदित-नारायण और पत्नी रंजना के हाथों संपन्न हुई। इस मौके पर मास्टर सुरजन यादव, दुर्गेश, रतीभान, दर्शन, कुलदीप, जितेंद्र, अमित, मानिकचंद, रामचंद्र, भोला सिंह, नन्हा यादव, पुजारी मोहित सहित कई भक्त उपस्थित रहे और श्रद्धा भाव से पूजा में भाग लिया।

## संगोष्ठी व उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** ब्लॉक संसाधन केंद्र फतेहपुर परिसर में सोमवार को एसएमसी अध्यक्ष और सचिवों की संगोष्ठी और उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित की गई। ब्लॉक क्षेत्र के सभी गांवों के अध्यक्ष, सचिव और प्रधानाध्यापकों को संबोधित करते हुए जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अशोक कुमार सिंह ने कहा कि हमें आत्म मंथन की आवश्यकता है। हम जो भी काम कर रहे हैं ईमानदारी से करें। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष डॉ राकेश सिंह ने कहा कि इस कार्यशाला का उद्देश्य समय-समय पर हो रहे बदलावों एवं नवीन गतिविधियों से परिचय कराना होता है। खंड शिक्षा अधिकारी धर्मेंद्र प्रसाद ने कार्यशाला की उपयोगिता पर कहा कि इस कार्यशाला के माध्यम से हम प्रत्येक व्यक्ति से जुड़ते हैं, उनकी समस्याओं को समझते हैं।

न्यूज ब्रीफ

### समाजसेवी ने बीमारी से ग्रसित लोगों को दी आर्थिक मदद

**बीघापुर उन्नाव, अमृत विचार :** समाजसेवी अंकित सिंह परिहार ने हर परिस्थिति में एक समर्पित पारिवारिक सदस्य के रूप में भगवंतनगर विधानसभा श्रेत्र में सेवा करने के अपने संकल्प को पूरा करने के क्रम में गंभीर बीमारी से पीड़ित सिकंदरपुर कर्ण ब्लॉक के सराय पंसारी गांव निवासी राम सिंह पटेल के इलाज में आ रही आर्थिक दिक्कतों की सूचना पर आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाई है। साथ ही सिकंदरपुर कर्ण ब्लॉक के गांव रामपुर महाई निवासी प्रीति सिंह के ऑपरेशन के व्यय का प्रबंध कर उन्नाव के एक निजी अस्पताल से सकुशल ऑपरेशन करवाकर अपने पारिवारिक दायित्वों का निर्वहन सुनिश्चित किया है।

### संदिग्ध हालात में युवती ने लगाई फांसी

**औरास, उन्नाव, अमृत विचार :** औरास थाना क्षेत्र के इनायतपुर बर्रा गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवती ने घर के कमरे में दुपट्टे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। बताया जा रहा है कि गांव निवासी रामदुलारे की 18 वर्षीय बेटी ममता की शादी अगले माह तय थी और सगाई भी हो चुकी थी। परिजनों के अनुसार सोमवार रात फोन पर किसी बात को लेकर उसकी होने वाले ससुराल पक्ष से कहासुनी हो गई थी। इससे आहत होकर युवती ने कमरे में दुपट्टे से फांसी लगा ली। कुछ देर बाद परिजन कमरे में पहुंचे तो उसका शव फंदे से लटका देख बदहवास हो गए। परिजनों ने शव को फंदे से उतारकर पुलिस को सूचना दिए बिना ही गांव में अंतिम संस्कार कर दिया।

# महिला आयोग की उपाध्यक्ष ने सुनीं समस्याएं, दिए निस्तारण के निर्देश

## महिलाओं की सुरक्षा और उनके अधिकारों की रक्षा में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी: अपर्णा यादव

कार्यालय संवाददाता उन्नाव


अधिकारियों को निर्देशित करतीं महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव।

**अमृत विचार:** उप्र राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव ने सोमवार को जिले का दौरा किया। इसमें उन्होंने पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में जनसुनवाई कर महिला उत्पीड़न की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने व पीड़ितों को त्वरित न्याय दिलाने के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान 11 पीड़ित महिलाओं ने अपनी शिकायतें दर्ज कराईं। उपाध्यक्ष ने शिकायतों को गंभीरता से सुनकर संबंधित विभागों व कार्यालयों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण हेतु प्रेषित किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि महिलाओं की सुरक्षा व उनके अधिकारों की रक्षा में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं होगी।

उपाध्यक्ष ने जिला महिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया। वहां की व्यवस्थाएं देख उन्होंने उच्च स्तर पर साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने वन स्टॉप सेंटर निरीक्षण के दौरान 7 बच्चों को बेबी केयर किट वितरित कीं। जिला कारागार में महिला बंदी गृह का निरीक्षण कर वहां महिला बंदियों को दी जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। थाना गांव स्थित आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण कर बच्चों के पोषण व शिक्षा की स्थिति देखी। इस दौरान सफीपुर सीओ, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी व जिला सूचना अधिकारी सहित स्वास्थ्य व पुलिस विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

### लापरवाह बीएमएम की रिपोर्ट तैयार कर दो दिन में शासन को कार्रवाई के लिए भेजें :डीएम


विकास भवन सभागार में बैठक करते डीएम गौरांग राठी।

**उन्नाव :** विकास भवन सभागार में राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की प्रगति की समीक्षा करते हुए डीएम गौरांग राठी ने कार्यों में उदासीनता व लक्ष्य के सापेक्ष खराब प्रगति मिलने पर असोहा, पुरवा, हिलौली, सरोसी व बांगरमऊ के ब्लॉक मिशन प्रबंधकों को जमकर फटकार लगाई। डीएम ने सीडीओ को निर्देशित किया कि दो दिन में इन लापरवाह बीएमएम की रिपोर्ट तैयार कर शासन को कड़ी कार्रवाई हेतु पत्र भेजा जाए। समीक्षा में डीएम के संज्ञान में आया कि कई विकासखंडों में वार्षिक लक्ष्य के सापेक्ष समूहों का गठन नहीं किया गया है। निर्देश दिये कि केवल कागजों पर समूह न दिखाए जाएं। गठित समूहों की वास्तविकता की परख के लिए डीएम ने मजिस्ट्रेटियल जांच कराने के आदेश दिए। सभी खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे समूहों की बैठक बुलाकर उन्हें आवंटित राशि, बैंक बैलेंस व उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों का भौतिक सत्यापन करें। विभागीय कार्यों में सुधार न दिखने पर डीसी मनरेगा के प्रति भी नाराजगी जताई और कार्यप्रणाली सुधारने की चेतावनी दी। महिला स्वयं सहायता समूहों के गठन में धीमी प्रगति पर खंड विकास अधिकारी बांगरमऊ को कड़ी फटकार लगाई। कहा कि किसी भी स्थिति में जिले का प्रदर्शन राज्य के औसत से कम नहीं होना चाहिए। हमारा उद्देश्य अधिक से अधिक महिलाओं को समूहों से जोड़कर उन्हें वास्तव में स्वावलंबी बनाना है, न कि फर्जी आंकड़े प्रस्तुत करना। बैठक में सीडीओ कृति राज, परियोजना निदेशक तेजवंत सिंह, जिला विकास अधिकारी देव चतुर्वेदी, डीसी मनरेगा मुनीश सहित सभी संबंधित खंड विकास अधिकारी व विभागीय कर्मचारी उपस्थित रहे।

# विवेचना में फोरेंसिक साक्ष्य के महत्व की दी जानकारी

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव


पुलिस कर्मियों को फोरेंसिक के महत्व बताते डा. जीके गोस्वामी। ● अमृत विचार

- पुलिस लाइन सभागार में हुई आपराधिक कानून में फोरेंसिक की भूमिका विषय पर कार्याशाला

**अमृत विचार:** पुलिस लाइन सभागार में सोमवार को नए आपराधिक कानून में फोरेंसिक की भूमिका विषय पर एक कार्यशाला हुई। जिसमें अपर पुलिस महानिदेशक (सेवानिवृत्त) एवं यूपी स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फोरेंसिक साइंस लखनऊ के संस्थापक निदेशक डॉ. जीके गोस्वामी ने पुलिस कर्मियों को फोरेंसिक जांच के महत्व व उपयोगिता की जानकारी दी।

डॉ. गोस्वामी ने नए आपराधिक कानूनों में फोरेंसिक विज्ञान की बढ़ती भूमिका के बारे में बताया कि आधुनिक समय में अपराधों की विवेचना को अधिक वैज्ञानिक, निष्पक्ष व प्रभावी बनाने के लिए फोरेंसिक साक्ष्यों का प्रयोग जरूरी है। अब पारंपरिक साक्ष्यों के साथ वैज्ञानिक साक्ष्यों को भी प्राथमिकता दी जा रही है। जिससे अपराध की त्वरित व निष्पक्ष जांच संभव हो सके। उन्होंने पुलिस कर्मियों को घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र करने की सही विधि, साक्ष्यों की शुद्धता बनाए रखने व चेन ऑफ कस्टडी के पालन के महत्व को समझाया। कहा कि सही तरीके से संकलित फोरेंसिक साक्ष्य कोर्ट में प्रभावी प्रमाण के रूप में प्रस्तुत किए जा सकते हैं। जिससे अपराधियों को सजा दिलाने में मदद मिलती है। कार्यशाला में डिजिटल, जैविक व भौतिक साक्ष्यों के महत्व के साथ तकनीकी जांच की उपयोगिता पर भी चर्चा हुई। अंत में प्रतिभागियों के प्रश्नों का डॉ .गोस्वामी ने समाधान भी किया।

इस अवसर पर एसएसपी जय प्रकाश सिंह, एएसपी दक्षिणी प्रेमचंद, सहायक पुलिस अधीक्षक संचित शर्मा, सीओ लाइन विनी सिंह सहित विभिन्न थानों के दरोगा, आरक्षी व लाइन में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे रिक्रूट आरक्षी मौजूद रहे।

# डिजिटल मोड में होगी 2027 की जनगणना

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव


कलक्ट्रेट के पन्नालाल सभागार में हुई बैठक में मौजूद अधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** सोमवार को कलक्ट्रेट स्थित पन्नालाल सभागार में एडीएम वित्त एवं राजस्व सुशील कुमार गोंड की अध्यक्षता में हुई बैठक में जनगणना के प्रथम चरण के तहत मकान सूचीकरण व गणना कार्य के लिए कार्मिकों की उपलब्धता व अन्य तैयारियों की समीक्षा की गई। एडीएम ने बताया कि जनगणना 2027 का कार्य मुख्य रूप से दो चरणों में विभाजित किया गया है। प्रथम चरण 22 मई से 20 जून तक मकान सूचीकरण व गणना। द्वितीय चरण 9 फरवरी से 28 फरवरी 2027 तक। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि 2027 की जनगणना ऐतिहासिक होगी। क्योंकि यह पहली बार पूरी तरह से डिजिटल मोड में आयोजित होगी। एडीएम ने कहा कि इस बार डेटा की गुणवत्ता व सटीकता सर्वोपरि है। उन्होंने निर्देश दिए कि जनगणना त्रुटिरहित हो और कोई भी डाटा छूटने न पाए। इसका विशेष ध्यान रखा जाए। फील्ड ट्रेनर, सुपरवाइजर और प्रगणकों की नियुक्ति के संबंध में एडीएम ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे प्राथमिकता के आधार पर समय से कार्मिक उपलब्ध करा दें। उन्होंने चेतावनी दी कि राष्ट्रीय महत्व के इस कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# महिला ने जहरीला पदार्थ खा कर किया जान देने का प्रयास

- युवक पर लगाया दुष्कर्म के बाद ब्लैकमेल करने का आरोप

**उन्नाव, अमृत विचार:** दही थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने जहरीला पदार्थ निगलकर जान देने की कोशिश की। पीआरवी ने उसे इमरजेंसी पहुंचाया। महिला ने सदर कोतवाली क्षेत्र के एक युवक पर दुष्कर्म कर ब्लैकमेल करने का आरोप लगाया।

दही थानाक्षेत्र के गांव निवासी महिला ने सोमवार को जहरीला पदार्थ निगल लिया। सूचना पर पहुंची पीआरवी उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल की इमरजेंसी लाई। जहां उसका ईलाज जारी है। वहीं जहरीला पदार्थ निगलने के पीछे महिला ने एक युवक को जिम्मेदार ठहराया है। महिला के मुताबिक वह एक फैक्ट्री में काम करती थी। करीब 9 माह पूर्व वह मायके जा रही थी। तभी सदर कोतवाली क्षेत्र के कब्बाखेड़ा के पास फैक्ट्री का सहकर्मी युवक मिल गया। जो शहर के पूरन नगर मोहल्ला में रहता है। उसने आरोप लगाया कि युवक उसे लिफ्ट देने के बहाने बाइक में बैठा ले गया और उससे धमकाकर दुष्कर्म किया। इसके बाद उसे ब्लैकमेल कर उससे रुपए व जेवर लेता रहा। बाद में उसने महिला पर उसके पति की हत्या करने का दबाव बनाने लगा। इसी मजबूरी में उसने जहरीला पदार्थ निगल लिया।

# आज रचनाओं से मंत्रमुग्ध करेंगे कवि

शुक्लागंज उन्नाव


नमामि गंगे पार्क में हो रही कार्यक्रम की तैयारी। ● अमृत विचार

- नमामि गंगे पार्क में होगा गंगा मेला व होली मिलन समारोह, तैयारी हुई पूरी

**अमृत विचार:** होली पर्व के उपलक्ष्य में नमामि गंगे पार्क में मंगलवार को विशाल गंगामेला व होली मिलन समारोह होगा। इसमें नगर के विभिन्न सामाजिक, धार्मिक व व्यावसायिक संगठनों के लोग बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे। आयोजन में सभी धर्म व वर्ग के लोगों को आमंत्रित किया गया है। जिससे आपसी सद्भाव व भाईचारे का संदेश दिया जा सके। समारोह में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ विशाल कवि सम्मेलन भी होगा। जिसमें कई कवि अपनी रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करेंगे। इस दौरान होरियारों के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। वहीं बच्चों के मनोरंजन के लिए भी अलग से प्रबंध है।

आयोजक शिल्पी राकेश दीक्षित ने बताया कि कार्यक्रम की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। नमामि गंगे पार्क परिसर में पूरे दिन सफाई कराई गई। जिसमें नगर पालिका का सहयोग लिया गया। इसके साथ सोमवार को पंडाल लगाकर मंच तैयार किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत शाम को सद्भावना मिलन से होगी। इसके बाद शाम 5 बजे मां गंगा की महाआरती, 6 बजे श्री राधा-कृष्ण की झांकी और रात 7 बजे विशाल कवि सम्मेलन होगा। आयोजकों ने अधिक से अधिक लोगों से इसमें शामिल होने की अपील की है।

### प्रेमिका के घर पहुंचे प्रेमी ने शराब के साथ पी लिया कीटनाशक

**बांगरमऊ, उन्नाव, अमृत विचार :** एकतरफा प्यार के चलते एक आशिक अपनी प्रेमिका के घर जा पहुंचा। उसे उम्मीद थी कि उसके पहुंचते ही प्रेमिका दौड़कर उसके गले लग जाएगी। लेकिन हकीकत कुछ और निकली। प्रेमिका ने उसकी ओर देखा तक नहीं। उसकी इस बेरुखी से आहत आशिक ने शराब की बोतल में कीटनाशक की गोली डालकर प्रेमिका व उसके परिजनों के सामने पी ली। फिर क्या था कुछ ही देर में वह वहीं पर बेहोश होकर गिर गया। घबराए प्रेमिका के परिजन तुरंत उसे सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक ने हालत गंभीर देख उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। प्रेमी हरदोई जिला के थाना मल्लावां अंतर्गत गांव काजीपुर निवासी दुर्गेश पटेल पुत्र राकेश बताया जा रहा है। यह घटना गांव में चर्चा का विषय बनी है।

### इंस्पायर मानक अवार्ड के लिए सरस्वती विद्या मंदिर के तीन छात्र चयनित


छात्रों को प्रमाण पत्र देते प्रधानाचार्य श्रवण कुमार सिंह।

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार :** गोपीनाथपुरम के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के 3 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का चयन भारत सरकार की इंस्पायर मानक अवार्ड 2025-26 योजना के लिए हुआ है। चयनित छात्रों में कर्तव्य मिश्रा (कक्षा 9), अंशिका मिश्रा (कक्षा 9) व निष्ठा कौशल (कक्षा 11) शामिल हैं। इन विद्यार्थियों का चयन उनके उत्कृष्ट नवाचार और वैज्ञानिक सोच के आधार पर किया गया है। चयनित छात्रों को उनके प्रोजेक्ट के लिए प्रदेश सरकार की ओर से 10 हजार की प्रोत्साहन राशि भी दी गई है। जिससे वे अपने नवाचार को आगे विकसित कर सकें। विद्यालय में संचालित अटल टिंकरिंग लैब के ट्रेनर वैभव चौधरी ने विद्यार्थियों को समय-समय पर मार्गदर्शन देकर मॉडल तैयार करने में सहयोग दिया। इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रवण कुमार सिंह ने खुशी जताते हुए कहा कि यह पूरे विद्यालय परिवार के लिए गर्व की बात है। उन्होंने चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### दोनों पालियों में 3750 परीक्षार्थी में से 287 अनुपस्थित

**उन्नाव, अमृत विचार :** माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल व इंटर की परीक्षाएं दो पालियों में हुईं। प्रथम पाली में जिले के 29 केंद्रों में परीक्षा हुई। हाईस्कूल उर्दू में 151 परीक्षार्थियों में 143 उपस्थित व 8 अनुपस्थित रहे। इंटर उर्दू में 56 छात्रों में 51 उपस्थित व 5 अनुपस्थित रहे। इंटर कन्नड़ में दो छात्रों में एक अनुपस्थित व एक स्थानांतरित कर दिया गया। जिसने अंग्रेजी विषय ले रखा था। इस प्रकार प्रथम पाली में 209 में 195 उपस्थित व 14 छात्र अनुपस्थित रहे। द्वितीय पाली में 100 केंद्रों में हुई परीक्षा में इंटर मनोविज्ञान में 233 छात्रों में 226 उपस्थित व 7 अनुपस्थित रहे। इंटर शिक्षा शास्त्र में 3308 छात्रों में 3042 उपस्थित व 266 अनुपस्थित रहे। इससे द्वितीय पाली में 3541 में 3268 उपस्थित व 273 छात्र अनुपस्थित रहे। इस प्रकार दोनों पालियां में 3750 परीक्षार्थियों में 3463 उपस्थित व 287 अनुपस्थित रहे। सीसीटीवी कैमरा की निगरानी के चलते कोई नकलची नहीं मिला।

# रोमांचक मुकाबले में आर्य युवा दल ए जीता

शुक्लागंज उन्नाव


प्रसन्न मुद्रा में बैठी आर्य युवा दल ए की टीम। ● अमृत विचार

- रामकली स्टेडियम में आर्य युवा दल के तत्वावधान में आयोजित हुआ टी-20 क्रिकेट मैच

**अमृत विचार:** सोमवार को नगर के रामकली स्टेडियम में आर्य युवा दल द्वारा आयोजित टी-20 क्रिकेट मैच सम्पन्न हुआ। रोमांचक मुकाबले में आर्य युवा दल ए ने शानदार प्रदर्शन करते हुए आर्य युवा दल बी को हराकर जीत हासिल की।

मैच शुरू होने से पहले दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने राष्ट्रगीत वन्दे मातरम् गाकर राष्ट्रभक्ति का संदेश दिया। टॉस समारोह में विशिष्ट अतिथि विराट शुक्ला मौजूद रहे। टॉस जीतकर आर्य युवा दल ए के कप्तान जय किशन तिवारी ने पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए आर्य युवा दल बी ने 20 ओवर में 160 रन बनाए। टीम की ओर से आकाश दीक्षित ने शानदार 75 रन की पारी खेली। लक्ष्य का पीछा करते हुए ए के नारायण तिवारी (50) व संदीप दीक्षित (28) ने अच्छी शुरुआत दी। कप्तान ऋषभ श्रीवास्तव ने 18 गेंदों में नाबाद 54 रन बनाकर टीम को 12 ओवर में ही जीत दिला दी। समापन पर मुख्य अतिथि विनय मिश्रा ने विजेता टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।

# किसान का अपहरण कर बेरहमी से हत्या

संवाददाता शुक्लागंज, उन्नाव

- सिंधूपुर के पास फेंका शव, पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर शुरू की जांच

**अमृत विचार:** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के हाजीपुर चौकी अंतर्गत बसधना गांव में रविवार रात गांव में चल रही पार्टी के दौरान पुराने विवाद को लेकर दबंगों ने एक किसान समेत तीन ग्रामीणों को अगवा कर लिया। बाद में किसान की बेरहमी से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई और शव को माखी थाना क्षेत्र की सीमा पर सिंधूपुर के पास फेंक दिया गया। सोमवार सुबह शव मिलने के बाद पुलिस ने मामले में अपहरण व मारपीट का मुकदमा दर्ज किया गया है।

बसधना गांव निवासी विपिन के घर रविवार शाम एक पार्टी चल रही थी, जिसमें करीब आधा सैकड़ा लोग मौजूद थे। इस दौरान नशेबाजी भी हो रही थी। ग्रामीणों के अनुसार पार्टी के बीच विपिन ने करीब छह राउंड हवाई फायरिंग भी की। इसी दौरान गांव के मनोकांत शुक्ला (50) पुत्र स्व. शंभू दयाल, रामजी और महेंद्र से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर विपिन अपने साथी छोटू सनकी और अन्य लोगों के साथ मिलकर तीनों की जमकर पिटाई करने लगा। इसके बाद आरोपियों ने तीनों को जबरन अपने साथ अगवा कर पीडी नगर स्थित घर ले गए। वहां भी तीनों के साथ मारपीट की गई। इस दौरान रामजी और महेंद्र किसी तरह मौका पाकर जान बचाकर भाग निकले, लेकिन मनोकांत शुक्ला को आरोपियों ने बुरी तरह पीट दिया। गंभीर चोटों के कारण उसकी मौत हो गई। घटना के बाद आरोपियों ने शव को माखी थाना क्षेत्र के पास सिंधूपुर के किनारे फेंक दिया। रविवार रात मनोकांत के घर न लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की और पुलिस को भी सूचना दी, लेकिन पुलिस ने तत्काल कोई कार्रवाई नहीं की। सोमवार सुबह क्षेत्र में एक अज्ञात शव मिलने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक के भाई कमलाकांत ने शव की पहचान मनोकांत शुक्ला के रूप में की। इसके बाद परिजनों में कोहराम मच गया। पत्नी सुमन शुक्ला की तहरीर पर आरोपी विपिन और छोटू सनकी के खिलाफ अपहरण, मारपीट का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### अभियान चलाकर पालिका ने पकड़े 13 अन्ना पशु, गौशाला भेजे गए


अन्ना मवेशियों को पकड़ता पालिका का कैटल कैचिंग दस्ता।

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार :** नगर में सड़कों पर घूम रहे अन्ना पशुओं की समस्या को देखते हुए नगर पालिका की कैटल कैचिंग टीम ने सोमवार को विशेष अभियान चलाते हुए 13 अन्ना पशुओं को पकड़कर गगनीखेड़ा स्थित कान्हा गौशाला में संरक्षित कराया। यह कार्रवाई नगर पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे व ईओ मुकेश मिश्रा के निर्देश पर की गई। ईओ ने बताया कि आगे भी ऐसे अभियान जारी रहेंगे।

### शंकरपुर सराय में श्री रुद्र महायज्ञ व श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार :** शंकरपुर सराय स्थित मौनी बाबा आश्रम में 8 से 15 मार्च तक भव्य श्री रुद्र महायज्ञ व श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। इस लेकर क्षेत्र में उत्साह है और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं कलश यात्रा में शामिल हुये थे। इसके बाद सोमवार को वेदी पूजन हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत रविवार सुबह 9 बजे कलश यात्रा, गणेश पूजन व श्रीमद्भागवत कथा के शुभारंभ के साथ होगी। सोमवार को आचार्यों ने विधिविधान से वेदी पूजन व मंडप प्रवेश कराया। इसके बाद 10 मार्च को आर्यणी मंथन, 11 को कृष्ण जन्मोत्सव, 12 को माखन चोरी बाल लीला व गोवर्धन पूजन, 13 को कृष्ण रुक्मणी विवाह व 14 को सुदामा चरित्र का वर्णन किया जाएगा। 15 मार्च को पूर्णाहुति के साथ भंडारा होगा। इस आयोजन में वृंदावन धाम के आचार्य गोपाल जी द्विवेदी श्रीमद्भागवत कथा का रसपान कराएंगे। वहीं यज्ञाचार्य के रूप में अंकित शुक्ला व अरुण अवस्थी यज्ञ अनुष्ठान संपन्न कराएंगे। आयोजकों के अनुसार प्रतिदिन सुबह 8 से 11 बजे तक यज्ञ आहुति, शाम 7 से 10 बजे तक भागवत कथा और रात 10 से 11 बजे तक झांकियों का आयोजन किया जाएगा।

टी-20 वर्ल्ड कप

पूरा जिला तिरंगे के रंग में रंग गया व देर रात तक आतिशबाजी के साथ लगते रहे भारत माता के जयकारे

# भारत की जीत पर मना जश्न, विधायक ने बड़ा चौराहा पर बांटी मिठाई

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव


समर्थकों संग आतिशबाजी करते विधायक पंकज गुप्ता ।ण् ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** भारत-न्यूजीलैंड के बीच हुए टी-20 वर्ल्ड कप के रोमांचक फाइनल मुकाबले को लेकर जिले भर में उत्साह देखने को मिला। भारतीय टीम की ऐतिहासिक जीत के साथ ही पूरा जिला तिरंगे के रंग में रंग गया व देररात तक आतिशबाजी व जयकारे गूंजते रहे। मैच के सीधे प्रसारण को लेकर जिले के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर लोगों ने सामूहिक रूप से क्रिकेट देखने के लिए बड़ी स्क्रीन लगवाई थीं।

जैसे ही भारतीय टीम ने अंतिम गेंद पर जीत दर्ज की चारों ओर भारत माता की जय के नारे गूंज उठे। युवा व खेल प्रेमी हाथों में तिरंगा लेकर सड़कों पर निकल पड़े जिससे माहौल उत्सवमय हो गया। शहर के बड़ा चौराहा पर सदर विधायक पंकज गुप्ता द्वारा बड़ी स्क्रीन की व्यवस्था की गई थी। जहां सैकड़ों लोगों ने एक साथ मैच का आनंद लिया। भारत की जीत तय होते ही विधायक ने स्वयं आतिशबाजी चलाकर व उपस्थित लोगों को मिठाई खिलाकर खुशी साझा की और कहा फाइनल में भारत व न्यूजीलैंड के बीच हुआ रोमांचक मुकाबला इतिहास के पन्नों में स्वर्ण अक्षरों में दर्ज हो गया। सुरक्षा की दृष्टि से प्रमुख चौराहों पर पुलिस बल भी तैनात रहा। लेकिन जीत के जुनून के आगे भीड़ को संभालना मुश्किल नजर आ रहा था। देर रात तक सड़कों पर जीत का जश्न जारी रहा।

### भारत की जीत पर शुक्लागंज में जश्न, देररात तक गूंजी पटाखों की आवाज


भारत की जीत पर चंपापुरवा में जश्न मनाते लोग।

**शुक्लागंज, उन्नाव :** रविवार को भारत व न्यूजीलैंड के बीच हुए टी-20 विश्व कप के फाइनल मुकाबले में भारत की शानदार जीत के बाद गंगाघाट क्षेत्र में जश्न का माहौल बन गया। जैसे ही भारतीय टीम ने न्यूजीलैंड को हराया वैसे ही नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में लोग खुशी से झूम उठे। लोगों ने सड़कों पर निकलकर जमकर आतिशबाजी की और एक-दूसरे को लड्डू खिलाकर खुशी का इजहार किया। भारत के जीतते ही युवा, बच्चे व बुजुर्ग उत्साहित हो गए। युवा हाथों में तिरंगा लेकर सड़कों पर निकल आए और भारत माता की जय व वंदे मातरम् के नारे लगाते रहे। आतिशबाजी से देररात तक आसमान जगमगाता रहा। शुक्लागंज के राजमार्ग, चंपापुरवा, मिश्रा कॉलोनी, गांधी नगर, नेहरू नगर व साकेतपुरी आदि मोहल्लों में युवाओं ने पटाखे फोड़े और ढोल-ताशों की धुन पर झूमते रहे। वहीं कई युवाओं ने तिरंगा लेकर बाइक रैली भी निकाली और भारत की जीत का जोरदार जश्न मनाया। देर रात तक पूरे क्षेत्र में उत्सव का माहौल बना रहा।

न्यूज ब्रीफ

### समीक्षा बैठक कल

**हरदोई, अमृत विचार।** जिला कार्यक्रम अधिकारी रमेन्द्र कुमार सिंह ने बताया है कि जिला स्तरीय पोषण समिति की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में 11 मार्च को अपरान्ह 12 बजे स्वामी विवेकानन्द सभागर कलेक्टेट में आयोजित की गयी है।

### 13 को आएंगी महिला आयोग की सदस्य

**हरदोई, अमृत विचार।** जिला प्रोबेशन अधिकारी संजय कुमार निगम ने बताया कि राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्या एकता सिह द्वारा महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओ को त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से 13 मार्च को जनपद के पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस (निरीक्षण भवन) में प्रात: 10 बजे से महिलाओं की समस्याएं की जनसुनवाई करेगीं।

### एक्सप्रेस-वे पर डिवाइडर से टकराई कार, चालक घायल

**गंजमुरादाबाद उन्नाव, अमृत विचार।** बांगरमऊ कोतवाली अंतर्गत लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर गहर पुरवा गांव के सामने लखनऊ जा रही तेज रफ्तार कार सोमवार सुबह चालक को अचानक झपकी आने से अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। इससे कार सवार रामजीवन शाह निवासी कस्बा व थाना साहबगंज मुजफ्फरपुर गंभीर घायल हो गया। यूपीडा कर्मियों ने उसे रेस्क्यू कर बांगरमऊ सीएचसी पहुंचाया। जहां से चिकित्सक ने उसे जिला अस्पताल भेज दिया।

### 134 फील्ड टेनर्स को मिलेगा प्रशिक्षण

**हरदोई, अमृत विचार।** अपर जिलाधिकारी, वि.रा./जिला जनगणना अधिकारी प्रियंका सिंह ने बताया कि भारत की जनगणना-2027 के अर्न्तगत प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना के लिए जिलाधिकारी/प्रमुख जनगणना अधिकारी द्वारा जनपद में तैनात 134 फील्ड टेनर्स को तीन दिवसीय प्रशिक्षण 16, 17, 18, 23, 24 व 25 मार्च को प्रात: 9.30 से सायं 06 बजे तक राजकीय बालिका इण्टर कालेज में दिया जायेगा।

# गेरुआ राज में कुचले जा रहे संत : अविमुक्तेश्वरानंद

## बाबा बोधेश्वर महादेव मंदिर पहुंचे ज्योतिष पीठाधीश्वर ने कहा, अब गौमाता के लिए करेंगे धर्मयुद्ध का शंखनाद

**संवाददाता, बांगरमऊ उन्नाव,**

**अमृत विचार।** ज्योतिष पीठाधीश्वर स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने सोमवार को नगर के पश्चिमी बाईपास स्थित बाबा बोधेश्वर महादेव मंदिर में सरकार व प्रशासन पर तीखा हमला बोला। उन्होंने घोषणा की कि आगामी बुधवार को लखनऊ में विजय मुहूर्त पर गौमाता व राष्ट्रमाता के संकल्प के साथ धर्मयुद्ध का शंखनाद होगा।

शंकराचार्य ने कड़े शब्दों में कहा कि वर्तमान शासन, जो गेरुआ वस्त्रों की दुहाई देता है उसी के राज में पुलिस सनातन धर्म के प्रतीकों पर प्रहार कर रही है। आरोप लगाया कि हमारी चोटी व धर्म ध्वज को उखाड़कर पटका जा रहा है। पुलिस ब्राह्मण बटुकों व साधु-संतों को जूतों के नीचे कुचल रही है। गेरुआ कपड़ा पहनने वाला एक निर्लज्ज संन्यासी सनातन धर्म के विरुद्ध बयान दे रहा है। मैं उससे पूछता हूं तुम हिंदू हो या हिंदू धर्म के विरोधी। कहा कि आजादी के बाद से अब


स्वागत कार्यक्रम में मौजूद शंकराचार्य। अमृत विचार

तक 78 वर्ष बीत गए लेकिन किसी भी सरकार ने गौहत्या बंद करने का वादा नहीं निभाया। उन्होंने केंद्र व राज्य सरकारों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि जब गौहत्या बंद करने की मांग की जाती है तो केंद्र इसे राज्य का विषय बताता है और राज्य सरकार इसे केंद्र का मामला कहकर पल्ला झाड़ती है। उन्होंने दुख व्यक्त करते हुए कहा कि हमने गौमाता की रक्षा की उम्मीद में इस भगवा सरकार को वोट दिया था। लेकिन आज भी हमारी माता की रक्षा क्यों नहीं हो रही। अपने काफिले के साथ लखनऊ जाते हुए शंकराचार्य ने स्पष्ट किया कि उनका यह अभियान किसी राजनीतिक दल के समर्थन या विरोध में नहीं बल्कि केवल गौमाता के सम्मान के लिए है। उन्होंने ऐलान किया कि बुधवार दोपहर 2:15 बजे लखनऊ में गौमाता का ध्वज फहराया जाएगा और अधर्म के विरुद्ध निर्णायक लड़ाई शुरू होगी।

### बाबा बोधेश्वर मंदिर में किया जलाभिषेक

**बांगरमऊ, अमृत विचार।** शंकराचार्य का काफिला प्रसिद्ध बाबा बोधेश्वर मंदिर पहुंचा जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उनका स्वागत किया। शंकराचार्य पालकी के माध्यम से सीधे मंदिर के गर्भगृह पहुंचे। यहां उन्होंने मंदिर के ऐतिहासिक पंचमुखी शिवलिंग का जलाभिषेक किया और पूजन-अर्चन कर लोक कल्याण की कामना की। इस दौरान मंदिर परिसर श्रद्धालुओं की भीड़ व गौमाता व राष्ट्र माता के जयकारों से गुंजायमान रहा। इस दौरान चौधरी आशीष सिंह गोलू, चौधरी आयुष सिंह, उज्जवल सिंह, देवेश सिंह, टप्पू सिंह, मोहित सिंह, विजय गुप्ता, इशांत मिश्रा, संजीव शुक्ला, शरद अग्रवाल, चौधरी संजीव सिंह, विमल शुक्ला, आचार्य पंडित रामदेव शास्त्री, डॉक्टर मुन्ना अल्वी, ओम नारायण श्रीवास्तव, अक्कू चौधरी, राहुल शुक्ला, चौधरी राजीव सिंह व कमल आदि मौजूद रहे।


शंकराचार्य का स्वागत करते लोग। अमृत विचार

### मंदिर के पास श्रृद्धालुओं ने किया स्वागत

**सफीपुर, अमृत विचार।** बांगरमऊ जाते समय शंकराचार्य का कस्बे के शंकरी देवी मंदिर के पास समर्थकों व श्रद्धालुओं ने स्वागत किया। उन्होंने लोगों से आगामी चुनाव को लेकर सजग रहने की अपील में कहा कि सिर्फ भाइयों कहने से काम नहीं चलेगा, असली भाई वही होगा जो गौमाता की रक्षा करेगा। इस दौरान मत्स्येंद्र गौड़, सतगुरु प्रसाद मिश्रा, आशीष राठौर, दीपेंद्र ठाकुर, प्रवीण गौड़, तनय अवस्थी, देवकीनंदन सैनी, गौरी शंकर सैनी और सागर राठौर सहित अन्य मौजूद रहे।

### भीड़ का फायदा उठा जेब से पार की नकदी

**बांगरमऊ, अमृत विचार।** बाबा बोधेश्वर मंदिर परिसर में नगर के मोहल्ला कटरा निवासी गोभक्त संजीव शुक्ला की जेब भीड़ में किसी गिरहकट ने साफ कर दी। संजीव शुक्ला ने बताया कि स्वामी जी के आगमन पर वह भीड़ के साथ स्वागत में शामिल थे। तभी किसी ने उनकी जेब से 15,050 रुपये पार कर दिए। घटना का पता चलने पर उन्होंने आसपास लोगों से पूछताछ की लेकिन कोई सुराग नहीं मिला।

### दुर्घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**बेनीगंज (हरदोई)।** कोतवाली क्षेत्र के पिपरी गांव से बेनीगंज आ रहा युवक टैक्टर की टक्कर लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया था, सोमवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। बताते चलें कि प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के पिपरी गांव निवासी छोटे ने बताया कि उनका लड़का मोहित बीते शनिवार को गांव से राधाकृष्ण मैरिज लान बेनीगंज आ रहा था कि रास्ते में रामपाल कारखाना के पास सामने से आ रहे आयसर ट्रैक्टर चालक भन्नू पुत्र सुन्दरलाल पासी ने ट्रैक्टर को लापरवाही से चलाते हुए मोहित की मोटरसाइकिल मे जोरदार टक्कर मार दी जिससे मोहित गंभीर रूप से घायल हो गया, घटनास्थल पर उपस्थित लोगों ने मोहित को एम्बुलेंस से उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोथावां ले गए जहाँ डॉक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए मोहित को जिला अस्पताल रेफर कर दिया जहां इलाज के दौरान मोहित की मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।



# पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टेट से छूट देने की मांग, राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री को भेजा पत्र

**संवाददाता, हरदोई, अमृत विचार।** ब्लॉक संसाधन केंद्र हरपालपुर में आज अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ के बैनर तले शिक्षकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष सरोज सिंह भदौरिया ने की। इस दौरान अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के राष्ट्रीय सचिव आलोक मिश्रा की उपस्थिति में सैकड़ों शिक्षकों ने राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्य न्यायाधीश सर्वोच्च न्यायालय, नेता प्रतिपक्ष तथा मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को पत्र भेजकर आरटीई एक्ट 2010 लागू होने से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टीईटी की अनिवार्यता से छूट देने की मांग की।

बैठक में अटेवा के अध्यक्ष विमलेश भदौरिया, उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के संगठन मंत्री रविंद्र सिंह यादव, ब्लॉक मंत्री सुनीत तिवारी, कार्यसमिति सदस्य अवधेश यादव तथा ब्लॉक कोषाध्यक्ष अभिषेक गौतम सहित कई शिक्षक मौजूद रहे। शिक्षकों को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय सचिव आलोक मिश्रा ने कहा कि शिक्षकों के अधिकारों की रक्षा के लिए संगठन सड़क से लेकर संसद तक संघर्ष करेगा और किसी भी स्थिति में शिक्षकों के हितों से समझौता नहीं होने दिया जाएगा। इस अवसर पर आर्येंद्र मिश्र, अजय कांत, पल्लवी तिवारी, अमित कुमार, ज्ञानेन्द्र यादव, सर्वेंद्र यादव, सत्यवती, पवन कुमार, मोहन कटियार, जुगल किशोर, अरविंद कुमार, प्रदीप पाल, सौरभ यादव, अवनीश कुमार, प्रशांत यादव, रामगुनी, मनीषा, श्वेता सक्सेना समेत कई शिक्षक उपस्थित रहे।

### भ्रमण पर जाने वाले बच्चों के अभिभावकों की सहमति अवश्य ली जाये : सीडीओ

**हरदोई, अमृत विचार।** बेसिक विद्यालयों के विज्ञान प्रतियोगिता में 14 वर्ष के चयनित 50 बालक व 50 बालिकाओं को हरियावां चीनी मिल भ्रमण के संबंध में एक बैठक मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा की अध्यक्षता में स्वामी विवेकानन्द सभागार कलेक्ट्रेट में आयोजित की गयी। बैठक में सीडीओ ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से कहा कि भ्रमण के दौरान बच्चों का पूरा ख्याल रखा जाये और भ्रमण पर जाने वाले बच्चों के अभिभावकों की सहमति अवश्य ली जाये तथा बच्चों नाश्ता एवं भोजन की अच्छी व्यवस्था कराये व भ्रमण की फोटो और वीडियो ग्राफी करायें। उन्होने एआटीओ विभाग के उपस्थित अधिकारी से कहा कि बच्चों के लिए अच्छी एसी बसों की व्यवस्था करायें। बैठक में बीएसी सहित सभी एबीएसए उपस्थित रहे।

# डीएम ने सुनीं 78 लोगों की शिकायतें

**हरदोई, अमृत विचार।** कलेक्ट्रेट में जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी अनुनय झा ने आमजन की समस्याओं को सुना। जन सुनवाई मे सोमवार को कुल 78 शिकायते प्राप्त हुई, जिसके त्वरित निस्तारण के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए। जन सुनवाई में एक निराश्रित महिला पेंशन तथा 02 बच्चों को मुख्यमंत्री बालसेवा योजना का लाभ दिलाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण पूर्ण हो। जनसुनवाई मे प्राप्त कुछ शिकायतों का जिलाधिकारी ने मौके पर ही समाधान किया। इस अवसर पर अतिरिक्त मजिस्टेट पूनम भाष्कर,



शिकायतें सुनते डीएम अनुनय झा। अमृत विचार

अन्य सम्बन्धित विभाग के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहें।

इसके अलावा जिलाधिकारी ने मत्स्य एवं पशुपालन विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक की। जिलाधिकारी ने मछुआ समुदाय और पशुपालन विभाग के अंतर्गत भूमिहीन किसानों के किसान क्रेडिट कार्ड बनाने में बैंकों द्वारा की जा रही ढिलाई पर गहरी नाराजगी व्यक्त की और प्रगति को तुरंत बढ़ाने के कड़े निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने समीक्षा के दौरान पाया कि बैंक ऑफ इंडिया में 60 केसीसी आवेदन लंबित हैं, जबकि आर्यावर्त बैंक ने अब तक केवल 2 केसीसी जारी किए हैं।

# मां ने दामाद पर लगाया बेटी की हत्या का आरोप

**संवाददाता, हरदोई**

अमृत विचार Follow UP

**अमृत विचार।** प्रियंका को विदा करने की बात पर विशाल उसके घर वालों से कह कर आया था कि '....भेज दो, कल ज़िंदगी भर के लिए छोड़ दूंगा' प्रियंका की मां को अपने दामाद के वही दो बोल कांटे की तरह चुभ रहें हैं, वह हर किसी के सामने चिल्ला रही है कि दामाद ने कल होने ही नहीं दिया, उससे पहले ही उसकी बेटी की हत्या कर दी। पुलिस का कहना है कि मौत और सुसाइड नोट के हर पहलू की गहराई से छानबीन की जा रही है, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही इस बारे में आगे कुछ कहा जाएगा।


प्रियंका की फाइल फोटो।

- **पत्नी को विदा कराने ससुराल पहुंचे दामाद ने कहा था, आज भेज दो, कल ज़िंदगी भर के लिए छोड़ दूंगा'**

बताते चलें कि शनिवार को अतरौली थाने के अज़मतपुर निवासी विशाल की पत्नी प्रियंका का शव घर के अन्दर छत में पंखा के हुक में दुपट्टे से फांसी पर लटका हुआ देखा गया था, कुछ दूर पर उसकी दुधमुंही बच्ची भूख से बिलबिला रही थी। पुलिस के पहुंचने पर सुसाइट नोट सामने आया जिसमें प्यारी बिटिया का ख्याल रखने की बात करते हुए आगे लिखा था कि 'कुछ समझ में नहीं आया, और तुम कुछ नहीं करना.....' रखना।

उसी बीच पति विशाल ने पुलिस के सामने प्रियंका को मानसिक तौर पर परेशान रहना बताया था। प्रियंका की शादी पिछले साल 7 मार्च को हुई थी, उसका मायका कछौना कोतवाली के अहिरावां में था। प्रियंका की मां गीता देवी ने बताया शनिवार को प्रियंका की शादी की सालगिरह थी, उसी दिन विशाल उसे विदा कराने पहुंचा था, वह कह कर आया था कि आज भेज दो, कल से ज़िंदगी भर के लिए छोड़ दूंगा, गीता देवी ने आरोप लगाया कि विशाल बाइक और सोने की चैन मांग रहा था, उसी मांग के चलते प्रियंका की हत्या की गई। पुलिस का कहना है कि सुसाइट नोट की हर पहलू से छानबीन की जा रही है, पोस्टमार्टम रिपोर्ट और तहरीर आने के बाद ही इस बारे में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### कार ने बाइक सवार को मारी टक्कर, चालक गंभीर

**सफीपुर उन्नाव, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के जमालुद्दीनपुर गांव के एक पेट्रोल पंप के पास कार ने बाइक में टक्कर मार दी। इसमें घायल अधेड़ को सफीपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां डाक्टर ने उसे गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं ग्रामीणों ने कार का पीछा कर उसे पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। बता दें कि माखी थानाक्षेत्र के रनागढ़ी गांव निवासी वीरेंद्र (55) पुत्र रामनरेश सिंह सफीपुर से सोमवार दोपहर गांव जा रहा था। तभी जमालुद्दीनपुर गांव स्थित एक पेट्रोल पंप के पास सामने से आ रही कार ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। इसमें वीरेंद्र घायल हो गया। सूचना पर उसे एंबुलेंस से सफीपुर सीएचसी भेजा गया। जहां डाक्टर ने उसे गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं घटना के बाद भाग रही कार को ग्रामीणों ने पीछा कर कब्जे में लेकर पुलिस के हवाले कर दिया।

# छह पर दहेज हत्या का केस दर्ज

**संवाददाता अतरौली, हरदोई**

**अमृत विचार।** अतरौली थाना क्षेत्र के ग्राम अजमत पुर में रविवार को घर में महिला का शव लटका मिलने के मामले में महिला के भाई ने दहेज के लिए हत्या कर शव लटकाये जाने का आरोप लगाते हुए पति सहित छः ससुराली जनों पर दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है। जिसकी विवेचना सीओ सण्डीला करेंगे। दर्ज रिपोर्ट में थाना कछौना के ग्राम अहिरांवा निवासी महिला के भाई अंकित ने कहा है कि बहिन प्रियंका की शादी एक वर्ष पहले अतरौली थाना क्षेत्र के ग्राम अजमत पुर मजरा बहेरिया निवासी विशाल के साथ यथा शक्ति दहेज देकर कुल रीति से किया था। उतने दहेज से विशाल और ससुराली जन खुश नहीं थे। अतिरिक्त दहेज में डेढ़ लाख रुपये नगद और अपाचे गाड़ी की मांग करते हुए ससुराली जन प्रियंका को प्रताणित करते थे। मांग पूरी करवाने को कहा रहे थे। प्रियंका कह रही थी कि बीमारी में मेरे पिता की मृत्यु हो गयी है, पैसा भी बीमारी में लग गया है, मांग पूरी नहीं हो पायेगी। अंकित का आरोप है कि रविवार को पति विशाल, ससुर मिश्रीलाल, सास मुन्नीदेवी, ननद दीक्षा, ननद कंचन, ननदोई विष्णू ने मिलकर बहिन प्रियंका की दहेज के लिए हत्या कर शव घर में फांसी पर लटका दिया है। शव लटका कर ससुराली जन घर छोड़कर भाग गये। हम लोगों को सूचना तक नहीं दिया। गांव वालों से खबर पाकर हम लोग आये। इंस्पेक्टर सतीश चन्द्र ने बताया कि मामले में तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है विवेचना क्षेत्राधिकारी करेंगे।

# इंस्पायर मानक अवार्ड के लिए आरएस कॉलेज के तीन मेधावी विद्यार्थी चयनित

**बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार।** संडीला रोड स्थित आरएस इंटर कॉलेज के 3 विद्यार्थी आईडियाज सत्र 2025-2026 के इंस्पायर मानक अवार्ड के लिए चयनित हुए हैं। चयनित बच्चों में कक्षा 9 के छात्र आयुष पटेल का मॉडल हाइब्रिड एक्वा हार्वेस्टिंग टाइल्स, कक्षा 10 की छात्रा रुचिका गुप्ता का मॉडल इंटेलिजेंट बिज़नेस डोर मैट व कक्षा 11 की छात्रा आख्या का मॉडल एन्टी बैक्टीरियल हील क्लीनर एवार्ड के लिए चयनित किये गए हैं। बच्चों को अब अपना मॉडल जिला स्तरीय इंस्पायर अवार्ड के लिए प्रस्तुत करने का अवसर मिलेगा। प्रबंधक रिज़वान अहमद ने बच्चों की सफलता पर उन्हे बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।


चयनित छात्र आयुष पटेल, छात्रा रुचिका गुप्ता व छात्रा आख्या।

### गौशाला के पीछे लटका मिला अधेड़ का शव

**परियर उन्नाव, अमृत विचार।** सफीपुर कोतवाली अंतर्गत परियर चौकी क्षेत्र के मरौंदा सूचित गांव निवासी राजेंद्र पाल (55) खेती करता था। सोमवार सुबह वह घर से बाजार जाने की बात कह कर निकला था। लेकिन वापस नहीं लौटा। दोपहर में उसका शव कोतवाली क्षेत्र के जमालनगर गैर एहतमाली गांव की गोशाला के पीछे बाग में लगे आम के पेड़ पर रस्सी के फंदे से लटका मिला। यह देख वहां भीड़ एकत्र हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच कर शव नीचे उतरवाया।

# ट्रक की टक्कर से साइकिल सवार वृद्ध की गई जान

**उन्नाव, अमृत विचार।** दही-पुरवा मार्ग पर तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से साइकिल सवार वृद्ध की मौत हो गई। इसके बाद ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंपा है।

पुरवा कोतवाली क्षेत्र के तौरा गांव के मोहल्ला गांधी नगर निवासी जगरूप (70) पुत्र सुरजू मजदूरी करता था। बीती रात वह साइकिल से बिछिया सीएचसी जा रहा था। तभी सीएचसी से पहले पुरवा कोतवाली अंतर्गत गंदा नाला के पास तेज रफ्तार ट्रक ने उसकी साइकिल में टक्कर मार दी। इसमें वह गंभीर घायल हो गया। वहीं टक्कर मारने के बाद ट्रक भी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। इस पर चालक ट्रक छोड़कर भाग निकला। लोगों ने घायल वृद्ध को बिछिया सीएचसी पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंचे परिजनों में कोहराम मच गया।

### हादसे में बाइक चला रही युवती की मौत



**उन्नाव, अमृत विचार।** अचलगंज थानाक्षेत्र के उन्नाव-लालगंज हाईवे पर मुगलपुर गांव के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक चला रही युवती की मौत हो गई। उसके पास मिले मोबाइल से पुलिस ने उसकी पहचान कराकर शव मोर्चरी भेजा है। पुरवा कोतवाली क्षेत्र के वजीरगंज निवासी ज्योति (22) पुत्री बुद्धु 9 बजे सुबह घर से बाइक लेकर निकली थी। करीब 11 बजे उन्नाव-लालगंज हाईवे पर अचलगंज थानाक्षेत्र के मुगलपुर गांव के पास वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। इसमें उसकी मौत हो गई। परिजनों के मुताबिक ज्योति बिना बताए निकली थी। वह जो बाइक चला रही थी वह माखी थानाक्षेत्र के यासीन के नाम पर पंजीकृत है। बेटी की मौत से परिजनों को रो-रोकर बुरा हाल है। एसओ ब्रजेश शुक्ला ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

आयोजन — स्वयं सेवकों ने रैली निकालकर किया जागरूक

# ग्रामीणों को दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**बांगरमऊ उन्नाव**

**अमृत विचार।** रसूलपुर रूरी स्थित श्री विश्वंभर दयालु त्रिपाठी राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना एलएसएस इकाई शक्ति के 7 दिवसीय शिविर के तीसरे दिन स्वयं सेवकों ने गांव मटुकरी में जागरूकता रैली निकालकर पर्यावरण व जल संरक्षण का अलख जगाया।

प्रधान आईआर साहिल ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। स्वयं सेवकों ने प्लास्टिक हटाओ, पर्यावरण बचाओ व स्वच्छ धरती-स्वस्थ जीवन जैसे नारों के साथ ग्रामीणों को जागरूक किया। रैली में राहगीरों व ग्रामीणों को प्लास्टिक के खतरों के बारे में बताया गया और उन्हें कपड़े या जूट के थैलों का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। अंत में ग्राम प्रधान व महाविद्यालय के कार्यक्रम संयोजक अमित प्रजापति ने स्वयं सेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि प्लास्टिक मुक्त गांव व जल संरक्षण आज के समय की सबसे बड़ी जरूरत है। डॉ. नलिन कुमार सिंह, डॉ. रजनीश कुमार व विनीत कुमार ने भी पर्यावरण की रक्षा के लिए सभी को संकल्पित कराया। रैली ग्राम मटुकरी के विभिन्न मोहल्लों व आसपास के क्षेत्रों से होते हुए प्राथमिक विद्यालय में संपन्न हुई। इस अवसर पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी, महाविद्यालय के शिक्षकगण और स्वयंसेवक उपस्थित रहे। जिन्होंने समाज को स्वच्छ और हरा-भरा बनाने की शपथ ली।



रैली निकालते स्वयं सेवक व ग्रामीण।

### सीएचसी से ईएमटी की बाइक चोरी, दी तहरीर

**बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार।** सीएचसी परिसर में खड़ी ईएमटी की बाइक अज्ञात चोर उठा ले गए। जानकारी होने पर पीड़ित ने घटना की तहरीर पुलिस को दी है। हरदोई जिला के गांव तिलक पुरवा निवासी आशीष पुत्र राजकुमार सीएचसी बांगरमऊ से संबद्ध 102 एंबुलेंस पर ईएमटी के पद पर तैनात है। रविवार दोपहर उसने अपनी बाइक अस्पताल परिसर में खड़ी कर दी। जहां से अज्ञात चोर बाइक उठा ले गए। जानकारी होने पर आशीष ने घटना की तहरीर पुलिस को दी है। खास बात यह है कि सीएचसी में आने वाले वाहनों की सुरक्षा हेतु कई गार्ड ड्यूटी पर रहते हैं। बावजूद इसके सीएचसी से लगातार बाइकें चोरी हो रही हैं।

# गायत्री शक्तिपीठ में 4 बटुकों का हुआ जनेऊ

**कार्यालय संवाददाता, उन्नाव**

**अमृत विचार:** शहर के कॉलेज रोड स्थित गायत्री शक्तिपीठ धाम में सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार समारोह आयोजित हुआ। इसमें वैदिक रीति-रिवाज व मंत्रोच्चार के बीच चार बटुकों ने जनेऊ धारण कर अनुशासित जीवन जीने का संकल्प लिया। शुभारंभ महिला मंडल प्रमुख रानी त्रिपाठी, निकतमा शुक्ला व मालती सिंह ने सामूहिक गायत्री मंत्र जप के साथ किया। श्रद्धालुओं ने विश्व शांति की कामना कर यज्ञ भगवान को आहुतियां दीं।

गायत्री परिवार के वरिष्ठ परिव्राजक पं. चंद्रकिशोर द्विवेदी व अशोक दीक्षित ने विधि-विधान से पूजन कराया और अर्थ पांडेय, नारायण बाजपेई, आशु शुक्ला व मयंक तिवारी को यज्ञोपवीत धारण कराया। शक्तिपीठ के व्यवस्थापक सिद्धनाथ श्रीवास्तव ने बटुकों व उपस्थित लोगों से कहा कि शिखा व सूत्र केवल हिंदू धर्म की पहचान मात्र नहीं हैं बल्कि यह एक मर्यादित और अनुशासित जीवन जीने का दृढ़ संकल्प है। इस दौरान प्रेमलता, प्रतिमा मिश्रा, साधना सिंह, रामनरेश सिंह, सुशील, स्वाति, शिव देवी गुप्ता, सुनीता त्रिपाठी, अशोक राय, अजय शुक्ला, मीरा सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।


गायत्री शक्तिपीठ में होता हवन। ● अमृत विचार

- **गायत्री शक्तिपीठ धाम पर हुआ सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार**

**मुकद्दस रमज़ान**



- 20वां रोज़ा–
  - अफ्तार–मंगलवार 6 :15 बजे
- 21वां रोज़ा–
  - सहरी–बुधवार 5 :06 बजे।

## न्यूज ब्रीफ

### मारपीट व गाली गलौज का आरोप

**मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार।** ग्राम मोहब्बतपुर निवासी शिवम ने कोतवाली में प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि रविवार की रात अपनी बाइक से खेत से घर आ रहा था। मंदिर के नीचे मधुर, पुनीत, कौशल बीच गली में जानवर बांध देते हैं, जिससे आने जाने वाले लोगों को दिक्कत होती है। गली में जानवर बंधे हुए थे बाइक का हॉर्न बजाया तो नशे में धुत मधुर, बाहर निकल कर गालियां देने लगे, मना किया तो मारापीटा।

### प्रतिभागी महिलाओं को बांटे प्रमाण पत्र

**टड़ियावां, हरदोई, अमृत विचार।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर क्षेत्र की ग्राम पंचायत थोकखाला में प्रधान त्रियुगीनारायण के आवास पर ब्लॉक प्रमुख रवि प्रकाश ने मातृ साक्षरता कार्यक्रम में 90 दिवसीय प्रशिक्षण सफलता पूर्वक हासिल करने वाली करीब 30 महिलाओं को प्रमाण पत्र देकर उन्हें सम्मानित किया। ब्लॉक प्रमुख श्री प्रकाश ने कहा कि देश व प्रदेश की सरकार नारी शक्ति के सम्मान और सामर्थ्य को समर्पित है। कहा कि महिलाएं समाज की रीढ़ है।

# असली और नकली हिंदुओं के बीच होगा धर्म युद्ध : अविमुक्तेश्वरानंद

## शंकराचार्य बोले- गाय को राष्ट्रमाता का दर्जा दिलाने के लिए होगा संघर्ष

**संवाददाता, माधौगंज, हरदोई,**

**अमृत विचार।** देश में गायों की संख्या लगातार घट रही है। गौ मांस बिक्री से जुड़ी कंपनियां इलेक्ट्रोरल ब्रांड के जरिये राजनैतिक दलों को चंदा दे रही हैं। यह बात शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने माधौगंज में सोमवार को कही। उन्होंने कहा कि गाय को राष्टमाता का दर्जा न मिलने पर 11 मार्च के बाद एक बड़ा धर्म युद्ध आयोजित किया जाएगा।

गो प्रतिष्ठा धर्म युद्ध शंखनाद अभियान पर निकले शंकराचार्य ने कहा कि हरदोई जिला हिरण्याकश्यप की राजधानी है। हिरण्याकश्यप भी भगवान का नाम लेने वालों को सताता था और आजकल भी सनातन धर्म के लोगों पर अत्याचार किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह हमेशा धर्म का कार्य करेंगे। उन्हें राजनीति की जरूरत नहीं है। गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा दिलाने के लिए जो भी उनका साथ देगा वह उसका समर्थन करेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार में बैठे लोग पहले गलत आरोप लगाकर लोगों को फंसाते हैं, उनकी सरकार गिराते हैं जिसका उदाहरण दिल्ली में केजरीवाल हैं। केजरीवाल पर झूठे आरोप लगाकर उनकी व उनकी पार्टी की छवि गिराई गई क्या वह अब सुधर पाएगी। उन्होंने कहा कि भारत को किसी के सामने झुकने की जरूरत नहीं है। देश को आत्म सम्मान के साथ अपनी नीतियां खुद तय करनी चाहिए, न कि किसी के सामने जी हूजूरी की जाए। उन्होंने कहा कि गाय को राष्ट्रमाता घोषित न करने पर एक धर्म युद्ध शुरू किया जाएगा। यह धर्म युद्ध असली और नकली हिंदुओं के बीच वैचारिक मतभेद का संघर्ष होगा। इस युद्ध में कोई शस्त्र नहीं चलेगा। यह विचारों का युद्ध होगा।



कार्यक्रम में बोलते अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती। अमृत विचार

### जगह-जगह हुआ शंकराचार्य का स्वागत

**हरदोई, अमृत विचार।** शंकराचार्य का जगह–जगह स्वागत किया गया। मल्लावां, माधौगंज, बघौली सभी जगहों पर श्रद्धालुओं ने शंकराचार्य के ऊपर पुष्प वर्षा कर उनका आशीर्वाद लिया। मल्लावां संवाददाता के अनुसार गौमाता संरक्षण संकल्प यात्रा के अंतर्गत कस्बे में पहुंचने पर शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज का सपा नेता बृजेश वर्मा उर्फ टिल्लू भैया ने फूल मालाओं से अपने कार्यालय पर स्वागत किया। उन्होंने अपने वाहन से बाहर निकल कर स्वयं पुष्पों की वर्षा कर लोगों को आशीर्वाद दिया और माधौगंज के लिए रवाना हो गए।

### शंकराचार्य के कार्यक्रम से दूर रहे भाजपाई

शंकराचार्य के कार्यक्रमों में भाजपाइयों ने दूरी बनाई। कार्यक्रम में सपा व कांग्रेस के लोग शामिल रहे। एक प्रश्न के उत्तर में शंकराचार्य ने कहा कि अगर भाजपा वाले आते तो उनको रोक नहीं देते जो श्रद्धा से आएगा उसका स्वागत किया जाएगा।

### सभी की मां हैं सम्मानित : शंकराचार्य

हरदोई। माधौगंज में प्रेसवार्ता के दौरान जब पत्रकारों ने एक मौलाना की ओर से योगी आदित्यनाथ की मां को लेकर की गई टिप्पणी के बारे में प्रश्न किया तो उन्होंने कहा कि किसी भी धर्म या संप्रदाय में किसी की भी मां के बारे में अपमानजनक टिप्पणी करने का कोई अधिकार नहीं। उन्होंने कहा कि योगी आदित्यनाथ की मां भी उनकी मां के समान हैं और सभी की मां एक समान होती है। किसी की भी मां का असम्मान करना बेहद निंदनीय है।

### चोटी खींचने के बाद बटुकों के सपा ने ही लगाया मरहम

हरदोई। शंकराचार्य ने एक प्रश्न के जवाब में कहा कि पहले सपा को नमाजवादी पार्टी कहा जाता था। मुलायम को मुल्ला मुलायम कहा जाता था, लेकिन जब बटुकों की चोटी खींची गई उनका अपमान किया गया तो मरहम लगाने सबसे पहले यही आए।

शंकराचार्य का माधौगंज में भव्य स्वागत किया गया, जिसके बाद तुलसी आश्रम बघौली में आयोजित कार्यक्रम में भी उन्होंने भाग लिया। शंकराचार्य के स्वागत में जगह-जगह श्रद्धालु मौजूद रहे।

# भारतीय टीम की जीत पर जश्न



सिनेमा चौराहे पर तिरंगा झंडा लहरा कर खुशी मनाते क्रिकेट प्रेमी।

**हरदोई, अमृत विचार।** आईसीसी 20-20 वर्ल्डकप के अहम मुकाबले फाइनल में भारतीय टीम ने न्यूज़ीलैंड को 96 रनों से हराकर हर हिंदुस्तानी क़े चेहरे पर ख़ुशी ला दी। हर खिलाड़ी ने शानदार खेल खेला। भारतीय टीम को जीत दिलाने की खबर सुनते ही शहर क़े तमाम क्रिकेट प्रेमी रात क़े अंधेरे में तिरंगा हाथ में लेकर मिठाई और आतिशबाजी क़े साथ जश्न मनाते नजर आए।

इस मौके पर प्रियम मिश्रा अपने साथियों क़े साथ तिरंगा लेकर सिनेमा चौराहे पर जश्न मनाते व भारत माता क़े जयकारे क़े साथ ख़ुशी मनाई। उन्होंने कहा फाइनल का उत्साह ही अलग होता है जीत हमेशा शानदार होती है। इस दौरान सलिल मिश्रा, विंसी सरदार, अंकित अवस्थी, अभिषेक श्रीवास्तव, अंकित पाण्डेय, रजत श्रीवास्तव, गोल्डी गुप्ता, अनिकेत, पंकज सिंह, मनोज मिश्रा, राजीव मिश्रा, गौरांग मिश्रा, मनु अवस्थी, भरत त्रिपाठी, सिद्धार्थ गुप्ता, संदीप गुप्ता, हरी दीक्षित व अनमोल सेठ आदि लोग मौजूद रहे।

माधौगंज संवाददाता के अनुसार भारतीय क्रिकेट टीम ने न्यूजीलैंड को टी-20 विश्व कप के फाइनल में पराजित करने पर कस्बे में क्रिकेट प्रेमियों ने भांगड़ा ढोल पर डांस कर जमकर आतिशबाजी की।

कस्बे के अन्नपूर्णा नगर में शिवलिया मंदिर पर टी-20 विश्व कप के फाइनल में भारत का मुकाबला न्यूजीलैंड से देखने के लिये क्रिकेट प्रेमियों ने बड़ी टीवी लगाकर पूरा लुफ्त उठाया। न्यूजीलैंड टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का फैसला लिया। देखते ही देखते भारत के उपन्यास संजू सैमसंग व अभिषेक शर्मा की अतिशी बल्लेबाजी पर लोग भारत माता की जय, वन्देमातरम के नारे लगा कर डांस करने लगे। देर रात तक चले मुकाबले में भारत के तीसरी बार टी-20 में विश्व विजेता बनने पर सभी लोग एक दूसरे से गले लग कर बधाई दीं ।

### पूर्व सैनिकों ने मनाया होली मिलन समारोह

**हरदोई, अमृत विचार।** पूर्व सैनिक वेलफेयर फाउंडेशन ने सोमवार को होली मिलन समारोह का आयोजन जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में बडे.धूमधाम से मनाया। संगठन के जिलाध्यक्ष अशोक कुमार अग्निहोत्री ने कहा कि होली जैसे पर्व पर आपसी प्रेम और सद्भाव को बढ़ावा मिलता है। इस अवसर पर जिला सैनिक कल्याण अधिकारी सहित जनपद के तमाम पूर्व सैनिक मौजूद रहे ।



समारोह में बोलते पूर्व सैनिक वेलफेयर फाउंडेशन के लोग।

# होली प्रेम-सौहार्द का परिचायक

**संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई**

**अमृत विचार।** मोहल्ला दिलेरगंज स्थित मांकात्यायनी शक्तिपीठ पर रंग पंचमी के उत्सव पर प्रदेश सरकार की उच्च शिक्षा राज्यमंत्री ने साधू संतों के मध्य फूलों की होली खेलकर शांति का सन्देश दिया। रंग पंचमी के शुभ अवसर पर मां कात्यायनी शक्तिपीठ दिलेरगंज में ऋणमुक्तेश्वर महाराज का गौ दुग्ध से महाभिषेक किया तथा साधू संतों के सानिध्य में उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी ने भक्तबंधुओं के बीच फूलों की होली खेलकर शांति का सन्देश दिया। इस अवसर पर राज्यमंत्री ने कहा कि होली आपसी प्रेम और सौहार्द का परिचयाक है।

इस अवसर पर सभी को आपसी भेदभाव और द्वेष भावना को भुलाकर एक दूसरे को गले लगाकर गिले शिकवे मिटा लेने चाहिए। रंग पंचमी के मौके पर साधू संतों का सानिध्य प्राप्त हुआ। यह उनके लिए गौरव की बात है। पीठाधीश्वर आत्मानंद गिरी महाराज ने कहा कि हर वर्ष शक्तिपीठ पर रंग पंचमी पर राधा कृष्ण की सुंदर झंकियों के साथ फूलों की होली खेली जाती है। इस अवसर पर वृंदावन से पधारे स्वामी सत्यानंद गिरि, पीठाधीश्वर स्वामी आत्मानंद गिरि, आचार्य पवन मिश्रा, अंकित मिश्रा, आचार्य रमेश चंद शुक्ला, सोमेंद्र मिश्रा, पंकज रस्तोगी, सुभाष रस्तोगी, देश दीपक रस्तोगी, अंकित परमार, पीयूष गुप्ता, नीतीश कश्यप, सत्यम् कश्यप आदि भक्त उपस्थित रहे।



होली खेलने के बाद राधा कृष्ण के साथ उच्च शिक्षा मंत्री रजनी तिवारी।

- **कात्यायनी शक्तिपीठ पर खेली गई फूलों की होली**

### रोजगार मेले का आयोजन 14 को

**हरदोई, अमृत विचार।** जिला सेवायोजन अधिकारी रामवीर सिंह ने बताया कि बेरोजगार अभ्यर्थियों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए जिला सेवायोजन कार्यालय द्वारा डा. राम मनोहर लोहिया महाविद्यालय, अल्लीपुर में 14 मार्च को एक दिवसीय वृहद रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें विभिन्न क्षेत्र की 50 कम्पनियों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा। मेले के सफल आयोजन हेतु उ. प्र. रोजगार मिशन की जिला कार्यकारी समिति की बैठक, मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में स्वर्ण जयन्ती सभागार में सम्पन्न हुई। जिसमें उपायुक्त, जिला उद्योग केन्द्र को जनपद की प्रमुख कम्पनियों को उक्त रोजगार मेले में प्रतिभाग कराने हेतु निर्देशित किया गया।

# वार्षिकोत्सव में प्रतिभावान बच्चे सम्मानित

**संवाददाता, अतरौली, हरदोई**

**अमृत विचार।** सोमवार को विकास खंड भरावनें के उच्चतर प्राथमिक विद्यालय छावन में द्वितीय वार्षिकोत्सव मनाया गया, जिसमे प्रतिभावान छात्रों को सम्मानित किया गया। विद्यालय के अध्यापक लवलेश तिवारी ने बताया कि मुख्य अतिथि संजीव पाण्डेय ब्लॉक अध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ व मुनेन्द्र सिंह एसएमसी अध्यक्ष रहे। विभिन्न कक्षाओं के छात्र, छात्राओं नें संस्कृतिक कार्यक्रम के साथ प्रतिभाग किया, जिसमें सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, गुरुओं के लिए गीत, नृत्य के विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुति में काजल, प्रीति, रितेश, येशु, पूर्णिमा, अंशिका, आकांक्षा, अंशी, गायत्री, सिमरन, सुषमा सहित कई बच्चों नें प्रतिभाग किया।




वार्षिकोत्सव में शील्ड के साथ सम्मानित छात्र। अमृत विचार

- **उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के वार्षिकोत्सव में हुए कार्यक्रम में बच्चों ने दिखाया हुनर**

होली पर्व पर विशेष प्रस्तुति होली खेल रहे बांके बिहारी पर बच्चों ने मनमोहित किया। मुख्य अतिथि संजीव पाण्डेय ने बताया ग्रामीण स्कूलों में समय समय पर विभिन्न कार्यक्रमों से प्रतिभावान बच्चों को निखारना और उन्हें एक उच्च स्तर के प्लेटफॉर्म पर ले जाना हम सभी शिक्षकों की नैतिक जिम्मेदारी है। अध्यापिका रचना मिश्र ने बताया नेहा, दीपक, निक्की, अपराजिता, बुद्धि को विद्यालय में अनुशासन और पर्यावरण में सहभागिता बढ़ चढ़ कर लेने वाले बच्चों को शील्ड देकर सम्मानित किया गया। वार्षिकोत्सव में अध्यापक हर्षित खरे पीएस रामपुर, सुमन लता रुकसार पीएस छावन, सत्येंद्र सिंह पीएस रैकवार कटियार, विमल अवस्थी कोटेदार व उच्चतर प्राथमिक विद्यालय के अध्यापक सैलजा, राकेश, रचना मिश्र दीप माला पाण्डेय सहित कई लोग मौजूद रहे।

# सड़क किनारे रखे कूड़ेदान में पड़े मिले आधार कार्ड

**संवाददाता, बिलग्राम, हरदोई**

**अमृत विचार।** नगर के सुभाष पार्क के पास नगर पालिका की बाउंड्री वॉल के पीछे सड़क किनारे रखे कूड़ेदान में काफी संख्या में आधार कार्ड पड़े मिले। बताया जा रहा है कि यह कूड़ेदान एचसीएल फाउंडेशन की ओर से नगर में रखा गया है। आधार कार्ड जैसे महत्वपूर्ण दस्तावेजों का कूड़ेदान में मिलना लोगों के लिए हैरानी और चिंता का विषय बन गया। सुबह टहलने और आसपास से गुजरने वाले लोगों की नजर जब इन आधार कार्डों पर पड़ी तो मौके पर भीड़ लग गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि आधार कार्ड डाक विभाग के माध्यम से संबंधित व्यक्तियों के पते पर पहुंचाए जाते हैं, लेकिन इस तरह कूड़ेदान में मिलना डाक व्यवस्था की गंभीर लापरवाही की ओर इशारा करता है। लोगों ने आशंका जताई कि जिन लोगों के आधार कार्ड यहां पड़े हैं, वे अब तक अपने महत्वपूर्ण दस्तावेज से वंचित होंगे। वहीं इस घटना के सामने आने के बाद डाक विभाग की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े होने लगे हैं। स्थानीय नागरिकों ने मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी लापरवाही न हो।

# महिला दिवस पर नेत्रदान का लिया संकल्प

**संवाददाता, हरदोई**

**अमृत विचार।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर इनर व्हील क्लब ऑफ ने महिला दिवस को एक प्रेरणादायक रूप देते हुए नेत्रदान संकल्प कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर क्लब की कई सदस्याओं ने नेत्रदान का संकल्प लिया।

समाजसेवी डॉ. सुरेश अग्निहोत्री एवं नेत्र सर्जन डॉ. रमेश अग्रवाल ने नेत्रदान के महत्व और प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा लोगों को इस पुनीत कार्य के लिए प्रेरित किया। नेत्रदान का संकल्प लेने वाली सदस्याओं में पारुल तिवारी, इंदु शुक्ला, विभा सिंह, अनीता मिश्रा, एडवोकेट हरप्रीत कौर, पूनम त्रिवेदी, रेनू शुक्ला और गीता त्रिवेदी प्रमुख रहीं। इन सभी को क्लब द्वारा सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त सोहिनी दीक्षित, रीना गुप्ता, उमा पाठक, साधना पाठक, कामना पांडे और शिल्पी पांडे ने भी संकल्प पत्र भरे। क्लब प्रेसिडेंट पारुल तिवारी ने कहा कि महिलाएं आज हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं, ऐसे में नेत्रदान जैसे महान कार्य में भी उन्हें बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि एक व्यक्ति मरणोपरांत दो लोगों के जीवन में रोशनी ला सकता है।

इस अवसर पर चार्टर प्रेसिडेंट चित्रा बाजपेयी, सीजीआर अनुराधा मिश्रा, वाइस प्रेसिडेंट इंदु शुक्ला, कोषाध्यक्ष प्रीति तिवारी, शिल्पी रस्तोगी, सीमा गोड़, मंजू वर्मा, निरमा देवी, नीलम सिंह, सोहिनी दीक्षित, अंजू पांडे सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहीं।



नेत्र करने के संकल्प पत्र के साथ महिलाएं। अमृत विचार

# लूट व हत्या के मामले में दो आरोपियों को मिली उम्रकैद

**संवाददाता, हरदोई**

**अमृत विचार।** अपर सत्र न्यायाधीश कुसुम लता ने लूटपाट के साथ हत्या के मामले में दो लोगों को जुर्म साबित होने पर उम्र कैद की सजा सुनाई है। दोनों पर 16-16 हजार का जुर्माना भी लगाया है।

शासकीय अधिवक्ता मानवेंद्र सिंह ने बताया कि वादी मुकदमा प्रभादेवी ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए कहा कि 28 जुलाई 2016 को उसके पति रंजीत जिनकी गौसगंज में सराफा की दुकान है। दुकान बंद करके करीब 6:30 बजे मोपेड से घर आ रहे थे। इनके साथ बैग में दुकान की ज्वैलरी थी। रास्ते में जेपी इंटर कॉलेज के पास बाइक सवार तीन व्यक्तियों ने उसके पति से बैग लूट लिया और विरोध करने पर पेट के पास गोली मार दी। मामले में राजेंद्र लोध निवासी अमीर खेड़ा, थाना बीघापुर, जिला उन्नाव, कन्हैया उर्फ करिया रैदास निवासी अंबेडकर नगर थाना बांगरमऊ, उन्नाव व मानसिंह लोध निवासी अतर धनी,थाना बांगरमऊ, जिला उन्नाव को आरोपित किया गया। न्यायाधीश ने लोध व कन्हैया उर्फ करिया को दोषी पाया जबकि मानसिंह के विरुद्ध जुर्म साबित न होने पर दोष मुक्त करार दिया।

# उद्योग व्यापार मंडल ने मनाया होली मिलन समारोह

**संवाददाता, हरदोई**

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल ने नगर के गणमान्य नागरिक और व्यापारियों के साथ होली मिलन समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम में राधा कृष्ण की झांकियों और नृत्य ने आगंतुक अतिथियों का मन मोह लिया।

कार्यक्रम में व्यापार मंडल के संरक्षक और पूर्व जिला अध्यक्ष श्री कृष्णा शास्त्री, वरिष्ठ व्यापारी और कॉन्सेप्ट ग्रुप के मालिक सजीव अग्रवाल, बसंत लाल गुप्ता, मन्नी लाल शाह, बार एसोसिएशन अध्यक्ष जेपी त्रिवेदी, बीजेपी जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन, प्रदेश संगठन मंत्री अजय कुमार टंडन, प्रदेश मंत्री विभू गुप्ता, आदर्श शुक्ला, शिक्षक नेता शिवशंकर पाण्डेय, सत्येंद्र गुप्ता, विनोद शुक्ला, कमलेश पाठक, भाजपा नेता पारुल दीक्षित, व्यापार मंडल संरक्षक निरमा देव, पूजा पाठक, अविनाश मिश्र, अनुराधा मिश्रा, आराधना उपाध्याय, उमा टंडन, चेतना महेश्वरी, हीरा द्विवेदी, माधौगंज नगर अध्यक्ष, सुयश गुप्ता, शाहाबाद नगर महामंत्री संजीव बांगा आदि अतिथियों का स्वागत जिला एवं नगर कार्यकारिणी के सदस्यों ने किया। कार्यक्रम में जिला एवं नगर कार्यकारिणी के जिलाध्यक्ष विमलेश दीक्षित, महामंत्री गण अशोक उपाध्याय, राजन द्विवेदी, कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह, जिला मंत्री मदनपाल, टेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रेम शुक्ला, महामंत्री अमित मिश्रा, नगर अध्यक्ष कैलाश गुप्ता, महामंत्री समीर गुप्ता, आईटी सेल जिलाध्यक्ष भरत पाण्डेय, महामंत्री अपूर्व महेश्वरी, युवा जिलाध्यक्ष अवनीश त्रिवेदी, महामंत्री आशीष प्रजापति, बिपिन गुप्ता, तहसील सदर अध्यक्ष रजनीश गुप्ता, महामंत्री सुशील गुप्ता आदि व्यापारियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन रजनीश गुप्ता ने किया।



एक–दूसरे के गले मिलते भाजपा जिलाध्यक्ष व व्यापारी नेता। अमृत विचार

### फसल काटते समय दंपति से की मारपीट

**बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** खेत में फसल काटते समय दंपति के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। ग्राम अजमतनगर निवासी यशवंत लाल ने बताया कि 6 मार्च को सुबह करीब 8 बजे वह पत्नी गीता देवी के साथ खेत में तैयार मसूर की फसल काट रहा था। इसी दौरान गांव लालपुर मजरा उमरौली जैतपुर थाना अरवल निवासी परशुराम, शेर सिंह, पृथ्वीराज, रामलखन और देशराज सहित अन्य लोग लाठी-डंडों और कुल्हाड़ी लेकर वहां पहुंच गए। जातिसूचक गालियां देते हुए दंपति के साथ मारपीट की, जिससे दोनों घायल हो गए।

# नगर में चलाएं विशेष सफाई अभियान

**संवाददाता, संडीला, हरदोई**

**अमृत विचार।** नगर पालिका परिषद में चेयरमैन मो. रईस अंसारी की अध्यक्षता में हर सोमवार की तरह सोमवार को जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इस जनसुनवाई में नगर के विभिन्न मोहल्लों से आए नागरिकों ने अपनी समस्याएं और शिकायतें चेयरमैन के समक्ष रखीं। चेयरमैन ने नगर पालिका के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र समाधान किया जाए।

जनसुनवाई के दौरान नागरिकों ने जल निकासी, सफाई व्यवस्था, सड़क मरम्मत, स्ट्रीट लाइट और पेयजल जैसी समस्याओं को प्रमुख रूप से उठाया। चेयरमैन ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनता की समस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। रमज़ान और आगामी ईद-उल-फितर के पर्व को ध्यान में रखते हुए चेयरमैन ने नगर में विशेष सफाई अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रमज़ान के पवित्र महीने में नगर की साफ-सफाई और स्वच्छता व्यवस्था विशेष रूप से दुरुस्त रहनी चाहिए, ताकि नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसके लिए सभी वार्डों में नियमित सफाई, कूड़ा उठान और नालियों की सफाई सुनिश्चित की जाए।




जनसुनवाई में शिकायतें सुनते नगर पालिका चेयरमैन रईस अंसारी।

- **चेयरमैन रईस अंसारी ने जनसुनवाई में दिया निर्देश**



**रोजा**

शिया
सहरी : 04.52 बजे
अफ्तार : 06.25 बजे

सुन्नी
सहरी : 04.59 बजे
अफ्तार : 06.15 बजे

## न्यूज ब्रीफ

### शस्त्र समेत गिरफ्तार

**इमलिया सुल्तानपुर, अमृत विचार :** इलाका पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक शातिर को गिरफ्तार किया। पुलिस का दावा है कि पकड़े गए आरोपी के कब्जे से असलहा और कारतूसे बरामद हुई। सीओ महोली नागेन्द्र चौबे के मुताबिक, थाना इमलिया सुल्तानपुर पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान यासीन उर्फ सेठा को गिरफ्तार किया।

### दोषी को 7 वर्ष की सजा

**सीतापुर, अमृत विचार :** ऑपरेशन कनविक्शन' के तहत कोर्ट ने एक अभियुक्त को 7 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। वर्ष 2018 में दर्ज मामले में एसपी के निर्देशन में विवेचना व अभियोजन पक्ष द्वारा पैरवी की गई। सोमवार को अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या 14 ने महेश को 7 वर्ष के कठोर कारावास और 18,000 रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई गई।


# पहले भी आए लेकिन समस्या जस की तस

## विकास भवन परिसर के कई कार्यालयों में पसरा रहा सन्नाटा, मायूस लौटे फरियादी

**अमृत विचार पड़ताल**

- जिलाधिकारी दफ्तर के बाहर ग्रामीणों के चेहरों पर दिखी राहत भरी चमक
- ग्रामीण बोले, समस्याओं का निस्तारण हो जाए तो मिले राहत

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर



पिछड़ा वर्ग कल्याण कार्यालय में पसरा सन्नाटा। अमृत विचार



जिला समाज कल्याण की खाली पड़ी कुर्सी।

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री के स्पष्ट निर्देश हैं कि अधिकारी जनता दरबार लगाएं, वीडियो कांफ्रेंसिंग करके फीडबैक भी दें। ताकि ये पता चल सके कि राहत किस स्तर तक पहुंची है। इसी राहत की नब्ज को टोहने के लिए अमृत विचार ने पड़ताल की। जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. निश्चित समय से पहले ही कार्यालय में मौजूद मिले। ऑफिस के बाहर बड़ी संख्या में फरियादी थे।

बाहर निकलने वाले नरेश, सिद्दीकी, जगदीश प्रसाद, परमेश्वर दयाल से जानकारी ली, तो तपाक से सभी एक स्वर में बोल पड़े कि जिलाधिकारी ने समस्या का निस्तारण तो किया ही, साथ ही शासन की योजनाओं की जानकारी भी दी। डीएम कहने लगे कि शासन और प्रशासन की मंशा पात्रों को लाभान्वित करने की है।

**साहब हैं नहीं बाद में आना:** समय - 11:58 बजे। विकास भवन परिसर स्थित समाज कल्याण दफ्तर में सन्नाटा मिला। परिसर में मौजूद परसेण्डी निवासी बुलाकी और रामदास आदि ने पूछने पर बताया कि समाज कल्याण अधिकारी से मिलने आए थे, वृद्धावस्था पेंशन नहीं मिल रही है। कार्यालय के लोगों ने बताया है कि साहब हैं नहीं, बाद में आना।



कृषि रक्षा अधिकारी के कक्ष के बाहर लगी कुंडी।

### पेस्टीसाइड का लाइसेंस बनवाने आए ग्रामीणों को हाथ लगी मायूसी

समय – 12:02 बजे। गुलरीपुरवा निवासी आदेश राजपूत मिले, इनका कहना था कि कृषि रक्षा अधिकारी से मिलने आए थे। उन्हें पेस्टीसाइड दुकान के लिए लाइसेंस बनवाना था, सुझाव और जानकारी के लिए कार्यालय पहुंचे तो पता चला कि अधिकारी नहीं हैं, फील्ड में हैं।

### पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग में पसरा मिला सन्नाटा

समय –12:03 बजे। पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के कार्यालय में सन्नाटा पसरा हुआ था। कार्यालय के बाहर मानपुर इलाके से आए हिमांशु मिले, पूछने पर बताया कि कम्प्यूटर कोर्स की जानकारी करनी थी, ताकि शैक्षणिक कार्य में सहयोग मिल सके। लेकिन अधिकारी न मिलने के कारण पूरी जानकारी नहीं मिल सकी है।

**गुजरा वासी बोले, कई चक्कर काटने के बाद भी राहत नहीं:** समय- अपरान्ह 12:20 बजे। मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय के बाहर गुजरा गांव वासी कल्लू, नीरज राजपूत सहित अन्य मिले। पूछने पर बताया कि गांव में निर्माण कार्य के दौरान अनियमितताएं हैं, इसकी शिकायत कई बार डीपीआरओ से मिलकर की जा चुकी है, हल नहीं निकला तो सीडीओ से मिलने आए हैं। सीडीओ के स्टैनो का कहना है कि साक्ष्य लाओ, हम लोगों ने कहा है कि कई बार प्रमाण दिए चुके हैं।

# गौमाता राष्ट्रमाता, बंद हो हत्या



नैमिषारण्य चक्रतीर्थ पर मौजूद आचार्य अविमुक्तेश्वरानंद महाराज व उनके अनुयायी। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार:** शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद महाराज देर शाम सीतापुर जनपद स्थित नैमिषारण्य पहुंचे। चक्रतीर्थ पहुंचार पूजन अर्चन किया। मौन रहकर अनुयायियों से मुलाकात की। शंकराचार्य के सचिव किशोर शास्त्री ने कहा कि शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद महाराज कभी खुद के लिए नहीं लड़े बल्कि सनातन धर्म की रक्षा के लिए लड़े हमेशा गौमाता के रक्षा की बात करी और जब बात संतों के मान सम्मान की आती है तो उनपे सत्ता के दम पर लाठी चार्ज की जाती है संतो का जिसने भी अपमान किया वह कहीं का नहीं रहा जब संत भारत देश के सनातन धर्म की रक्षा के लिए हैं तो जब उनके रक्षा की बात आएगी तो वाह क्या पाकिस्तान और ब्रिटेन जाएंगे इसलिए अभी लोग जाग जाएं जो संतो के भेष में असली संतो का अपमान कर रहें हैं सबसे बड़ा यदि सनातन का चेहरा है तो वह शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद जी महाराज है मीडिया सोशल मीडिया कहीं भी देख लिजिए बहुत जल्द ही हम लोग गौमाता को राष्ट्रमाता घोषित कराने के लिए लखनऊ से धर्मयुद्ध शुरू करने का रहे हैं आप लोग तय कर लें कि कौन धर्म का साथ देगा और कौन अधर्म का। शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती अपनी धर्म यात्रा के दौरान सोमवार को पौराणिक तीर्थ नैमिषारण्य पहुंचे। यहाँ पर श्रद्धालुओं ने उनका भव्य स्वागत किया। सबसे पहले व्यास आश्रम के युवराज रंजीत दीक्षित ने माल्यार्पण कर उनका अभिनंदन किया। इसके पश्चात शंकराचार्य ने सुप्रसिद्ध ललिता देवी मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। शाम के समय उन्होंने चक्रतीर्थ पर आरती में भाग लिया और फिर परमार्थ धाम आश्रम पहुंचे, जहाँ भक्तों ने उनकी पादुका का पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। सूर्यास्त के बाद अपनी परंपरा के अनुसार मौन व्रत धारण करने के कारण उन्होंने मीडिया से कोई बातचीत नहीं की।



विधायक ज्ञान तिवारी को सम्मानित करते भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता।

### होलिका दहन मन के विकारों के दहन का प्रतीक

**रामपुर मथुरा, सीतापुर :** विकास खंड के पीछे मुरलीधर बाग में आयोजित होली मिलन समारोह में भाजपा नेताओं ने प्रदेश और केंद्र सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए सामाजिक समरसता का संदेश दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि और क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे। भाजपा से सेवता विधायक ज्ञान तिवारी ने कहा कि प्रदेश की योगी सरकार केंद्र सरकार के नेतृत्व में लगातार विकास कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता समाज के हर वर्ग तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ल ने कहा कि होलिका दहन मन के विकारों के दहन का प्रतीक है, जबकि होली मिलन आपसी प्रेम, सौहार्द और भाईचारे का संदेश देता है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अयोध्या से आए स्वामी चिन्मयानंद महाराज रहे, जबकि अध्यक्षता जिला प्रतिनिधि लक्ष्मी नारायण मौर्य ने की। मंच का संचालन रविंद्र शुक्ल ने किया। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष मंजू सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता नरेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य, भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### विश्व कप की जीत पर जश्न में डूबा जिला

**सीतापुर, अमृत विचार :** टी–20 विश्व कप के फाइनल मुकाबले में भारत की ऐतिहासिक जीत के बाद पूरा जनपद जश्न के सागर में डूब गया। न्यूजीलैंड को करारी शिकस्त देकर विश्व विजेता बनने की खुशी में शहर से लेकर कस्बों तक क्रिकेट प्रेमियों ने तिरंगा लहराकर अपनी खुशी का इजहार किया। रामकोट स्थित डालमिया भारत शुगर यूनिट की कॉलोनी में बड़ी स्क्रीन पर सामूहिक रूप से मैच देखा गया। यूनिट हेड कुलदीप कुमार की मौजूदगी में कर्मचारियों व उनके परिवारों ने टीम इंडिया का उत्साहवर्धन किया। जीत के बाद कॉलोनी में आतिशबाजी हुई और सामूहिक भोज का आयोजन कर खुशियां बांटी गईं। जिला मुख्यालय के लालबाग, बस अड्डा और घंटाघर जैसे प्रमुख स्थानों पर युवाओं ने जमकर पटाखे फोड़े। प्रमुख व्यापारी सागर गुप्ता ने इसे देश के लिए गर्व का क्षण बताया। उधर, लहरपुर कस्बे के मोहल्ला बेहटी, बसैहिया टोला और खतराना चौराहे पर ढोल–नगाड़ों के साथ विजय जुलूस जैसी स्थिति रही। भारत द्वारा दिए गए 255 रनों के लक्ष्य के सामने न्यूजीलैंड की टीम 159 पर ही सिमट गई।



कार्यक्रम को संबोधित करते अतिथि। अमृत विचार

### प्रेम और भाईचारे का प्रतीक है होली

**बिसवां, सीतापुर :** बिसवां बार एसोसिएशन का होली मिलन समारोह का आयोजन हुआ। समारोह में अधिवक्ताओं और अधिकारियों ने एक–दूसरे को अबीर–गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। समारोह में मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी बिसवां शिखा शुक्ला रहीं। उपजिलाधिकारी शिखा शुक्ला ने समारोह को कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार ही नहीं बल्कि आपसी प्रेम, भाईचारे और मेल–मिलाप का भी प्रतीक है। यह पर्व लोगों को आपसी मतभेद भुलाकर एक–दूसरे के करीब आने का संदेश देता है। उपजिलाधिकारी न्यायिक अवनीश कुमार सिंह ने कहा होली का त्योहार समाज में प्रेम और सद्भाव को बढ़ावा देता है। ऐसे आयोजन लोगों के बीच आपसी संबंधों को मजबूत करते हैं। तहसीलदार उमाशंकर त्रिपाठी ने होली को भारतीय संस्कृति का महत्वपूर्ण पर्व बताया। जो लोगों को आपसी भाईचारे और सौहार्द का संदेश देता है। वहीं, पुलिस उपाधीक्षक अमन सिंह ने कहा कि त्योहार हमें एक–दूसरे के करीब लाने का अवसर प्रदान करते हैं। समारोह में बिसवां बार एसोसिएशन अध्यक्ष दिनेश कुमार श्रीवास्तव, सचिव मनोज गुप्ता एवं चैयरमैन ब्रजेश नारायण गुप्ता, आरएन सिंह, राज किशोर यादव, आशोक वर्मा, पुत्ती लाल वर्मा, कैलाश श्रीवास्तव, नीरज कुमार श्रीवास्तव, सन्तोष कठेरिया सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### हर्षोल्लास से मनाया होली मिलन समारोह

**सीतापुर / महमूदाबाद :** जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में होली मिलन समारोहों का आयोजन कर आपसी भाईचारे और सामाजिक समरसता का संदेश दिया गया। भाजपा नेता सागर गुप्ता ने विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत की। उन्होंने जिला पंचायत सभागार में आजाद हिन्द फौज संगठन और श्री हरिद्वार वैश्य महासभा द्वारा आयोजित समारोहों का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। इस दौरान मेधावी छात्र–छात्राओं को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में श्रीप्रकाश गुप्ता, विमल गुप्ता, अवधेश गुप्ता व भगवती गुप्ता सहित अन्य गणमान्य जन मौजूद रहे। उधर, महमूदाबाद में लॉयर्स एसोसिएशन द्वारा तहसील परिसर स्थित सभागार में भव्य होली मिलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक आशा मौर्य और सिविल जज (जूनियर डिविजन) मौजूद रहे। अधिवक्ताओं ने एक–दूसरे को अबीर–गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेंद्र पटेल, महामंत्री अरुण यादव, आशुतोष कात्यायन, ज्ञानेंद्र वर्मा आदि रहे।

### प्रशिक्षण महा अभियान आयोजित



कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथिगण व अन्य। अमृत विचार

**खैराबाद, सीतापुर :** नगर के सरस्वती शिशु मंदिर में 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान–2026' के अंतर्गत एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय परिषद सदस्य राकेश त्रिपाठी ने की, जबकि मुख्य अतिथि व मुख्य वक्ता के रूप में प्रदेश कार्य समिति सदस्य अजय गुप्ता उपस्थित रहे। समारोह में स्थानीय प्रतिनिधि बेबी अभिषेक गुप्ता ने भी सहभागिता की। वक्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय दर्शन और संगठनात्मक कौशल पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर जिला प्रतिनिधि श्रीमती जया सिंह सहित मंडल अध्यक्ष, पूर्व मंडल अध्यक्ष एवं अभियान से जुड़े अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### तेली समाज का होली मिलन समारोह संपन्न



कार्यक्रम में उपस्थित कलाकार व समाज के लोग। अमृत विचार

**सीतापुर, अमृत विचार :** प्रगतिशील तेली समाज उत्तर प्रदेश द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन स्थानीय मुस्कान गेस्ट हाउस में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समाज के गणमान्य लोगों एवं समर्थकों की भारी संख्या में उपस्थिति रही। समारोह में बड़ी संख्या में समाज के लोगों ने भाग लेकर आपसी भाईचारे और एकता का परिचय दिया। इस अवसर पर समाज के विकास, शिक्षा के प्रसार तथा युवाओं को आगे बढ़ाने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में सतीश राठौर, राम प्रसाद राठौर, विनोद राठौर, राम भरोसे राठौर, सूरज राठौर, प्रदीप राठौर, संदीप राठौर, अखिल साहू, सर्वेश राठौर, बब्लू राठौर, राहुल राठौर, आदित्य राठौर, यश राठौर, सुमित राठौर, शेखर राठौर तथा संजय राठौर प्रमुख रूप से शामिल रहे।

### पिकअप ने बाइक सवारों को रौंदा

**बिसवां, सीतापुर:** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत टायर फटने से अनियंत्रित हुई एक पिकअप ने सामने से आ रहे बाइक सवार दो युवकों को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। चना दाल से लदी पिकअप का अचानक टायर फट गया, जिससे चालक नियंत्रण खो बैठा। इसी दौरान बाइक सवार आदित्य वाल्मीकि पुत्र रामू वाल्मीकि व उनका साथी वाहन की चपेट में आ गए। वहां से गुजर रहे क्षेत्रीय विधायक निर्मल वर्मा ने तत्काल रुककर मानवता दिखाई और घायलों को एंबुलेंस की मदद से बिसवां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। हादसे के बाद जाम लग गया। मानपुर थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पिकअप को कब्जे में लिया और यातायात सुचारू कराया।



कार्यक्रम के दौरान उपस्थित साहित्य भूषण कवि कमलेश मौर्य मृदु। अमृत विचार

### साहित्य भूषण कवि कमलेश मौर्य मृदु को किया सम्मानित

संवाददाता बिसवां, सीतापुर

**अमृत विचार:** कवि साहित्य भूषण कमलेश मौर्य मृदु को अनागत कविता मार्तण्ड सम्मान से सम्मानित किया गया। सम्मान साहित्यिक संस्था अखिल भारतीय अनागत साहित्य संस्थान द्वारा दिया गया। इस दौरान कवि गोष्ठी भी आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता कवि कमलेश मौर्य मृदु ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय कवि संगम इकाई के उपाध्यक्ष जीएल गांधी रहे। कवि गोष्ठी में बिसवां के वरिष्ठ गीतकार सुरेश चंद्र वैश्य, आजमगढ़ की कवयित्री डा. रेनू सिंह, हास्य कवि अरविंद रस्तोगी, हिमांशु सक्सेना अर्श लखनवी सहित 14 कवियों द्वारा काव्य पाठ किया गया। संचालन लहरपुर सीतापुर के वरिष्ठ कवि प्रवीण पाण्डेय आवारा ने किया।

### कार-ट्रक की टक्कर के बाद हुआ हंगामा

**सीतापुर, अमृत विचार :** नेशनल हाईवे पर सिधौली तहसील तिराहे के पास एक कार और ट्रक के बीच हुई टक्कर के बाद जोरदार हंगामा हुआ। पीछे से आ रहे एक ट्रक ने आगे चल रही कार में टक्कर मार दी। हादसे में कार क्षतिग्रस्त हो गई। घटना के बाद कार सवार लोगों ने ट्रक को रोक लिया, जिससे मौके पर अफरा–तफरी मच गई और भारी भीड़ जमा हो गई। इस दौरान सूचना पाकर मौके पर पहुंचे ट्रक मालिक असगर के साथ भी कार सवारों द्वारा हाथापाई करने का आरोप है। कार सवार लोगों का कहना है कि वे दो गाड़ियों में अपनी बेटी का तिलक लेकर लखनऊ जा रहे थे, तभी ट्रक चालक ने लापरवाही से टक्कर मारी। मामले की गंभीरता को देखते हुए कस्बा इंचार्ज हरिश्चंद्र यादव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को संभाला। पुलिस दोनों पक्षों और ट्रक को थाने ले गई। कस्बा इंचार्ज ने बताया कि फिलहाल यातायात सामान्य है और मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।




कसमण्डा में ज्ञापन सौंपते संतोष शुक्ला व अन्य। अमृत विचार


### मानदेय और ईपीएफ को लेकर मनरेगा कर्मियों ने खोला मोर्चा, किया प्रदर्शन और सौंपा ज्ञापन

**सीतापुर, अमृत विचार :** जनपद के विभिन्न विकास खंडों में सोमवार को मनरेगा कर्मियों ने लंबित मानदेय और ईपीएफ कटौती के मुद्दे पर जमकर प्रदर्शन किया। उ.प्र. ग्राम रोजगार सेवक संघ' के बैनर तले सकरन, सिधौली, महोली, लहरपुर और परसेण्डी सहित समस्त ब्लॉकों में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन खंड विकास अधिकारियों को सौंपा गया। संगठन के जिला पदाधिकारियों ने बताया कि कर्मियों को पिछले नौ महीनों से मानदेय नहीं मिला है, जिससे होली जैसे त्योहार पर भी उनके परिवारों को आर्थिक तंगी झेलनी पड़ी। आरोप है कि वर्ष 2015–16 से ईपीएफ तो काटा जा रहा है, लेकिन खातों में आधा–अधूरा पैसा ही जमा हो रहा है। सिधौली में पवन शुक्ला, कसमंडा में संतोष शुक्ला और सकरन में स्थानीय पदाधिकारियों के नेतृत्व में कर्मियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द भुगतान न हुआ, तो 16 मार्च को मुख्यमंत्री से मुलाकात कर कार्य बहिष्कार व बड़ा आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान भारी संख्या में रोजगार सेवक, तकनीकी सहायक व कंप्यूटर ऑपरेटर मौजूद रहे।

### पकड़े गए दस वांछित और वारंटी

**सीतापुर, अमृत विचार :** एसपी अंकुर अग्रवाल के निर्देश पर शातिरों की धरपकड़ को लेकर अभियान चलाया गया। प्रभावी कार्रवाई के दौरान अलग–अलग स्थानों से दस वांछित–वारंटी गिरफ्तार किये गए। थाना संदना पुलिस टीम द्वारा वारंटी राजू सिंह निवासी इस्मालइंगज, शिवराज सिंह निवासी ग्राम मुड़ियाकैल और संजय निवासी अनेगी थाना संदना को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने वांछित बसन्ती की गिरफ्तारी की। रामपुर कला से महेश, इमलिया से हारून खां, तालगांव शरीक अहमद, मुश्ताक अहमद, सोबरन, रमाकांत को गिरफ्तार किया गया।

### कलश यात्रा के साथ भागवत कथा शुरू



कलशयात्रा के दौरान उपस्थित श्रद्धालु। अमृत विचार

**महोली, सीतापुर :** विकास खंड के ग्राम महुआकोला स्थित बरम बाबा स्थान पर श्रीमद्भागवत कथा का भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के पहले दिन श्रद्धालुओं द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाली गई। पूजा स्थल से प्रारंभ हुई यह यात्रा आसपास के गांवों का भ्रमण करते हुए कठिना नदी स्थित महुआकला पुल पहुंची, जहां महिलाओं ने विधि–विधान के साथ कलशों में जल भरा। इसके बाद यात्रा पुन: आयोजन स्थल पहुंची, जहां कलशों की स्थापना की गई। कलश यात्रा में श्रद्धालु ट्रैक्टर–ट्रालियों और दोपहिया वाहनों पर सवार होकर जयकारे लगाते हुए चल रहे थे।

### लोक अदालत की सफलता को हुई बैठक

**सीतापुर, अमृत विचार :** जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आशीष जैन के निर्देशानुसार, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विजय भान द्वारा एक बैठक समस्त न्यायिक मजिस्ट्रेटों के साथ आहूत की गयी। बैठक में आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाये जाने के लिए उपस्थित समस्त न्यायिक मजिस्ट्रेटों से विचार विमर्श किया गया। उपस्थित समस्त न्यायिक मजिस्ट्रेटों से अनुरोध किया गया है कि आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों को नियत करें व निस्तारण किये जाने के लिए प्रयास किये जाएं।

**आयोजन**

**भजन गायकों की सुरमयी प्रस्तुतियों से गुंजायमान रही धर्मनगरी, गीता सार के मंचन ने दर्शकों को किया भाव–विभोर**

# होली परिक्रमा मेला महोत्सव में उमड़ा आस्था और उत्साह का सैलाब

संवाददाता मिश्रिख, सीतापुर

**अमृत विचार:** मिश्रिख नैमिषारण्य की पावन 84 कोसी परिक्रमा के मिश्रिख में आयोजित 'होली परिक्रमा मेला महोत्सव' के दूसरे दिन आस्था और उत्साह का सैलाब उमड़ पड़ा। रविवार की रात जहां विख्यात भजन गायकों की सुरमयी प्रस्तुतियों से धर्मनगरी गुंजायमान रही, वहीं सोमवार को 'गीता सार' के मंचन ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। एसपी अंकुर अग्रवाल के निर्देशानुसार मेला क्षेत्र को सेक्टरों में बांटकर भारी पुलिस बल तैनात किया गया। सरकारी विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों पर भी ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ी, जहां आमजन द्वारा केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं की जानकारी ली गई। महोत्सव की पहली सांस्कृतिक संध्या पूरी तरह भक्ति रस में डूबी रही। 'जो राम को लाए हैं' फेम प्रसिद्ध भजन गायिका स्वाति मिश्रा ने जैसे ही मंच संभाला, पूरा मेला परिसर जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठा। वहीं, गायक हेमंत ब्रजवासी ने अपनी मखमली आवाज में कन्हैया के भजनों की ऐसी तान छेड़ी कि श्रद्धालु देर रात तक झूमते नजर आए। प्रभारी मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह व अन्य अतिथियों ने कलाकारों का उत्साहवर्धन किया।




मिश्रिख महोत्सव में लगा बाल विकास परियोजना का स्टाल। अमृत विचार

**मंच पर जीवंत हुआ महाभारत: 'पुनीत इस्सर' ने बिखेरा जादू:** महोत्सव के दूसरे दिन का मुख्य आकर्षण पुनीत इस्सर ग्रुप द्वारा प्रस्तुत 'जय श्री कृष्णा' और 'गीता सार' का मंचन रहा।

कुरुक्षेत्र के मैदान में भगवान श्रीकृष्ण द्वारा अर्जुन को दिए गए उपदेशों को जब कलाकारों ने जीवंत किया, तो पांडाल में मौजूद हर शख्स मंत्रमुग्ध हो गया। भारी लाइटिंग और आधुनिक साउंड सिस्टम के बीच हुए इस नाटक ने लोगों को त्रेता और द्वापर युग की याद दिला दी।

### आज लगेगा कवियों का जमावड़ा

महोत्सव के समापन अवसर पर मंगलवार को 'अखिल भारतीय विराट कवि सम्मेलन' का आयोजन होगा। एसडीएम अभिनव यादव ने बताया कि समापन संध्या में सुप्रसिद्ध सुरेंद्र शर्मा (दिल्ली) अपनी विशिष्ट हास्य शैली 'चार लाइणा' से गुदगुदाएंगे। राम भदावर (इटावा) : वीर रस की ओजस्वी कविताओं से जोश भरेंगे। विनीत चौहान (अलवर) : राष्ट्रभक्ति की रचनाओं से श्रोताओं को जोड़ेंगे। इसके साथ ही प्रियंका व प्रेरणा समूह द्वारा कथक नृत्य प्रस्तुत किया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### धमकी देने का आरोपी पहुंचा सलाखों के पीछे

**बछरावां:** वीडियो वायरल कर मारपीट करने की धमकी देने के आरोपी को पुलिस ने दबोच लिया है। पीड़ित हरिओम चतुर्वेदी पुत्र अमरनाथ चतुर्वेदी निवासी रामपुर हसनगंज की तहरीर पर आरोपी सलाउद्दीन मंसूरी पुत्र फखरुद्दीन निवासी कमनी तालाब थाना बछरावां को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि 6 मार्च को अपने फेसबुक आईडी के माध्यम से लाइव आकर हरिओम चतुर्वेदी व उसके परिवार को गाली गलौज व जान से मारने की धमकी दी गई थी। त्वरित कार्रवाई करते हुए एसओजी और थाना बछरावां पुलिस टीम द्वारा विपक्षी सलाउद्दीन मंसूरी को गिरफ्तार कर लिया। विधिक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

### नेत्र शिविर 15 को

**सरेनी:** क्षेत्र के नीबी गांव के जूनियर हाईस्कूल परिसर में आगामी 15 मार्च दिन रविवार को निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जायेगा। यह जानकारी शिविर के संयोजक सुन्दर सिंह सिकरवार ने दी है। उन्होंने नेत्र रोगियों से आधार कार्ड व आयुष्मान कार्ड (यदि बना है) तो साथ में लाने की अपील की है।

### एसडीएम ने अवैध निर्माण रुकवाया

**महराजगंज:** ग्राम सभा की सुरक्षित जमीन पर अवैध कब्जेदारों पर शासन की सख्ती तेज है। गांव की सुरक्षित जमीन पर अवैध निर्माण की शिकायत पर एसडीएम ने तत्काल राजस्व टीम भेजकर निर्माण कार्य रोकवा दिया। आरोप है कि सोमवार को क्षेत्र के पूरे अचली गांव की ऊसर भूमि पर गांव के ही एक व्यक्ति ने अवैध निर्माण शुरू कर दिया। जिसकी शिकायत ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी गौतम सिंह से की। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए उपजिलाधिकारी ने निर्माण पर रोकने के निर्देश दिए। राजस्व टीम के साथ पहुंचे हल्का लेखपाल संदीप यादव ने बताया कि उपजिलाधिकारी के निर्देश पर पुलिस बल के साथ राजस्व टीम गई थी। अवैध निर्माण रोका गया है। कब्जेदार के विरुद्ध रिपोर्ट भेजी जाएगी।

### दिव्यांग से मारपीट में दो पर केस दर्ज

**महराजगंज:** न्यायालय के आदेश पर चंदापुर पुलिस ने दिव्यांग से मारपीट और उत्पीड़न करने वाले दो आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। घटना एक वर्ष पहले की है। डेपारमऊ निवासी दिव्यांग मनोज कुमार का आरोप है कि पिछले वर्ष 6 मार्च को दशवंतपुर गांव के इन्दर सिंह और बबलू सिंह ने उसकी पत्नी द्वारा काम पर न जाने के कारण उसके साथ मारपीट की थी। पीड़ित ने चंदापुर थाना पहुंचकर शिकायत की, लेकिन लंबे समय तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस पर कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। चंदापुर थाना प्रभारी अरविंद सिंह ने बताया कि दो पर केस दर्ज किया गया है।

### युवती से दुष्कर्म का आरोप, दी तहरीर

**जगतपुर:** थाना क्षेत्र के एक गांव में शौच के लिए गई युवती के साथ दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़िता की मां ने पड़ोसी गांव के एक युवक पर आरोप लगाते हुए जगतपुर थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली युवती शौच के लिए गांव के बाहर स्थित एक बाग में गई थी। आरोप है कि इसी दौरान पड़ोसी गांव का एक युवक वहां पहुंच गया और दुष्कर्म किया। घटना के बाद युवती किसी तरह घर पहुंची और परिजनों को पूरी जानकारी दी। पीड़िता की मां ने थाने में तहरीर देकर आरोपित युवक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। वहीं प्रभारी पंकज त्यागी ने बताया ऐसा मामला संज्ञान में नहीं आया है।

# निबंधन कार्यालय के जाने के विरुद्ध मुखर हुए अधिवक्ता

ऊंचाहार (रायबरेली)

**अमृत विचार।** तहसील परिसर से हटकर दूर वीरान स्थान पर निबंधन कार्यालय ले जाने के विरुद्ध अधिवक्ता लंब बंद हुए हैं। कई व्यावहारिक मामलों का जिक्र करते हुए तहसीलदार संगठन ने महान निरीक्षक निबंध को पत्र लिखा है। अधिवक्ताओं का कहना है कि सन 2013 से ऊंचाहार तहसील परिसर में निबंधन कार्यालय चल रहा है। इस बीच ऊंचाहार मुख्यालय से करीब नौ किलोमीटर दूर सुनसान स्थान पर निबंधन कार्यालय को स्थानांतरित करने का प्रस्ताव हुआ है। इसकी जानकारी होने पर अधिवक्ताओं ने इस निर्णय का विरोध करते हुए महानिदेशक निबंध को एक पत्र लिखा है। अधिवक्ताओं का कहना है कि व्यावहारिक रूप से यह कतई उचित नहीं है, जबकि ऊंचाहार तहसील भवन में कोषागार समेत कई भवन खाली पड़े हुए हैं, जहां पर निबंध का कार्य हो सकता है। इससे किसानों, अधिवक्ताओं और अधिकारियों को भी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। यही नहीं वीरान स्थान होने के कारण सुरक्षा की दृष्टि से भी यह उचित नहीं है। बार एसोसिएशन अध्यक्ष राम जीत सिंह, महासचिव राजेंद्र कुमार शुक्ल, वरिष्ठ अधिवक्ता सीके शुक्ल, दिनेश चंद्र त्रिपाठी, रज्जन मिश्र, धर्मेश पाठक, चंद्र मणि त्रिपाठी, अजय कुमार शुक्ल आदि ने विरोध जताया है।

# कबिरादान बाबा मंदिर से निकले भंवरों ने छुड़ा दिए थे राजा के छक्के

शिवगढ़ (रायबरेली)

**तैयारी शुरू**

• **शीतल अष्टमी के दिन लगता है बाबा का ऐतिहासिक मेला**

**अमृत विचार।** क्षेत्र के ग्राम पंचायत बैंती के कबीरादान गांव में स्थित प्राचीन कालीन कबीरादान बाबा का मंदिर प्रांगण में प्रत्येक वर्ष होली के आठवें शीतल अष्टमी को बाबा का ऐतिहासिक मेला को लेकर तैयारी शुरू हो गई है। मेला कमेटी अध्यक्ष अरुण कुमार मिश्रा और कोषाध्यक्ष कमल किशोर रावत ने बताया कि इस बार मंगलवार को रामचरितमानस पाठ के समापन पर हवन-पूजन के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इसमें क्षेत्र के श्रद्धालु बड़ी संख्या में प्रसाद ग्रहण करेंगे। उन्होंने बताया कि बुधवार को शीतला अष्टमी के अवसर पर बैंती में परम्परागत एक दिवसीय ऐतिहासिक मेले का आयोजन किया जाएगा।

बताते हैं कि राजतंत्र में धवलपुर रियासत में लगने वाले बैंती गांव में कबीरादान बाबा के मंदिर के स्थान पर कभी एक ऊंचा टीला था। एक बार दूसरी रियासत के राजा ने होली के 8वें दिन उस समय बैंती गांव पर आक्रमण कर दिया। उसी समय टीले से निकले असंख्य भवरें आक्रमणकारी राजा की सेना पर टूट पड़े। भंवरों के आक्रमण से आक्रमणकारी राजा की विशाल सेना भाग खड़ी हुई, अन्ततः बैंती गांव की विजय हुई। जिसके बाद ग्रामीणों ने टीले को मंदिर का आकार देकर कबीरादान बाबा नाम दे दिया और पूजा अर्चना शुरु कर दी। करीब 500 वर्षो से होली के आठवे दिन ग्रामीणों के सामूहिक सहयोग से मंदिर में ऐतिहासिक मेले एवं विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होता चला आ रहा है। ग्रामीणों की मान्यता है कि जो भी श्रद्धालु सच्चे मन से बाबा के दर्शन के लिए आता है उसकी मनोकामना अवश्य पूरी होती है।



कबिरादान बाबा मंदिर में रामचरित मानस पाठ करते श्रद्धालु। अमृत विचार

**श्री वीर बैदानो बाबा मंदिर में उमड़े श्रद्धालु, लालगंज:** क्षेत्र के बहाई में स्थित श्री वीर बैदानो बाबा मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। बताया जाता है कि यह एक प्रमुख शिव मंदिर है। साथ ही शक्ति पीठ भी है। मंदिर में पूजा अर्चना और हवन पूजन के लिए लोग सुबह से पहुंचने लगे। मंदिर कमेटी अध्यक्ष सुशील शुक्ला के द्वारा पूजा अर्चना कर किया गया। प्रसिद्ध विद्वान पंडित गिरजा शंकर दीक्षित और राज नारायण त्रिवेदी के द्वारा धार्मिक कार्यों का अनुष्ठान कराया गया। मेला कमेटी के प्रबंधक देवेश शुक्ला ने बताया कि श्री वीर बैदानो बाबा मेला परंपरागत होली मेला है। मेले में चौकी इंचार्ज अजय कुमार मिश्रा, श्रवण कुमार शुक्ला, नीलेश शुक्ला, गुड्डू द्विवेदी, शिव गोविंद मौर्य, पूती मौर्य, मनोज मौर्य, श्रीराम फौजी, राजेश पासवान आदि रहे।

# ब्लाक प्रमुख के बेटे ने बीडीसी पर तानी रिवॉल्वर

## क्षेत्र पंचायत की बैठक में हंगामाः विकास कार्यों को लेकर दोनों पक्षों में हुई जमकर कहासुनी



बैठक के दौरान विरोध करते सदस्य। अमृत विचार



ब्लाक परिसर में हंगामा करते क्षेत्र पंचायत सदस्य। अमृत विचार

ऊंचाहार (रायबरेली)

**अमृत विचार।** क्षेत्र पंचायत की ब्लॉक सभागार में आयोजित बैठक के दौरान उस समय बवाल हो गया, जब ब्लॉक प्रमुख के बेटे ने एक बीडीसी पर खुलेआम रिवाल्वर तान दी। इससे ब्लाक परिसर में भगदड़ मच गई। सदस्य बाहर निकल आए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को संभाला है।

घटना सोमवार दोपहर करीब साढ़े बारह बजे की है। सोमवार को ब्लॉक मुख्यालय में क्षेत्र पंचायत की बैठक शुरू हुई। इस बैठक में भाग लेने के लिए बीडीसी मनीष कौशल अपने साथी सदस्यों के साथ पहुंचे। उनका कहना है कि जब ब्लाक परिसर में पहुंचे तो ब्लाक प्रमुख के बेटे ने अपने साथियों के साथ उनको घेर लिया और उन पर रिवाल्वर तान दी, जिससे वह अवाक रह गए। अचानक घटी इस घटना से वहां भगदड़ मच गई। इस आपाधापी ने प्रमुख के पुत्र अंकित मौर्य के हाथ से रिवॉल्वर छूटकर जमीन पर गिर गई। इस बीच मौका पाकर उन्होंने भागकर अपनी जान बचाई। इस घटना से पूरे ब्लाक परिसर में सन्नाटा छा गया। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पाकर पुलिस ब्लाक मुख्यालय पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। इसके बाद कोतवाली पहुंचे बीडीसी मनीष कौशल ने घटना की तहरीर दी, जिसमें ब्लाक प्रमुख के बेटे अंकित मौर्य के साथ दो लोगों को नामजद करते हुए अन्य चार पांच अज्ञात लोगों को आरोपित किया है। कोतवाल अजय कुमार राय के अनुसार ब्लॉक परिसर में दो पक्षों में वाद विवाद हुआ था, स्थिति को नियंत्रित किया गया है। घटना की पड़ताल की जा रही है।

### बवाल के बाद हुई बैठक में भी हुआ हंगामा

ब्लाक परिसर में बवाल के बाद क्षेत्र पंचायत की बैठक हुई। इसमें भी जमकर हंगामा हुआ। बीडीसी और भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रांतीय मंत्री अभिलाष कौशल ने आरोप लगाया कि ब्लाक प्रमुख द्वारा बीडीसी को धमका कर बैठक से बाहर कर दिया गया। इसके बाद प्रमुख पति बीएन मौर्य जो सदन के सदस्य नहीं है, वो अनाधिकृत रूप से सदन में बैठकर पूरी बैठक में मनमानी करते हैं। इसकी उन्होंने कई बार शिकायत की है। इसके बावजूद उनके सदन में प्रवेश पर रोक नहीं लगाई जा रही है। इस मामले की शिकायत डीएम से करके बैठक निरस्त करने की मांग की जाएगी। उधर, खंड विकास अधिकारी सुनील कुमार सिंह का कहना है कि बैठक संपन्न करके सदस्यों से विकास कार्यों का प्रस्ताव लिया गया है।

### जगतपुर थाने में हंगामा करने का वीडियो वायरल

**जगतपुर:** स्थानीय थाना परिसर का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में थाने के अंदर बड़ी संख्या में लोग मौजूद दिखाई दे रहे हैं और एक व्यक्ति को छुड़ाने की कोशिश करते नजर आ रहे हैं। घटना को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। बताया जा रहा है कि जगतपुर पुलिस बाजार से एक व्यक्ति को पकड़कर थाने ले आई थी। आरोप है कि थाने के एक कमरे में उसकी पिटाई की जा रही थी। जैसे ही इस बात की जानकारी परिजनों और स्थानीय लोगों को हुई तो वे बड़ी संख्या में थाने पहुंच गए और उसे छुड़ाने का प्रयास करने लगे। इस दौरान थाने परिसर में काफी देर तक हंगामे की स्थिति बनी रही। मौके पर मौजूद कुछ लोगों का यह भी आरोप है कि पुलिस उस व्यक्ति को पिस्टल दिखाकर आर्म्स एक्ट के मामले में जेल भेजने की तैयारी कर रही थी। इसी बात को लेकर लोगों ने विरोध जताया और थाने के अंदर काफी देर तक बहस होती रही। वहीं जगतपुर थानाध्यक्ष ने ऐसे किसी मामले की जानकारी होने से इनकार किया है।

### उप शिक्षा निदेशक ने परीक्षा केंद्र का किया निरीक्षण



परीक्षा के दौरान निरीक्षण को पहुंची उपनिदेशक रेखा दिवाकर व अन्य।

**लालगंज।** बोर्ड परीक्षा की द्वितीय पाली में इण्टरमीडिएट की मनोविज्ञान और तर्कशास्त्र की परीक्षा के दौरान बैसवारा इण्टर कॉलेज लालगंज में माध्यमिक उप शिक्षा निदेशक रेखा दिवाकर व उनकी टीम द्वारा औचक निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के दौरान केन्द्र पर सकुशल, पारदर्शी और सुचितापूर्ण परीक्षा का संचालन पाया गया। शासन के समस्त दायित्वों का कुशल निर्वहन देखकर सफल परीक्षा संचालन हेतु परीक्षा प्रभारी सुनील त्रिपाठी, बाह्य केन्द्र व्यवस्थापक सविता वर्मा, स्टैटिक डॉ. शशिकान्त त्रिवेदी, विद्यालय प्रधानाचार्य डॉ. नरेन्द्र सिंह की उपशिक्षा निदेशक ने सराहना की और उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया। द्वितीय पाली की कुशल एवं सफल परीक्षा सम्पन्न कराने में भवानी प्रसाद श्रीवास्तव, इन्द्रेश बाजपेयी, राजेन्द्र सिंह राठौर, कनकलता सिंह, सपना सिंह, सरिता आदि की प्रमुख भूमिका रही ।

### कुत्तों का आतंक, 10 लोग घायल

**जगतपुर।** क्षेत्र में आवारा कुत्तों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। सोमवार को अलग-अलग स्थानों पर कुत्तों ने हमला कर 10 लोगों को काटकर घायल कर दिया। घायलों में बच्चे और बुजुर्ग भी शामिल हैं। सभी घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जगतपुर में भर्ती कराया गया। कुत्तों के हमले में सुनील कुमार (21) निवासी अयोध्या बक्श का पुरवा, रसिक (31) निवासी कोलकाता, अजीत कुमार (25) निवासी मधवापुर, रेशमा (18) निवासी कोड़ियां, विक्रम सिंह (35) निवासी चांदमऊ, रामसेवक (60) निवासी रामगढ़ टिकरिया, रेयांश (4) निवासी कूड़, अवधेश (25) निवासी बैरीहार, आशीष (25) निवासी इटावा तथा आदि (4) निवासी टाघन घायल हो गए। बताया जाता है कि आवारा कुत्तों ने अचानक लोगों पर झपट्टा मार दिया और उन्हें काटकर घायल कर दिया। सीएचसी अधीक्षक डॉ. एलपी सोनकर ने बताया कि सोमवार को कुत्तों के काटने से घायल 10 लोग अस्पताल पहुंचे थे। सभी को एंटी रैबीज का इंजेक्शन लगाया गया है और उनकी स्थिति सामान्य है। लगातार हो रही ऐसी घटनाओं से ग्रामीणों में भय का माहौल है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से आवारा कुत्तों पर नियंत्रण के लिए प्रभावी कार्रवाई करने की मांग की है।

### चोरों ने लाखों के जेवरात किए पार

**डलमऊ, अमृत विचार।** घर में छत के रास्ते आए चोरों ने ताला तोड़कर अलमारी में रखे हुए जेवरात चोरी कर लिए। घटना की भनक लगते ही सो रही ननद एवं भाभी ने चोर को पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन असफल रहे। चोर हाथ झटक कर भागने में सफल रहा। सूचना पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के पूरे कालू मजरे तेरुखा गांव में सोमवार बीती रात को चोरों ने एक घर को निशाना बनाया। घर के छत के सहारे अंदर प्रवेश किया और कमरे के अंदर रखी हुई अलमारी के ताले तोड़ दिए। उसमें रखे हुए जेवरात चोरी कर लिए, जिसमें लगभग तीन तोला सोने और साढ़े तीन सौ ग्राम चांदी के जेवर थे। घटना की भनक कमरे में सो रही विवाहिता पिंकी को लगी उसने अपनी नंद सरिता के साथ चोर को पकड़ने का प्रयास किया। लेकिन चोर भागने में कामयाब रहा। घटना कीजानकारी डायल 112 को दी गई थी। रात ही में पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी। पीड़ित देशराज ने डलमऊ कोतवाली में तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक राघवन सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है। सभी तथ्यों पर जांच कर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

### ग्रामीणों ने पकड़ा चोर, पुलिस ने बताया स्मैकिया

**छतोह अमृत विचार।** नसीराबाद थाने की पुलिस चौकी परैया नमकसार क्षेत्र में लगातार हो रही चोरियों का सिलसिला जारी है। वहीं पुलिस कार्यवाही शून्य है। रिपोर्टिंग चौकी न होने के बावजूद पीड़ितों से प्रार्थना पत्र लेकर ठंडे बस्ते में डाल देना आम बात है। ताजा घटनाक्रम के अनुसार रविवार की रात शिवलाल प्रजापति के घर का ताला तोड़कर कई चोर घुसे। आहट पाकर ग्रामीणों ने रंगे हाथ एक चोर को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। वहीं अन्य चोर फरार होने में कामयाब हो गए। घटना के समय मकान मालिक और उसके परिवार का कोई सदस्य मौजूद नहीं था।सुबह सोमवार को उसने थाने जाकर सोने चांदी के जेवरात, बर्तन आदि गायब होने की तहरीर दी। इसी गांव में 23 फरवरी की रात शिवराम के भतीजों रामचंद्र व विजय बहादुर के घर में हुई चोरी में गहने और अन्य कीमती सामान चोर उठा ले गए थे, जिसकी लिखित सूचना थाने में दी गई थी। पूरे भदौरियन मजरे मखदूम पुर और धरई चौराहा पर हुई चोरियों की लिखित सूचना के बावजूद किसी मामले का खुलासा होना तो दूर पुलिस मुकदमा लिखना भी जरूरी नहीं समझती। ताजा मामले में पीड़ितों ने बताया कि उनके सामने पकड़े गए चोर ने दोनों चोरियां और एक दूकान पर माल बेचने की बात स्वीकार किया है। प्रभारी निरीक्षक पवन सोनकर का कहना है कि पकड़ा गया लवकुश स्मैकिया है। देखना है कि पुलिस उसके खिलाफ चोरी के अलावा स्मैक के मामले में भी कार्यवाही करती है या इसी बहाने अभयदान दे देती है।

### दबंगों ने महिलाओं को पीटा, एफआईआर दर्ज

**छतोह:** क्षेत्र के पूरे निहाली मजरे आलमपुर निवासी गीता पत्नी स्व. शिव कुमार ने आरोप लगाया कि विपक्षी उसकी बेटी के साथ मारपीट की। छह मार्च को डायल 112 को सूचित करने के बाद थाने में लिखित शिकायत की, लेकिन कोई कार्यवाही न होने पर मनबढ़ दबंग उसकी बेटी मंदिर में साफ सफाई करते समय 07 मार्च को भद्दी भद्दी गालियां देते हुए लाठी डंडों से मारने पीटने लगे। बचाने के लिए दौड़ने पर वादिनी और उसके बेटे लोकेश को भी बुरी तरह पीटा और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि पुलिस ने जबरन तहरीर बदलवाकर हल्की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है,जिससे आरोपियों के हौसले बुलंद हैं। फिलहाल पुलिस ने उसी गांव के अनंत राम दुबे,उसके पुत्रों दुर्गेश, राघवेंद्र, शैलेन्द्र, बेटी अन्नपूर्णा, पत्नी विद्यावती और अनिरुद्ध मिश्र के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर लिया है।

### मुकदमे में सुलह नहीं करने पर दी धमकी

**सलोन, अमृत विचार।** धर्म परिवर्तन और बलात्कार की शिकार पीड़िता को मुकदमे में सुलह करने की धमकी दी गई है। आरोप है कि आरोपी के सगे भाइयों ने सुलह नही होने पर परिवार समेत जान से मार देने की धमकी दी है। पीड़िता ने घटना की शिकायत एसपी ऑफिस में की है। सीओ ने घटना में जांच की बात कही है। मामला सलोन कस्बे की एक नाबालिग किशोरी को भगाकर दुष्कर्म करने एवं जबरन धर्म परिवर्तन कराकर निकाह करने से जुड़ा है।घटना में पुलिस द्वारा एक माह पूर्व मुख्य आरोपी को जेल भेजा जा चुका है। सीओ सलोन यादवेन्द्र बहादुर पाल ने बताया कि पीड़िता की शिकायत को गम्भीरता से लिया गया है। घटना की जांच के निर्देश दिए गए है। दोषियों पर सख्त कार्यवाही की जाएगी।

# बिहार के मौलाना का पुतला दहन कर जताया विरोध



मौलाना का पुतला दहन करते गौ रक्षक दल के कार्यकर्ता। अमृत विचार

डीह (रायबरेली)

**अमृत विचार।** बिहार प्रदेश के पटना में आयोजित एक धार्मिक सभा के दौरान मौलाना द्वारा उत्तर प्रदेश में गौ हत्या पर बनाए गए सख्त कानून को लेकर की गई मुख्यमंत्री की मां पर अभद्र टिप्पणी से लोगों में आक्रोश व्याप्त है। वहीं कई हिंदू संगठनों ने मोर्चा खोल दिया। क्षेत्र के गौ रक्षक दल द्वारा टिप्पणी करने वाले मौलाना के खिलाफ पुतला फूंककर नारेबाजी की।

डीह स्थित सुंदरगंज चौराहे पर सोमवार को गौरक्षक दल के कार्यकर्ता व पदाधिकारी इकट्ठा होकर बिहार प्रांत में एक धार्मिक सभा के दौरान उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की वृद्ध माताजी पर अभद्र टिप्पणी करने वाले मौलाना के खिलाफ नारेबाजी करते हुए उनका पुतला फूंका। यहां रोहित द्विवेदी, सुरेश सिंह, राज तिवारी, शिवम शुक्ला, शिव सिंह, शिव पूजन, निर्भय सिंह रहे।

# मेधावियों को किया गया सम्मानित

संवाददाता, रायबरेली

**आयोजन**





मेधावी को सम्मानित करते श्रीहेमकुंड पब्लिक स्कूल प्रबंधक पुष्पेंद्र सिंह गांधी।

**अमृत विचार।** श्री हेमकुंड पब्लिक स्कूल में एनुअल फेलिसिटेशन डे बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया। इस दौरान वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इसमें प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्रों को प्रमाण पत्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि विद्यालय प्रबंधक पुष्पेंद्र सिंह गांधी, प्रधानाचार्य इं. आस्था, वाइस प्रिंसिपल विक्रम सिंह और पीआरओ आराधना मिश्रा ने मेधावियों का उत्साहवर्धन किया।

घोषित परिणामों में विभिन्न कक्षाओं में आराध्या अग्रहरी, अन्वी, आद्विक, आद्विका गुप्ता, आयांश यादव, श्रेयंश, अलफैज, अरवी, अभिराज सिंह, आदर्श, कृतिका यादव, मानस मिश्रा, जानवी विश्वकर्मा, अकांत यादव, अंकुर यादव, उत्कर्ष त्रिवेदी, मोहम्मद फैजान, सुशांत सिंह यादव, अंश यादव, अविका, काव्या, पिहू यादव, प्रांजल, अनुभव, शौर्य प्रताप सिंह आदि को सम्मानित किया गया।

विद्यालय प्रबंधक ने बताया कि नया शैक्षिक सत्र नौ मार्च से प्रारंभ हो गया। कहा कि विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया जाता है, जिससे वे भविष्य में जीवन के हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त कर सकें। कार्यक्रम में छात्रों और अभिभावकों की उत्साहपूर्ण उपस्थिति रही।

**सपा नेता ने दिव्यांग वृद्ध दिलाई ई-ट्राई साइकिल, शिवगढ़:** इंसानियत और सेवा भाव की मिसाल पेश करते हुए सपा नेता श्रवण कुमार ने एक दिव्यांग वृद्ध की जिंदगी आसान कर दी। शिवगढ़ क्षेत्र की ग्राम पंचायत गूढ़ा के महतब खेड़ा निवासी अमर सिंह पिछले करीब 20 वर्षों से कमर, हाथ और पैरों से दिव्यांग हैं। दिव्यांगता के कारण वह घर के अन्दर और घर के आस-पास ही हाथ-पैरों और वाकर के सहारे किसी तरह चल-फिर पाते थे। रोजमर्रा के छोटे-छोटे काम भी उनके लिए बड़ी चुनौती बन जाते थे। कुछ दिन पहले किसी काम से गांव पहुंचे भौसी न्याय पंचायत के सेक्टर प्रभारी श्रवण कुमार को जब अमर सिंह की हालतके बारे में जानकारी हुई तो उनका मन द्रवित हो उठा। लगभग एक माह बाद श्रवण कुमार ने अपने निजी खर्च से अमर सिंह को ई-ट्राई साइकिल उपलब्ध करा दी। ई-ट्राई साइकिल पाकर अमर सिंह की आंखों में खुशी के आंसू छलक पड़े। सपा नेता कहा कि जरूरतमंदों की मदद करना ही सबसे बड़ा मानव धर्म है। इस मानवीय पहल की हर कोई सराहना कर रहा है।

**उत्साह** लालगंज में भी लोगों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर भारत की जीत पर प्रसन्नता जताई

# विश्व कप की जीत पर खूब मना जश्न, जमकर हुई आतिशबाजी

लालगंज (रायबरेली)

**अमृत विचार।** रविवार का दिन भारतीय क्रिकेट इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में दर्ज हो गया। भारतीय टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए टी-20 क्रिकेट विश्व कप जीतकर पूरे देश को गर्व और खुशी से भर दिया है। लालगंज में भी लोगों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर भारत की जीत पर जोरदार प्रसन्नता जताई है। भाजपा के प्रांतीय परिषद सदस्य सुशील शुक्ला ने कहा कि यह जीत केवल खिलाड़ियों की नहीं, बल्कि पूरे भारत के विश्वास, मेहनत और जुनून की जीत है। व्यापार मंडल अध्यक्ष विवेक शर्मा ने कहा कि मैदान पर खिलाड़ियों का समर्पण, संघर्ष और टीम भावना हर भारतीय के लिए प्रेरणा बन गया है। व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष रोहित सोनी, शिवम गुप्ता ने कहा कि भारत की इस शानदार विजय पर पूरी टीम को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं हैं। भाजपा वरिष्ठ नेता दीप प्रकाश शुक्ला ने कहा कि मोदी के राज में क्रिकेट, राजनीति, चाहे युद्ध का मैदान हो सभी तरफ भगवान श्री राम की कृपा से जय-जय कर ही हो रही है। इसके अलावा भाजपा नेता अनूप पांडे, भाजपा नेता जेपी सिंह, कैलाश बाजपेई, व्यापार मंडल महामंत्री अप्पू शर्मा, सानू बाजपेई, मंटू बाजपेई, कौशलेंद्र, कंचन आदि ने खुशी जताई है।



महराजगंज क्षेत्र में भारत की जीत पर खुशी जताते लोग। अमृत विचार

### भाजपा नेता ने जीत पर बांटी मिठाई

**सरेनी (रायबरेली)।** क्षेत्र के पहुरी गांव में पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष रामू सिंह प्रधान ने विश्व कप की जीत पर मिठाई बांटी। कहा कि कड़ी मेहनत से एक बार फिर साबित हो गया कि भारत विश्व की सर्वश्रेष्ठ टीम है। पूर्व भाजपा मंडल महामंत्री चंद्रकांत, शिवम सिंह ने कहा कि बेहतर प्रदर्शन पर खिलाड़ियों को मौका मिल रहा है। इसी का नतीजा है कि आज तिरंगा पूरे विश्व में फहरा रहा है। अमन सिंह, शिशिर बाजपेई, राहुल सिंह, कुलदीप सिंह, लल्लन बाजपेई, सुनील यादव बीडीसी, अंकित, सोहन लाल लोधी बीडीसी, मथुरा प्रसाद लोधी, गोविंद सिंह, चंदेव सिंह, बिरेंद्र मोहन श्रीवास्तव, हरि शंकर श्रीवास्तव, अनूप श्रीवास्तव, अतुल श्रीवास्तव आदि ने खुशी जताई है।



भारत की जीत पर मिठाई खिलाते पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष रामू सिंह। अमृत विचार

**ढोल नगाड़े पर थिरके समर्थक, खूब लगे जयकारे, महराजगंज:** भारत-न्यूजीलैंड के बीच फाइनल के रोमांचक मुकाबले का सजीव प्रसारण के लिए मुख्य तिराहे पर स्क्रीन पर देखने के लिए समर्थकों का मजमा लगा रहा। भारत के विजयी होने के बाद युवाओ द्वारा ढ़ोल नगाड़े, अबीर ग़ुलाल लगा विजय जुलूस निकाल भारत माता की जय के जयकारे लगाए गए। वही न्यूजीलैंड का आखिरी विकेट गिरते ही मुख्य तिराहे पर जमकर आतिशबाजी भी की गयी। क्रिकेट प्रेमी एवं व्यवसायी प्रिंकल सिंह द्वारा सभी का लड्डूओ से मुँह भी मीठा कराया। प्रशांत जायसवाल, रिंकू जायसवाल, समाजसेवी एवं सभासद प्रतिनिधि अमित त्रिपाठी, कमलाकर, विक्रमादित्य, सुरेश शुक्ला, डॉ एमडी पासी, सूर्य प्रकाश वर्मा, सोनू वर्मा, मो वाशिम, कामरान सिद्दीकी, कमलेश कुशमेष(सभासद), हर्षित श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

न्यूज ब्रीफ

### थाना अध्यक्ष पर पीड़िता ने लगाए गंभीर आरोप

अमेठी। मुंशीगंज थाना क्षेत्र के उलरा गांव में नाली साफ करने गई एक महिला के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़िता ने पड़ोसियों पर मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़िता के अनुसार वह घर के पीछे नाली साफ करने गई थी। इसी दौरान पड़ोसी चक्रधर पांडेय, उनकी पत्नी मंजू और उनके दोनों बेटों ने मिलकर उसके साथ मारपीट की। महिला का कहना है कि एक बेटे का नाम वेदांत है जबकि दूसरे का नाम उसे नहीं पता। महिला का आरोप है कि जब वह शिकायत लेकर मुंशीगंज थाने पहुंची तो कोतवाल शिवाकांत ने उसकी तहरीर लेने से मना कर दिया और घर जाने को कह दिया। पीड़िता का कहना है कि बाद में उसकी दी हुई तहरीर बदलवाकर दूसरी तहरीर लिखवाई गई। सूत्रों के मुताबिक मुंशीगंज थाने में आए दिन दलालों का जमावड़ा लगा रहता है। नाम न छापने की शर्त पर कुछ लोगों ने बताया कि कई मामलों में पीड़ितों की तहरीर बदलवाने के आरोप लगते रहे हैं और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई में ढिलाई बरती जाती है।

### उपद्रवियों ने तोड़ डाली आरसीसी बेंच

संग्रामपुर (अमेठी): रविवार को थाना संग्रामपुर क्षेत्र के ग्रामसभा बनवीरपुर में सार्वजनिक स्थानों पर बैठने के लिए लगाई गई आरसीसी बेंच को अज्ञात उपद्रवियों द्वारा किसी भारी वस्तु से तोड़ने पर ग्राम सभा प्रधान शारदा देवी ने थाने में लिखित शिकायत की। ग्राम सभा प्रधान प्रतिनिधि प्रदीप यादव ने बताया कि ग्रामसभा में पंचायत द्वारा गांव के लोगों को सार्वजनिक स्थलों पर बैठने के लिए आर सीसी बेंच लगाई गई है। इसी सार्वजनिक स्थल शंकरगढ़ चौराहे पर लगी बेंच को कुछ उपद्रवियों द्वारा किसी भारी वस्तु से तोड़ दिया गया। लोगों ने जांच कराकर अज्ञात उपद्रवियों पर कार्रवाई कराने की मांग की है।

### एसडीएम की चौखट पर पहुंचा फरियादी

सिंहपुर (अमेठी)। शिवरतनगंज थाना क्षेत्र के गांव खरुल्लागंज मजरे खरगपुर निवासी एक फरियादी तिलोई एसडीएम कार्यालय के सामने जाकर अवैध को हटवाने को लेकर गिड़गिड़ाने लगा जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है। हालांकि अमृत विचार वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। थाना क्षेत्र के शिवरतनगंज के गांव खरुल्लागंज मजरे खरगपुर निवासी सत्य नारायण सोमवार को तहसील पहुँच एसडीएम से मिल अपनी फरियाद सुनाने को लेकर रोने लगा। फरियादी ने बताया कि गांव के दबंगों ने उसकी जमीन पर निर्माण शुरू कर रखा है।

# क्रॉसिंग पार करते समय ट्रेन की चपेट में आई बाइक

## हादसा टला: लोको पायलट की सूझबूझ से रुकी बेगमपुरा एक्सप्रेस, आधे घंटे खड़ी रही ट्रेन

मुसाफिरखाना (अमेठी)



घटना के बाद ट्रेन रुकने के दौरान मौजूद यात्रियों की भीड़। अमृत विचार

**अमृत विचार।** क्षेत्र के इसौली मार्ग स्थित रेलवे क्रॉसिंग के पास सोमवार शाम एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। क्रॉसिंग बंद होने के बावजूद दो युवक कुछ दूरी पर बाइक लेकर रेलवे ट्रैक पार करने लगे। इसी दौरान सुलतानपुर से लखनऊ की ओर जा रही बेगमपुरा एक्सप्रेस ट्रेन ट्रैक पर आ गई। ट्रेन को नजदीक देख दोनों युवक घबराकर बाइक छोड़कर भाग निकले, जिससे उनकी जान बच गई, लेकिन बाइक ट्रेन की चपेट में आ गई। हालांकि लोको पायलट की सूझबूझ से बेगमपुरा एक्सप्रेस रोक ली गई। वहीं हादसे के चलते आधे घंटे ट्रेन के खड़े रहने से यात्रियों में अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।

जानकारी के मुताबिक ट्रेन की टक्कर के बाद बाइक ट्रेन में फंसकर करीब सौ मीटर तक घिसटती चली गई। मुसाफिरखाना रेलवे स्टेशन के पास पोल संख्या 947/1 के निकट क्षतिग्रस्त बाइक ट्रेन से अलग होकर ट्रैक किनारे गिर गई। घटना शाम करीब चार बजे की बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि हादसा इसौली क्रॉसिंग और मुसाफिरखाना रेलवे स्टेशन के बीच दिव्यांगजनों के लिए बनाए गए प्लेटफॉर्म के पास हुआ। टक्कर के बाद बाइक ट्रेन में फंसने से स्थिति गंभीर हो गई, जिस पर बेगमपुरा एक्सप्रेस सुपरफास्ट के लोको पायलट ने सूझबूझ दिखाते हुए तुरंत ब्रेक लगाकर ट्रेन को रोक दिया। इससे संभावित बड़ा हादसा टल गया।

घटना के कारण ट्रेन करीब आधे घंटे तक मौके पर खड़ी रही, जिससे यात्रियों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। बाद में स्थिति सामान्य होने पर ट्रेन को आगे के लिए रवाना कर दिया गया। सूचना मिलने पर रेलवे पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस बाइक नंबर के आधार पर युवकों की पहचान करने का प्रयास कर रही है। गनीमत रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, हालांकि बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

### हरियाणा में सड़क हादसे में युवक की मौत, गांव में मातम

महराजगंज (रायबरेली)। रोजी-रोटी के लिए दिल्ली में रहकर लोडर चलाने वाले 44 वर्षीय रामकुमार की हरियाणा के बिलासपुर के पास एक भीषण सड़क हादसे में मौत हो गई। सोमवार सुबह उनका शव गांव पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। चंदापुर थाना क्षेत्र के पूरे रिशाल मजरे कुशमहुरा निवासी रामकुमार पिछले 10 सालों से दिल्ली में लोडर चलाते थे। रविवार तड़के करीब चार बजे बिलासपुर फ्लाईओवर के पास वह अपनी गाड़ी से उतरकर खड़े थे। तभी पीछे से आ रहे एक तेज़ रफ़्तार डंपर ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद जब शव पैतृक गांव पहुंचा, तो पत्नी और दोनों बेटों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। पूरे गांव में मातम पसरा है। मृतक के भाई राजकुमार के अनुसार, बिलासपुर थाने में तहरीर दे दी गई है। पुलिस ने आरोपी डंपर को कब्जे में लेकर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# डिजिटल कौशल रथ का डीएम ने किया शुभारंभ



फीता काटकर रथ को रवाना करते डीएम संजय चौहान। अमृत विचार

कमरौली (अमेठी)

**अमृत विचार।** जिले में डिजिटल साक्षरता और कौशल विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सोमवार को डिजिटल कौशल रथ का शुभारंभ किया गया। औद्योगिक क्षेत्र जगदीशपुर स्थित सेंटर ऑफ टेक्नोलॉजी एंड इंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट (सीटेड) परिसर में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी संजय चौहान ने फीता काटकर रथ को रवाना किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि वर्तमान समय में डिजिटल साक्षरता बेहद जरूरी हो गई है। सरकार का प्रयास है कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के अधिक से अधिक युवाओं को आधुनिक तकनीक और ऑनलाइन सेवाओं से जोड़ा जाए। डिजिटल कौशल रथ के माध्यम से छात्रों, युवाओं और आम नागरिकों को विभिन्न सरकारी योजनाओं और तकनीकी प्रशिक्षण की जानकारी दी जाएगी।

कार्यक्रम में सीटेड के निदेशक इंजीनियर संजय सिंह ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं को आधुनिक उपकरणों और डिजिटल सेवाओं का व्यावहारिक ज्ञान दिया जाएगा। प्रशिक्षण पूरा होने के बाद प्रतिभागियों को मान्यता प्राप्त प्रमाण-पत्र भी प्रदान किए जाएंगे। इस दौरान जिलाधिकारी ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे युवाओं से बातचीत कर उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में दीपक मिश्रा, आदर्श सिंह, सुशील, डॉ. अनूप, शैलेंद्र, राकेश, विजय भान, उदयनाथ मिश्रा और अरविंद श्रीवास्तव सहित कई लोग मौजूद रहे।

# आरजीआईपीटी में पूर्णकालिक कुलसचिव ने संभाला पदभार



कुलसचिव का स्वागत करते संस्थान के अधिकारी। अमृत विचार

जायस (अमेठी)

**अमृत विचार।** राजीव गांधी पेट्रोलियम प्रौद्योगिकी संस्थान (आरजीआईपीटी) में सोमवार को राजन श्रीवास्तव ने संस्थान के प्रथम पूर्णकालिक कुलसचिव के रूप में पदभार ग्रहण किया। उनकी नियुक्ति पाँच वर्षों के लिए संस्थान के संचालक मंडल की अनुमति से, संचालक मंडल के अध्यक्ष प्रो. अनिरुद्ध बी. पंडित द्वारा की गई है।

नियुक्ति से पूर्व राजन श्रीवास्तव भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) बीएचयू में संयुक्त कुलसचिव के पद पर कार्यरत थे। उन्हें उच्चतर शैक्षणिक संस्थानों के प्रशासनिक तथा अकादमिक कार्यों का 30 वर्षों से अधिक का अनुभव है। पदभार ग्रहण करने के बाद राजन श्रीवास्तव ने कहा कि उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता संस्थान में सुदृढ़ प्रशासनिक व्यवस्था स्थापित करना तथा यह सुनिश्चित करना होगा कि संस्थान के सभी हितधारकों को इसका लाभ मिले। उन्होंने संस्थान की प्रशासनिक और शैक्षणिक प्रक्रियाओं को और अधिक प्रभावी तथा पारदर्शी बनाने पर जोर दिया। वहीं उप कुलसचिव समीर रंजन सिंह सहित अन्य अधिकारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर राजन श्रीवास्तव का स्वागत किया।

# बकाया भुगतान की मांग को लेकर मनरेगा कर्मियों ने सौंपा ज्ञापन

सिंहपुर (अमेठी)



बीडीओ सिंहपुर को ज्ञापन देते मनरेगा कर्मी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** विकास खण्ड सिंहपुर में सोमवार को मनरेगा कर्मियों ने अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित पांच सूत्रीय ज्ञापन खंड विकास अधिकारी को सौंपा। ग्राम रोजगार सेवक, कंप्यूटर ऑपरेटर, लेखा सहायक, तकनीकी सहायक व अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी समेत मनरेगा कर्मियों ने काली पट्टी बांधकर विरोध दर्ज कराया। कर्मचारियों का कहना है कि वे विभागीय निर्देशों के अनुसार मनरेगा के लक्ष्यों की पूर्ति के साथ-साथ अन्य कार्यों में भी पूरा योगदान दे रहे हैं, लेकिन जुलाई 2025 से उनका मानदेय लंबित है। इसके अलावा कर्मचारियों का ईपीएफ भुगतान भी लंबे समय से नहीं किया गया है। दीपावली और होली जैसे प्रमुख त्योहारों पर भी वेतन न मिलने से कर्मचारियों को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है, जिससे उनकी पारिवारिक जिम्मेदारियां प्रभावित हो रही हैं।

**● जल्द समाधान न होने पर आंदोलन की चेतावनी**

ज्ञापन में कर्मचारियों ने मानदेय बढ़ाने, एचआर पॉलिसी लागू करने, मानदेय का भुगतान हर माह की पांच तारीख तक सुनिश्चित करने, वर्ष 2015 से लंबित ईपीएफ का भुगतान यूएएन खाते में कराने तथा लंबे समय से कार्यरत कर्मियों को अनुभव के आधार पर लाभ देने की मांग की है।कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा। इसके तहत 9 मार्च से काली पट्टी बांधकर विरोध, 10 मार्च को उपमुख्यमंत्री के जनता दर्शन में पहुंचकर समस्या रखने और आगे जनप्रतिनिधियों को भी ज्ञापन देने का निर्णय लिया गया है।वहीं इस सम्बन्ध में खंड विकास अधिकारी कमलेश यादव ने बताया कि ज्ञापन मिला है जिसे उच्चाधिकारियों को प्रेषित कर दिया गया है।

इस अवसर पर श्रीकांत त्रिपाठी,श्याम कुमार, राजेश प्रसाद मिश्रा, नीरज, कुमारी, महेश चंद्र, अरविन्द कुमार, शीलम सिंह, राममूर्ति कुशवाहा, शैलेश चौहान, अनीता, दिलीप, सुशील समेत दर्जनों मनरेगा कर्मी उपस्थित रहे।

### इंदिरा गांधी नर्सिंग कॉलेज में सेरेमनी आयोजित



छात्रा को सम्मानित करते कॉलेज के सीईओ।

अमेठी, अमृत विचार। मुंशीगंज स्थित इंदिरा गांधी स्कूल एंड कॉलेज ऑफ नर्सिंग में लैम्प लाइटिंग सेरेमनी एवं सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ, जिसमें संजय गांधी मेमोरियल न्यास के प्रशासक विंग कमांडर मनोज मुट्टू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मुख्य कार्यकारी अधिकारी शर्मिला राय बरुआ चौधरी ने फिट इंडिया खेल प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम में वित्त अधिकारी एस.के. जैन सहित अन्य विशिष्ट अतिथियों में अवधेश शर्मा, एस.के. राजपूत, मिस तृष्णा और डॉ. यू.ए. सिद्दीकी भी मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के स्वागत से हुई। इसके बाद बीएससी नर्सिंग प्रथम सेमेस्टर, जीएनएम प्रथम वर्ष और एएनएम प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों ने लैम्प लाइटिंग सेरेमनी में भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन मिस सौम्या पांडेय और मिस साक्षी ने किया, जबकि स्वागत भाषण मिस बेनजीर ने दिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने मधुर गीत प्रस्तुत कर माहौल को भावुक बना दिया। उप्राचार्य गोमती एम ने नर्सिंग शपथ दिलाई। अंत में खेल उत्सव के विजेताओं को प्रमाण पत्र और पदक देकर सम्मानित किया गया। प्राचार्य डॉ. रमेश एस ने सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

### श्रीकृष्ण जन्म कथा सुन श्रद्धालु भावविभोर



कथा सुनाते पं उज्जवल शास्त्री।

सिंहपुर (अमेठी) अमृत विचार। सिंहपुर ब्लॉक क्षेत्र के उसरहा गांव में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में सोमवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। अयोध्या से पधारे कथा व्यास उज्ज्वल शास्त्री महाराज ने श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत कथा में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की कथा सुनाई । कथा पांडाल में उपस्थित श्रोताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण के जन्म की कथा का भावपूर्ण वर्णन किया गया। कथा व्यास ने बताया कि जब पृथ्वी पर अत्याचार बढ़ गया और कंस का आतंक फैल गया, तब भगवान विष्णु ने श्रीकृष्ण के रूप में अवतार लिया। आधी रात को मथुरा की कारागार में देवकी के गर्भ से भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ। इसके बाद वसुदेव उन्हें यमुना पार कर गोकुल में नंद-यशोदा के यहां छोड़ आए। कथा सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो गए और पूरा पंडाल कृष्ण नाम के जयकारों से गूंज उठा। अंत में आरती के बाद प्रसाद वितरित किया गया।इस अवसर पर संजय शुक्ला, शिवमोहन शुक्ला, ओमकार बाजपेई, आनंद बाजपेई, अतुल शुक्ला, राजेंद्र तिवारी, गोपी बाजपेई, दीपू शुक्ला, योगेश शुक्ला, जगजीवन तिवारी, लालजी मिश्रा, विजय शुक्ला, शिवमोहन चौरसिया सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# सीता ने राम को पहनाई वरमाला, लगे जयकारे

कमरौली (अमेठी)



श्री राम कथा में माता सीता को वरमाला पहनाते श्रीराम। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सिन्दूरवा स्थित बाबा गंगादास कुटी में आयोजित श्रीराम कथा के तीसरे दिन धनुष यज्ञ और राम-सीता विवाह का दिव्य प्रसंग बड़े ही भावपूर्ण ढंग से सुनाया गया। कथा वाचक महाराज राजेश निर्मोही ने राम-सीता विवाह का वर्णन करते हुए उपस्थित श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कथा सुनते ही पूरे पंडाल में जय श्रीराम के जयकारों से माहौल भक्तिमय हो उठा।कथा में बताया गया कि मिथिला नरेश राजा जनक ने अपनी पुत्री माता सीता के विवाह के लिए धनुष यज्ञ का आयोजन किया। इसमें शर्त रखी गई कि जो भी वीर भगवान शिव के दिव्य धनुष को उठाकर प्रत्यंचा चढ़ाएगा, वही सीता से विवाह करेगा। कई राजा और वीर असफल रहे गुरु विश्वामित्र के मार्गदर्शन में जब भगवान श्रीराम वहां पहुंचे, तो उन्होंने सहज भाव से धनुष को उठाया और प्रत्यंचा चढ़ाई, जिससे धनुष टूट गया। इसके बाद माता सीता ने भगवान श्रीराम को वरमाला पहनाई और विवाह का पावन प्रसंग संपन्न हुआ।इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख राजेश विक्रम सिंह, महंत गुरु बक्श दास, अंजनी मिश्रा, दिनेश लोधी, दुर्गा सोनी, अरुण कुमार, श्यामलाल, तुलसीराम, बाबादीन, राहुल, शिवकुमारी, संदीप पाण्डेय, संगीता सिंह, संजय चौहान, राकेश कुमार, गौरव शिवराज सिंह, मानसिंह और अमरचंद मौर्य सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# छात्रवृत्ति परीक्षा में सफल हुई छात्राओं का सम्मान

महराजगंज (रायबरेली)

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय आय आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा 2026 में सफल छात्राओं को खंड शिक्षा अधिकारी ने सम्मानित किया। क्षेत्र के कम्पोजिट विद्यालय मोन के आठवीं की दो छात्रा आंचल व रोली ने राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में चयनित होकर विद्यालय का मान बढ़ाया है। सोमवार को विद्यालय के शिक्षकों व खण्ड शिक्षा अधिकारी राम मिलन यादव ने छात्राओं को परीक्षा में सफल होने पर सम्मानित किया गया। बीईओ राम मिलन यादव ने कहा जूनियर स्तर पर आयोजित होने वाली परीक्षा के लिए चयन जहां विद्यालय के शैक्षिक स्तर का पैमाना है। कम्पोजिट मोन के अलावा विकास खण्ड के कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय कुशमहुरा के अमरेंद्र व पूर्व माध्यमिक विद्यालय तौली की शिवांशी ने भी परीक्षा में उत्तीर्ण होकर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। प्रधानाचार्य ऊषा सिंह, गीता श्रीवास्तव, नंदकुमार, अंकित मिश्रा, अनुपम पाण्डेय, मनीष सिंह आदि मौजूद रहे।

### डबल गर्डर ईओटी क्रेन को दिखाई हरी झंडी



क्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते भेल निदेशक ईआरडी एस.एम.रामनाथन।

कमरौली (अमेठी) अमृत विचार। भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड की इकाई एफएसआईपी, जगदीशपुर में विकसित 31.5 मीटर फैलाव और 30/5 टन क्षमता की डबल गर्डर ईओटी क्रेन को कंपनी के निदेशक (ईआरडी) एस.एम. रामनाथन ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसे इकाई की तकनीकी क्षमता और विकास यात्रा का महत्वपूर्ण पड़ाव माना जा रहा है। इस अवसर पर रामनाथन ने कहा कि यह क्रेन बीएचईएल की उत्कृष्ट अभियांत्रिकी दक्षता और अनुसंधान-विकास प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि इस तरह की उन्नत तकनीक से तैयार क्रेनें संगठन की आंतरिक जरूरतों को पूरा करने के साथ ही औद्योगिक क्षेत्र की मांग को भी पूरा करेंगी। इकाई प्रमुख सुनील कुमार सोमानी ने इसे टीम भावना, नवाचार और तकनीकी दक्षता का परिणाम बताते हुए कहा कि इससे संगठन की रणनीतिक आत्मनिर्भरता को मजबूती मिलेगी और नए व्यावसायिक अवसर भी मिलेंगे। कार्यक्रम में महाप्रबंधक (उत्पादन) एम.एस. नेगी, महाप्रबंधक (वित्त) नीरज ठाकर, यूनियन पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे।

### ट्रेडिंग ऐप के नाम पर 35.49 लाख की ठगी

अमेठी, अमृत विचार। साइबर ठगों ने ट्रेडिंग ऐप में निवेश का झांसा देकर एक कारोबारी से 35.49 लाख रुपये ठग लिए। ठगों ने फेसबुक पर सक्रिय ट्रेडिंग ग्रुप के जरिए संपर्क किया और खुद को वित्तीय सलाहकार बताकर फर्जी निवेश का जाल बिछाया। सुल्तानपुर के शिवपुरी करोंदिया निवासी रवि प्रकाश तिवारी, जो गौरीगंज में बजाज कंपनी की डीलरशिप चलाते हैं, 29 जनवरी 2026 को फेसबुक के एक ट्रेडिंग ग्रुप से जुड़े थे। ग्रुप में शेयर बाजार से जुड़े मुनाफे के संदेश लगातार पोस्ट होते थे, जिससे उन्हें निवेश सुरक्षित लगा। 9 फरवरी को 'मेहरा' नाम की महिला ने कॉल कर खुद को वित्तीय सलाहकार बताया और गूगल प्ले स्टोर से एक ट्रेडिंग ऐप डाउनलोड करवाया। केवाईसी पूरी कराने के बाद पहले 25 हजार रुपये निवेश कराए गए, जो अगले दिन 27 हजार रुपये के रूप में वापस मिले। इससे भरोसा बढ़ गया। इसके बाद ठगों ने 50 हजार रुपये और जमा कराए और ऐप में 'क्लीनमैक्स' नाम के आईपीओ में 9.29 लाख रुपये का आवंटन दिखाया। रकम निकालने के लिए अतिरिक्त धन जमा करने की बात कहकर अलग-अलग खातों में पैसे ट्रांसफर कराए गए। पीड़ित ने सैनिक मोटर्स के खाते से 8.75 लाख और फिर एसबीआई खाते से 26 लाख रुपये भेज दिए। इस तरह कुल 35.49 लाख रुपये ठगों के खातों में ट्रांसफर हो गए। जब रवि ने ऐप पर शेयर बेचने की कोशिश की तो फिर से और पैसा जमा करने का संदेश आया। शक होने पर उन्होंने साइबर क्राइम थाने में शिकायत दर्ज कराई।

फूटा गुस्सा

कर्मियों ने ज्ञापन सौंपकर प्रशासन से जल्द भुगतान कराने की मांग की

# मनरेगा कर्मियों का बकाया मानदेय भुगतान न होने पर रोष

अमावां (रायबरेली)



बीडीओ को ज्ञापन सौंपते मनरेगा कर्मी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** विकास खंड में कार्यरत मनरेगा कर्मियों ने लंबे समय से बकाया मानदेय का भुगतान न होने पर नाराजगी जताई है। कर्मियों ने प्रशासन से जल्द भुगतान कराने की मांग की है। उनका कहना है कि ग्राम रोजगार सेवक, कंप्यूटर ऑपरेटर, लेखा सहायक, तकनीकी सहायक व अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारियों को जुलाई 2025 से मानदेय नहीं मिला है। साथ ही ईपीएफ की देनदारी भी काफी समय से लंबित है। बीडीओ संदीप सिंह ने बताया कि जल्द ही प्रशासन से इस समस्या से अवगत कराकर भुगतान कराया जाएगा ।

कर्मियों का कहना है कि विभागीय निर्देशों के अनुसार उन्होंने मनरेगा के लक्ष्यों की पूर्ति के साथ-साथ एसआईआर, क्रॉप सर्वे सहित अन्य सरकारी कार्यों में भी पूरा योगदान दिया है। इसके बावजूद लंबे समय से भुगतान न होने से उनकी आर्थिक स्थिति खराब हो गई है। दीपावली और होली जैसे त्योहार भी बिना वेतन के मनाने पड़े, जिससे परिवार चलाना मुश्किल हो रहा है।

सोमवार को करीब 26 मनरेगा कर्मचारियों ने अमावां ब्लाक कार्यालय पहुंचकर खंड विकास अधिकारी संदीप सिंह को ज्ञापन सौंपा और बकाया मानदेय व ईपीएफ भुगतान कराने की मांग की। इससे पहले 23 फरवरी 2026 को मनरेगा कर्मचारी महासंघ के प्रतिनिधिमंडल ने ग्राम्य विकास विभाग के आयुक्त से मिलकर भी समस्या से अवगत कराया था। कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि जल्द भुगतान न होने पर आंदोलन करने को मजबूर होंगे। इस दौरान भूपेंद्र, अखिलेश, रामपाल, अवधेश, आशुतोष, संतलाल सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।



खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन देते किसान यूनियन के पदाधिकारी।

**किसानों की समस्याओं को लेकर बीडीओ को सौंपा ज्ञापन, डीह:** किसानों की समस्याओं को लेकर सोमवार को भारतीय किसान यूनियन की मासिक बैठक ब्लॉक परिसर में हुई, जिसमें ब्लॉक क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आए किसानों द्वारा क्षेत्र की समस्याओं की लिखित शिकायती पत्र खंड विकास अधिकारी को सौंपा और समस्याओं के निस्तारण की मांग किया।किसान नेताओं ने गांवों में चल रहे जल जीवन मिशन योजनांतर्गत ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल आपूर्ति के लिए खड़ंजो को खोदकर पाइप लाइन तो बिछा दी गई, लेकिन आज तक खड़ंजो को सही नहीं करवाया गया। इससे आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ग्राम पंचायत पोठई के गांव धवरी में नहर की पटरी से पूरे गोसाई तक खड़ंजा, मझिलहा गांव में पक्की सड़क से नाले तक जल निकासी के लिए नाली निर्माण, सादीपुर कोटवा के तराई गांव में छोटेलाल के दरवाजे से रामेश्वर के दरवाजे तक नाली निर्माण डीह कस्बे में शरीफ के दरवाजे से पप्पू मौर्य के खेत तक नाली निर्माण करवाया जाय। वहीं पोठई ग्राम पंचायत में तैनात सफाई कर्मचारी कभी भी गांव में साफ सफाई करने नहीं जाता जिससे नालियां बजबजा रही है। सिरसी गांव की निवासी कंचन पत्नी ओम प्रकाश को प्रधान मंत्री आवास दिलवाया जाए।

वहीं खंड विकास अधिकारी शिवाकांत बाजपेई का कहना है कि शिकायतों की जांच करवा कर जल्द निस्तारण किया जाएगा।

# अमृत विचार

मंगलवार, 10 मार्च 2026



जिंदगी में दो तरह की ट्रेजेडी हैं। एक है अपने दिल की ख्वाहिश खो देना और दूसरी है उसे पा लेना।
–जॉर्ज बर्नाड शॉ, आयरिश लेखक



## क्रिकेट शिखर पर तिरंगा

भारतीय क्रिकेट ने वह कर दिखाया, जो अब तक इस क्षेत्र में असंभव माना जाता था। 2024 में बारबाडोस की जीत के बाद, 2026 में खिताब को सफलतापूर्वक डिफेंड करना न केवल भारतीय टीम के कौशल को दर्शाता है, बल्कि यह विश्व क्रिकेट में भारत के पूर्ण वर्चस्व की घोषणा भी है। 2007, 2024 और 2026 के तीन टी-20 वर्ल्ड कप खिताब जीतने वाला पहला देश बनकर टीम इंडिया ने विश्व क्रिकेट के शिखर पर अपना तिरंगा गहराई तक गाड़ दिया है। विश्व विजेता बनने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रपति और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की बधाई मात्र शिष्टाचार नहीं, उस 'स्पोर्टिंग कल्चर' की स्वीकारोक्ति और सराहना है, जिसे देश ने हाल के वर्षों में आत्मसात किया है।

भारत का यह वर्चस्व रातों-रात नहीं आया है। इसके पीछे भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड की कुशल प्रबंधन रणनीति और सरकार का खेल-अनुकूल दृष्टिकोण रहा है। आज भारत के पास दुनिया का सबसे बड़ा क्रिकेट ढांचा है। बेंगलुरु स्थित राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी, 40 एकड़ में फैली 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' जो दुनिया का सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट प्रशिक्षण केंद्र है, जिसमें 45 पिचें, इनडोर सुविधाएं और रिकवरी सिस्टम हैं। इसके अलावा छोटे शहरों तक फैले अत्याधुनिक स्टेडियमों, स्तरीय कोचिंग केंद्रों ने भी प्रतिभाओं को निखारने का काम किया है। आईपीएल ने भारतीय खिलाड़ियों को दबाव सोखने और अंतर्राष्ट्रीय दिग्गजों के साथ खेलने का जो अनुभव प्रदान किया, उसी का परिणाम है कि आज भारत के पास एक नहीं, बल्कि तीन अलग-अलग 'ए' श्रेणी की टीमें तैयार हैं। इन्ही सब के चलते 19 बरस से कम क्रिकेटरों के भी विश्वविजेता हम ही हैं तथा महिला क्रिकेट भी बेहद तेजी से प्रगति कर रहा है। उसके पास भी विश्व खिताब है। आज आक्रामक क्रिकेट और डाटा एनालिटिक्स के इस्तेमाल ने भारत को आधुनिक क्रिकेट का अगुआ बना दिया है। यह नया खिताब इस बात की तस्दीक करता है कि भारतीय टीम अब केवल प्रतिभा पर नहीं, बल्कि एक ऐसी व्यवस्था पर टिकी है, जो चैंपियंस पैदा करना जानती है। भारत अब क्रिकेट का सबसे बड़ा बाजार ही नहीं, वह विश्व क्रिकेट का 'पॉवर हाउस' है। भारत के दमदार और आकर्षित करने वाले प्रदर्शनों ने एशियाई उपमहाद्वीप में ही नहीं संसार भर में इस खेल के प्रति लोगों का आकर्षण और लोकप्रियता को बढ़ाया है। भारत की सफलता ने ओलंपिक जैसे वैश्विक मंचों पर क्रिकेट को शामिल करने की राह को और अधिक पुख्ता किया है, जिससे 2028 के ओलंपिक में क्रिकेट की वापसी पक्की हुई। यह कहना उचित ही है कि भारतीय क्रिकेट वित्तीय शक्ति और मैदानी वर्चस्व का दुर्लभ संगम है।

यह जीत छोटे शहरों के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी और इससे निचले स्तर पर भी इस खेल में निवेश तेजी से बढ़ेगा। निःसंदेह इससे भारतीय क्रिकेट की आर्थिक स्थिति और मज़बूत होगी। उसकी ब्रांड वैल्यू भी बढ़ेगी। कुल मिलाकर 'विजेता मानसिकता' की स्थापना करने वाली यह जीत आने वाले कई दशकों तक क्रिकेट और अन्य भारतीय खेलों के लिए मार्गदर्शक बनी रहेगी, इसके मार्गदर्शन में ऐसी विश्वस्तरीय उपलब्धियां हासिल होती रहेंगी।

### प्रसंगवश

## मां न बनने का साहस व मातृत्व का नया विमर्श

जिस दिन कोई युवती यह कह देती है, 'मुझे मां नहीं बनना', उस दिन समाज की सबसे सुरक्षित मान्यता असुरक्षित हो जाती है। यह वाक्य भावनाओं से नहीं, चेतना से पैदा होता है, इसलिए डराता है। यह उस अदृश्य स्क्रिप्ट को जला देता है, जिसमें स्त्री का भविष्य जन्म के साथ ही लिख दिया गया था। लोग चौंकते इसलिए हैं कि पहली बार स्त्री अपनी देह को विरासत नहीं, निर्णय का क्षेत्र घोषित करती है। यह इंकार न तो आक्रामक है, न ही विद्रोही दिखता है, फिर भी यह सबसे गहरी बगावत है, क्योंकि यह बिना चीखे, बिना अनुमति मांगे, व्यवस्था के केंद्र में सीधा सवाल खड़ा कर देता है।

सदियों से स्त्री को यह पाठ पढ़ाया गया कि उसका अस्तित्व स्वयं के लिए नहीं, दूसरों की जरूरतों के लिए है। पहले परिवार, फिर पति और अंततः संतान के लिए। मातृत्व को इतना ऊंचा उठाया गया कि उसके भार तले स्त्री की पहचान दबकर रह गई। उसे सिखाया गया कि त्याग उसका सौंदर्य है और सहनशीलता उसका स्वभाव। आज की बेटियां इसी शिक्षा को जांच की निगाह से देख रही हैं। वे पूछ रही हैं, यदि त्याग ही स्त्री की नियति है, तो पुरुष की नियति क्या है? यह प्रश्न किसी एक भूमिका पर नहीं, बल्कि पूरी सामाजिक संरचना पर सीधा प्रहार करता है।



कृति जैन
लेखिका

शिक्षा ने इन सवालों को भाषा दी है और चेतना ने उन्हें निडरता। आज की युवा महिलाएं जीवन को केवल निभाने की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि जीने का अधिकार मानती हैं। वे जानती हैं कि मातृत्व भावनाओं का उत्सव भी हो सकता है, लेकिन प्रायः यह अदृश्य श्रम, लगातार थकान और स्वयं से मिटते जाने की प्रक्रिया भी बन जाता है। वे साफ देखती हैं कि बराबरी के दावे संकट के समय सबसे पहले टूटते हैं। जब मातृत्व की कीमत एकतरफा वसूली जाए, तब उससे इंकार स्वार्थ नहीं, बल्कि न्याय की मांग बन जाता है।

आर्थिक यथार्थ इस निर्णय को और ठोस बना देता है। आज का समय महंगा है, अनिश्चित है और अस्थिर है। एक बच्चे का पालन-पोषण अब केवल प्रेम का विस्तार नहीं, बल्कि वर्षों तक चलने वाला आर्थिक दबाव है। नौकरी छोड़ना, अवसर खोना और निर्भरता स्वीकार करना अब भी ज़्यादातर स्त्रियों के हिस्से आता है। युवा महिलाएं इस गणित को भावनाओं से नहीं, विवेक से हल करती हैं। वे पूछती हैं, क्या मातृत्व का अर्थ आर्थिक असुरक्षा को स्थायी बनाना होना चाहिए? यह सवाल सुंदर नहीं, लेकिन सच है।

मानसिक स्वास्थ्य वह सच है जिसे सबसे लंबे समय तक दबाया गया। मां को देवी बनाकर उसकी थकान को अदृश्य कर दिया गया। प्रसवोत्तर अवसाद, अकेलापन और हर हाल में 'अच्छी मां' बने रहने का दबाव वर्षों तक मौन में छिपा रहा। नई पीढ़ी की महिलाएं इस चुप्पी को तोड़ रही हैं। वे स्वीकार कर रही हैं कि हर स्त्री मां बनने के लिए मानसिक रूप से तैयार नहीं होती और यह स्वीकार करना कमजोरी नहीं, बल्कि साहस है। वे साफ कहती हैं, यदि मातृत्व के नाम पर स्वयं को खोना पड़े, तो स्वयं को बचाना अधिक ज़रूरी है।

'बेटियां जो मां नहीं बनना चाहतीं' कोई क्षणिक फैशन नहीं, बल्कि चेतना की नई क्रांति है। यह बदलाव असहज है, क्योंकि यह उन गहरी और पक्की मान्यताओं को चुनौती देता है जिनमें समाज ने सदियों तक स्त्री को बाँध रखा था। इतिहास सिखाता है कि हर बड़ा परिवर्तन पहले बेचैनी और अव्यवस्था लाता है। आज की बेटियां केवल इतना पूछ रही हैं, क्या स्त्री का मूल्य उसकी कोख से तय होगा, या उसके विचार, उसकी चेतना और उसकी स्वतंत्रता से? इसका जवाब समय ही देगा।

(ये लेखिका के निजी विचार हैं।)

## टीम इंडिया ने पूरे भारत को दिया जश्न का मौका





अनिल त्रिगुणायत
लखनऊ

शाबाश! चैंपियन टीम इंडिया। एकतरफा फाइनल मैच में न्यूजीलैंड को हराकर टी20 का विश्व कप लगातार दूसरी व कुल तीसरी बार जीतने वाली टीम को हार्दिक बधाई। भारत को गौरवान्वित करने वाले हमारे क्रिकेटरों को दिल से सलाम। हर तरह की पिच पर विश्व स्तरीय बॉलिंग-बैटिंग और फुर्तीली फील्डिंग कर आपने क्रेजी भारतीय दर्शकों का 'मन मयूर' कर दिया। आपने मैदान पर अपने धैर्य, आक्रमण व जुझारूपन की मिसाल पेश की। आपकी जांबाजी का लोहा क्रिकेट जगत आंख मूंद कर मानने को अब बेबस है। भारतीय टीम बेशक 'चैंपियन आफ चैंपियंस' है। टी20 विश्व कप का खिताब पुनः दिलाकर आपने भारतीय क्रिकेट प्रेमियों को इतराने का सुनहरा अवसर देने में कोई कसर नहीं छोड़ी।

यह खिताबी जीत भारतीय जोश व एकता की विजय का प्रतीक है, जिसने पूरे देश को गर्व तथा उन्माद से भर दिया। न्यूजीलैंड पर जीत के बाद भारत खुशी से सराबोर है। पूरे देश में जश्न मनाते क्रिकेट प्रेमियों का उत्साह तो देखते ही बन रहा। टीम इंडिया के जांबाजों ने मैदान पर क्रिकेट को जीवंत तो किया ही, टी20 क्रिकेट को नई राह भी दिखा दी है। भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में हुए टी20 विश्व कप के लगातार दो मैचों में 250 रन से ऊपर का स्कोर बना। टीम इंडिया ने पूरे जहान को बता दिया कि वह इस प्रारूप को अभी और ऊपर ले जाएगी।

फटाफट क्रिकेट की धार और पैनी करेगी। क्रिकेट भले ही इंग्लैंड का राष्ट्रीय खेल है, लेकिन इसका असल जादू तो भारत में ही सिर चढ़कर बोलता है। यहां क्रिकेट की सनक वैसे ही है, जैसे लैटिन अमेरिका व यूरोप के देशों में फुटबाल। अमेरिका में बॉस्केटबाल व बेसबाल, क्यूबा में मुक्केबाजी, न्यूजीलैंड व दक्षिण अफ्रीका में रग्बी तथा कैरेबियाई देश जमैका में ट्रैक एंड फील्ड को जिस प्रकार 'अनौपचारिक धर्म' माना जाता है। उसी प्रकार क्रिकेट को भारत में धर्म सरीखा ही माना जाता है।

हमारे देश में क्रिकेट महज एक खेल ही नहीं, वरन एक सांस्कृति स्वरूप है, धर्म मानिंद है। कश्मीर से कन्याकुमारी तथा सिलचर से लेकर काठियावाड़ तक यह खेल करोड़ों भारतीयों में एका का भाव भरता है। भाषा व रहन-सहन के अंतर को मिटाकर यह खेल एकजुटता की राह दिखाता है। वर्ष 1983 में कपिलदेव की कप्तानी वाली भारतीय टीम की वेस्टइंडीज पर खिताबी जीत को भला भारत का कौन क्रिकेट प्रेमी नहीं जानता होगा? उक्त वर्ष विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम ने देश में क्रिकेट के प्रति दीवानगी को एक नया आयाम दिया था। विश्व स्तरीय टूर्नामेंट्स जीतने तथा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) ने इस 'अनौपचारिक धर्म' वाले खेल को भारत में घर-घर तक पहुंचा दिया है।

यह कहना समीचीन है कि क्रिकेट हमारे देश को एकजुट करने वाली शक्ति बन चुका है। यह खेल हमें अटूट बंधन में बांधता है। अपनेपन, भाईचारे व सच्चे प्रेम के भाव से ओतप्रोत करता है... और हो भी क्यों न? क्रिकेट मैच देखते समय कोई भारतीय आपसे आपके धर्म या पेशे के बारे में नहीं पूछता, क्योंकि क्रिकेट देखते समय आप में सिर्फ और सिर्फ राष्ट्र भक्ति की भावना ही रहती है। हमारे देश में क्रिकेट घावों को भरने, क्षमा करने व एकजुट करने की अद्भुत शक्ति प्रदान करता है।

यह कहना अतिश्योक्ति नहीं कि टीम इंडिया आज विश्व की सफलतम टीमों में से एक है। इसने दो क्रिकेट विश्व कप, तीन टी-20 विश्व कप, तीन चैंपियंस ट्रॉफी जीतकर अपनी झोली भरी है। टीम इंडिया वर्ष 1984 से वर्ष 2025 तक कुल नौ बार एशिया कप भी जीत चुकी है। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में दो बार उपविजेता रही है। हमारे पुरुष खिलाड़ी तो कमाल के हैं ही, हमारी महिला खिलाड़ियों ने भी पिछले वर्ष महिला क्रिकेट विश्व कप जीतकर आह्लादित करने का मौका दिया है। जान लें, वर्ष 1932 में इंग्लैंड के दौरे पर टेस्ट क्रिकेट खेलने वाली छठी राष्ट्रीय टीम बनी थी इंडिया। सीके नायडू की कप्तानी में भारत ने अपना पहला टेस्ट मैच इंग्लैंड के खिलाफ लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड में खेला था।

> टीम इंडिया आज विश्व की सफलतम टीमों में से एक है। इसने दो क्रिकेट विश्व कप, तीन टी-20 विश्व कप, तीन चैंपियंस ट्रॉफी जीतकर अपनी झोली भरी है। टीम इंडिया वर्ष 1984 से वर्ष 2025 तक कुल नौ बार एशिया कप भी जीत चुकी है।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारतीय क्रिकेट टीम के दो यादगार पलों को याद करना यहां ठीक रहेगा। पहला, वर्ष 1952 में मद्रास में उसने इंग्लैंड को एक पारी से हराकर अपनी पहली टेस्ट जीत दर्ज की थी। दूसरा, भारत ने वर्ष 1971 में इंग्लैंड में पहली बार टेस्ट सीरीज जीती थी। 1970 के दशक से लेकर आजतक भारतीय क्रिकेट टीम अनेकानेक दौर से गुजरी है। परंपरागत क्रिकेट का स्थान आज पेशेवर क्रिकेट ने ले लिया है। आज क्रिकेट के लिए भारतीय बाजारों ने भी अपने खजाने का मुंह खोल दिया है। कभी पैसों की राह ताकने वाला बीसीसीआई आज दुनिया की सबसे बड़ी अर्थ प्रधान खेल संस्थाओं में से एक बन चुकी है। बाजार हमारे उम्दा क्रिकेटरों को धन संपन्न बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहा।

आईपीएल व आईसीसी टूर्नामेंट जैसे बड़े क्रिकेट आयोजन करोड़ों प्रशंसकों को आकर्षित करते हैं, जिससे उपभोग, मीडिया में दर्शकों की संख्या में वृद्धि होती है और निवेशकों के व्यवहार पर भी इसका असर पड़ता है। अरबों डालर के मीडिया अधिकार, विज्ञापन की होड़, उपभोक्ता खर्च में उछाल भारत में क्रिकेट की व्यावसायिकता के प्रत्यक्ष प्रमाण हैं। खैर, क्रिकेट पंडितों के सारे कयासों को धता बताने वाली टीम इंडिया की टी20 विश्व कप की ऐतिहासिक जीत पर ढेरों शुभकामनाएं। सूर्य कुमार यादव के कुशल नेतृत्व, संजू सैमसन समेत मध्य क्रम के बैट्समैन की धाकड़ बल्लेबाजी, जसप्रीत बुमराह की धारदार गेंदबाजी तथा टीम के अन्य खिलाड़ियों के फलदायी योगदान ने समूचे भारत का मान पुनः बढ़ाया है।

### आमने सामने



मैं यह बात सभी से कह रही हूं कि जो लोग अब टीएमसी के साथ नहीं हैं, वे बंगाली नहीं हैं। उन्हें बंगाल में रहने का कोई अधिकार नहीं है, क्योंकि ममता दीदी बंगाल की जनता के लिए यह लड़ाई लड़ रही हैं।
**–महुआ मोइत्रा**
टीएमसी नेता
पश्चिम बंगाल

टीएमसी का मतलब तानाशाही, मानसिकता और संस्कृति है। महुआ मोइत्रा के बयान से इंदिरा गांधी की उसी तानाशाही मानसिकता की बू आती है। इंदिरा गांधी ने एक बार कहा था, भारत इंदिरा है, इंदिरा भारत है। आज महुआ मोइत्रा कह रही हैं, टीएमसी बंगाली है, बंगाली टीएमसी है।
**–शहजाद पूनावाला**
भाजपा प्रवक्ता



## कैसे बदला बिहार की राजनीति का केंद्र



योगेश कुमार गोयल
वरिष्ठ पत्रकार

भारतीय राजनीति के कैनवास पर कुछ घटनाएं ऐसी होती हैं, जो एक पूरे युग के अवसान की समाप्ति का संकेत बन जाती हैं। बिहार की सत्ता के शिखर पर लगभग दो दशकों तक अडिग रहने वाले नीतीश कुमार का अचानक राज्यसभा की ओर रुख करना राजनीति के उसी बदलते अध्याय का एक निर्णायक संकेत है। होली के अगले दिन सोशल मीडिया पर एक संक्षिप्त पोस्ट के माध्यम से उन्होंने घोषणा की कि वे राज्यसभा जा रहे हैं। उन्होंने इसे अपनी 'व्यक्तिगत अभिलाषा' बताते हुए कहा कि वे लोकसभा, विधानसभा और विधानपरिषद का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं और अब उच्च सदन में जाने की इच्छा रखते थे, परंतु राजनीति केवल इच्छाओं से संचालित नहीं होती। सत्ता की गलियारों में फैसले अक्सर उन समीकरणों से तय होते हैं, जिनकी परछाई जनता को बहुत देर से दिखाई देती है, इसलिए यह प्रश्न स्वाभाविक है कि महज तीन महीने पहले बहुमत के साथ दसवीं बार मुख्यमंत्री बने नीतीश कुमार आखिर अचानक बिहार की सत्ता क्यों छोड़ रहे हैं?

सतह पर दिखने वाली कहानी और वास्तविक राजनीतिक कथा में अक्सर गहरा अंतर होता है। यदि केवल औपचारिक बयान को सच मान लिया जाए तो एक वरिष्ठ नेता का उच्च सदन में जाना एक सामान्य राजनीतिक निर्णय लगता है, लेकिन जब घटनाक्रम की परतें खोली जाती हैं, तो एक अलग तस्वीर उभरती है। होली से दो दिन पहले तक न तो जदयू में और न ही बिहार की राजनीति में यह चर्चा थी कि नीतीश कुमार राज्यसभा जा सकते हैं। पार्टी की ओर से जिन दो नामों पर सहमति बन चुकी थी, उनमें एक रामनाथ ठाकुर का था और दूसरा नीतीश कुमार के पुत्र निशांत कुमार का। निशांत के राजनीति में प्रवेश की चर्चा पिछले एक वर्ष से चल रही थी और हाल के दिनों में जदयू के वरिष्ठ मंत्रियों ने भी सार्वजनिक रूप से संकेत दिए थे कि होली के बाद वे सक्रिय राजनीति में उतर सकते हैं।

> नीतीश कुमार का राज्यसभा जाना सत्ता संतुलन, गठबंधन की मजबूरियां और बदलती रणनीतियों के बीच बिहार की राजनीति में एक नए अध्याय की शुरुआत है।

ऐसा लग रहा था कि नीतीश अपनी राजनीतिक विरासत को धीरे-धीरे अपने पुत्र के हाथों में सौंपने की तैयारी कर रहे हैं, लेकिन तीन मार्च की दोपहर के बाद अचानक राजनीतिक माहौल बदलने लगा। जदयू की राज्यसभा उम्मीदवारों की सूची जारी होने में देरी हुई और सत्ता के गलियारों से खबर आने लगी कि भाजपा की ओर से स्पष्ट संदेश दिया गया है कि अब समय आ गया है कि नीतीश कुमार मुख्यमंत्री पद छोड़ दें। यही वह क्षण था, जब बिहार की राजनीति की दिशा बदल गई। बताया जाता है कि इस संदेश के बाद मुख्यमंत्री आवास में गहन मंथन शुरू हुआ। सत्ता हस्तांतरण की संभावना पहले से मौजूद थी, लेकिन जिस तरह से यह अचानक हुआ, उसके लिए शायद खुद नीतीश भी तैयार नहीं थे।

इस राजनीतिक बदलाव की जड़ें कहीं अधिक गहरी हैं। 2020 के विधानसभा चुनाव के बाद ही यह स्पष्ट हो गया था कि बिहार की राजनीति में शक्ति संतुलन बदल चुका है। उस चुनाव में जदयू को केवल 43 सीटें मिली थीं, जबकि भाजपा 74 सीटों के साथ बड़ी पार्टी बनकर उभरी थी। फिर भी भाजपा ने उस समय नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री बनाए रखा। यह निर्णय राजनीतिक शिष्टाचार से अधिक रणनीतिक था। भाजपा जानती थी कि बिहार में अभी भी नीतीश का सामाजिक आधार मजबूत है, विशेषकर अति पिछड़ा वर्ग और महिलाओं के बीच, इसलिए सत्ता का औपचारिक नेतृत्व उन्हें सौंपकर भाजपा ने अपने राजनीतिक विस्तार की रणनीति जारी रखी, लेकिन साथ ही यह भी स्पष्ट था कि यह व्यवस्था स्थायी नहीं है।

समय के साथ संकेत मिलने लगे कि सत्ता का वास्तविक केंद्र धीरे-धीरे बदल रहा है। गृह विभाग भाजपा के पास चला गया, राज्य सरकार में भाजपा की भूमिका बढ़ती गई और जदयू के भीतर भी नेतृत्व का संतुलन बदलने लगा। सम्राट चौधरी को उपमुख्यमंत्री बनाकर भाजपा ने यह संकेत भी दे दिया कि भविष्य की राजनीति में उसकी भूमिका निर्णायक होगी। यही कारण है कि कई राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि नीतीश कुमार का राज्यसभा जाना किसी आकस्मिक निर्णय का परिणाम नहीं, बल्कि लंबे समय से तैयार हो रही राजनीतिक पटकथा का अंतिम दृश्य है।

बिहार में इस परिवर्तन ने प्रदेश की राजनीति में नई बहस को जन्म दिया है। एक महत्वपूर्ण प्रश्न जदयू के भविष्य से जुड़ा है। पार्टी लंबे समय तक नीतीश कुमार के व्यक्तित्व के इर्द-गिर्द संगठित रही है। पार्टी के भीतर ऐसा कोई दूसरा नेता नहीं उभर पाया, जो समान प्रभाव रखता हो। यदि नीतीश सक्रिय राजनीति से धीरे-धीरे दूरी बनाते हैं, तो जदयू के सामने नेतृत्व संकट पैदा होना स्वाभाविक है। निशांत कुमार इस चुनौतीपूर्ण राजनीतिक वातावरण में कितनी दूर तक जा पाएंगे यह अभी स्पष्ट नहीं है। राजनीति का एक कठोर सत्य यह है कि कोई भी दौर स्थायी नहीं होता। कभी बिहार की राजनीति लालू प्रसाद यादव के इर्द-गिर्द घूमती थी, फिर वह केंद्र नीतीश कुमार बन गए। अब एक नए दौर की शुरुआत हो रही है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

### सोशल फोरम

## बदल गए युद्ध के वार



युद्ध के हथियार नही बदले... युद्ध के वार भी बदल गए हैं।

पहला विश्वयुद्ध सीमाओ पर लड़ा गया। ट्रेंच में, बंदूकों और शेल से। दूसरा विश्वयुद्ध शहरों के अंदर आ गया। लोगों ने अपने चौक-चौराहों पर विदेशी बूट बजते देखे।



रिबोर्न मनीष
ब्लॉगर

और जब राजधानी तक पंहुचा तो युद्ध खत्म हो गया।

अब युद्ध राजधानी से ही शुरू होता है।

प्रिसिजन बॉम्बिंग, जीपीएस, और ड्रोन ने इंडिविजुअल किलिंग को महज वीडियो गेम बना दिया है।

शत्रु किसी देश की जनता नहीं होती, राजनेता होते हैं। तमाम टेक्नोलॉजी के बावजूद यह मॉरल बंधन बना हुआ था कि केवल सैनिक ठिकाने पर निशाना लगाया जाएगा। नेता बचे रहते थे। इस युद्ध ने सिविलियन और राजनीतिक ठिकानों पर भी प्रिसिजन अटैक की परिपाटी बिठाई है।

आने वाले दौर में युद्ध लड़ने वाले हर नेता पर, हत्या का खतरा बना रहेगा और सिर्फ खामनेई के लोग कंप्रोजमाइज्ड थे, बाकी के नही होंगे। ऐसा सोचना खामख्याली है।

हर देश में, हर राजधानी के, हर नेता के गिर्द कंप्रोजमाइज्ड लोग रहते है। ये उन्ही के विश्वासपात्र लोग होते हैं और जिन्हें नेता के मरने में लाभ मिलना है।

तो आने वाले दौर के हर युद्ध में राजधानी पर बम गिराकर 'सांप का फन कुचलने' का जुमला सुना दिया जाएगा। दूसरा करे, उसके पहले खुद करने की कोशिश रहेगी।

नेगोशियेशन्स का अंडर टोन कुछ यह होगा, साइन कर, वरना तुझे मरवा दूंगा। युद्ध, बहादुरी और शौर्य का मसला कम, विपक्षी नेता की हत्या का कंपटीशन बनकर रह जाना है। इसे हम सिविलाइज्ड वर्ल्ड ऑर्डर कहते रहेंगे।

गुंडे, मवाली, माफिया और व्यापारी को नेता बनाने का अंजाम यही है।

**–फेसबुक वॉल से**

### सामयिकी

## ऊर्जा का महत्व, बदलती जरूरतें और मजबूरियां

हाल ही में दुनिया में एक बार फिर ऊर्जा क्षेत्र को लेकर विस्तार से चर्चा हो रही है। यह ऊर्जा क्षेत्र के बढ़ते महत्व को दर्शाता है। दुनिया के कई देश इस बात पर एक राय हो रहे हैं कि जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम की जाए और ऊर्जा के बदलते स्रोतों को अपनाने की दिशा में तेजी से कदम बढ़ाए जाएं। कहा जा रहा है कि साल 2035 तक कोयला आधारित बिजली उत्पादन में कटौती की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी और इस दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे।

सवाल यह है कि आखिर क्यों बार-बार एनर्जी सेक्टर पर इतनी गंभीरता से बातचीत की जा रही है? क्यों वैश्विक मंचों पर इस मुद्दे को उठाया जा रहा है? असल में दुनिया ऊर्जा के क्षेत्र में संकटों का सामना कर रही है। सभी इस बात को समझ चुके हैं कि इस क्षेत्र पर अभी गंभीरता से ध्यान नहीं दिया गया, तो आने वाला समय चुनौतीपूर्ण होगा। उभरते ऊर्जा संकट, घटते जीवाश्म ईंधन संसाधनों और उच्च तेल की कीमतों के साथ जलवायु परिवर्तन की चिंताओं ने बढ़ती ऊर्जा मांगों को पूरा करने के लिए नवीकरणीय, वैकल्पिक, पर्यावरण अनुकूल और कार्बन तटस्थ ईंधन के विकास की ओर वैश्विक ध्यान आकर्षित किया है। अधिकांश ऊर्जा संकट स्थानीय कमी, युद्ध और बाजार में हेरफेर के कारण हुए हैं। कुछ लोगों ने तर्क दिया है कि कर वृद्धि, ऊर्जा कंपनियों का राष्ट्रीयकरण और इस क्षेत्र के विनियमन जैसी सरकारी कार्रवाई ने इस संकट को बढ़ाया है।



अमित बैजनाथ गर्ग
वरिष्ठ पत्रकार

जहां तक भारत की बात है, तो इसके ऊर्जा संकट से निपटने की राह में कई चुनौतियां हैं। पहली बात तो यह है कि सभी के पास सीमित ऊर्जा संसाधन हैं। भारत के पास कोयला, तेल और गैस जैसे सीमित ऊर्जा संसाधन ही मौजूद हैं और वह अपनी बढ़ती ऊर्जा मांगों की पूर्ति के लिए आयात पर निर्भर है। वहीं कोयला भंडार कमजोर है और उनके निष्कर्षण एवं उपयोग से महत्वपूर्ण पर्यावरणीय चिंताएं जुड़ी हुई हैं। परिणामस्वरूप भारत ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोतों की तलाश कर रहा है, जैसे कि सौर, पवन और जल विद्युत। देश के ऊर्जा क्षेत्र में अभी अपर्याप्त निवेश है।

भारत विश्व के सबसे बड़े ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जकों में से एक है और इसका ऊर्जा क्षेत्र इन उत्सर्जनों का एक प्रमुख योगदानकर्ता है। वहीं जलवायु परिवर्तन देश की ऊर्जा अवसंरचना को भी प्रभावित कर रहा है, क्योंकि मौसमी घटनाओं की आवृत्ति बढ़ती जा रही है। एक अध्ययन के अनुसार, देश में एलईडी बल्ब एवं ट्यूबलाइट के इस्तेमाल से उजाले के लिए खर्च होने वाली बिजली में करीब 75 फीसदी की कमी आई है। भवनों में बिजली की खपत को लेकर भी कई अध्ययन हुए हैं, जो बताते हैं कि ऊर्जा दक्ष उपकरणों के इस्तेमाल से करीब 30 फीसदी बिजली खपत कम की जा सकती है। यानी भवनों में 1.20 लाख गीगावाट बिजली बचाए जाने की संभावनाएं मौजूद हैं।

ऊर्जा दक्षता के मानकों को लागू कर घरेलू और आवासीय भवनों में बड़े पैमाने पर बिजली को बचाया जा सकता है। यदि भवनों में ऊर्जा दक्षता के मानक लागू हो जाएं, तो अतिरिक्त 30 फीसदी बिजली बच सकती है। एक रिपोर्ट के अनुसार, देश में उद्योग जगत सबसे ज्यादा करीब 42 फीसदी बिजली खर्च करता है। दूसरे नंबर पर घरेलू क्षेत्र 24 फीसदी बिजली खर्च करता है। व्यावसायिक भवनों में बिजली की खपत आठ फीसदी है। भवन क्षेत्र की कुल खपत 32 फीसदी है, लेकिन भवनों में ऊर्जा दक्षता के मानकों का क्रियान्वयन सबसे कम हुआ है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत*** 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

# अंतस

# नाथ नगरी में इतिहास का पुनर्जागरण



नाथ नगरी बरेली एक ऐतिहासिक आध्यात्मिक क्षण की साक्षी बनने जा रही है। देशव्यापी यात्रा के अंतर्गत, पावन सोमनाथ ज्योतिर्लिंग के 1000 वर्षों तक संरक्षित रहे अवशेष, 30 मार्च 2026 को उत्तर प्रदेश में प्रवेश करेंगे और 10 अप्रैल को बरेली में इस विराट यात्रा का समापन होगा। यह आयोजन केवल धार्मिक उत्सव नहीं, बल्कि भारतीय सांस्कृतिक अस्मिता और आध्यात्मिक विजय का प्रतीक माना जा रहा है।



श्वेता
वीडीएस स्टेट को-ऑर्डिनेटर
यूपी, आर्ट ऑफ लिविंग

## सहस्राब्दी की गाथा (1026 से 2026)

इतिहास के पन्नों में दर्ज है कि 1026 ईसवी में आक्रमणकारी महमूद गजनवी ने मूल सोमनाथ मंदिर को ध्वस्त कर दिया था। परंतु आस्था की लौ बुझी नहीं। मंदिर के कुछ पवित्र अंश अग्निहोत्री पुजारियों द्वारा गुप्त रूप से सुरक्षित रखे गए। पीढ़ी-दर-पीढ़ी इन अवशेषों की पूजा होती रही और उन्हें दुनिया की नजरों से दूर रखा गया। सन् 1924 में तत्कालीन कांची शंकराचार्य ने भविष्यवाणी की थी कि इन अवशेषों को एक शताब्दी तक सुरक्षित रखा जाए और समय आने पर एक योग्य आध्यात्मिक नेतृत्व को सौंपा जाए।




## आध्यात्मिक सेतु: सोमनाथ और आर्ट ऑफ लिविंग

गुरुदेव श्री श्री रविशंकर और आर्ट ऑफ लिविंग वर्षों से भारतीय आध्यात्मिक विरासत को वैश्विक मंच पर प्रतिष्ठित करने का कार्य कर रहे हैं। आर्ट ऑफ लिविंग का मूल दर्शन 'तनावमुक्त मन, हिंसामुक्त समाज' केवल आधुनिक जीवनशैली तक सीमित नहीं, बल्कि प्राचीन आध्यात्मिक मूल्यों की पुनर्स्थापना से भी जुड़ा है। सोमनाथ ज्योतिर्लिंग के अवशेषों को देशभर के ज्योतिर्लिंगों की यात्रा पर ले जाने का निर्णय इसी दृष्टि का विस्तार है। यह यात्रा किसी संस्था का आयोजन भर नहीं, बल्कि राष्ट्रव्यापी आध्यात्मिक एकता का अभियान बन चुकी है। गुरुदेव ने इसे 'आस्था की अखंड ज्योति' बताते हुए कहा कि यह भारत की आत्मा के पुनर्जागरण का प्रतीक है।

## 2025: भविष्यवाणी की पूर्णता

जनवरी 2025 में परंपरा के अंतिम संरक्षक सीतारामन शास्त्री ने ये पवित्र अवशेष बेंगलुरु स्थित आर्ट ऑफ लिविंग आश्रम में गुरुदेव श्री श्री रविशंकर को सौंपे। महाशिवरात्रि 2025 के पावन अवसर पर इनका सार्वजनिक अनावरण किया गया। श्रद्धालुओं के अनुसार इन अवशेषों में विशिष्ट चुंबकीय और आध्यात्मिक ऊर्जा अनुभव की जाती है। यह क्षण केवल हस्तांतरण नहीं, बल्कि 100 वर्षों पुरानी भविष्यवाणी की पूर्ति और 1000 वर्षों की साधना का फल था।



## सांस्कृतिक अस्मिता की विजय

सोमनाथ की यह यात्रा केवल अतीत का स्मरण नहीं, बल्कि यह संदेश है कि भारत की आध्यात्मिक धरोहर को कोई भी शक्ति समाप्त नहीं कर सकती। 1000 वर्षों का संरक्षण, 100 वर्षों की प्रतीक्षा और आज का पुनरुत्थान यह कथा श्रद्धा, धैर्य और सांस्कृतिक चेतना की विजय है। 10 अप्रैल 2026 को बरेली में होने वाला यह आयोजन इतिहास के स्वर्णिम पृष्ठों में दर्ज होगा। अब झुमका नहीं, सोमनाथ की ज्योति यहां दमकेगी।

## बरेली क्यों बनेगा ऐतिहासिक पड़ाव?

उत्तर प्रदेश में 30 मार्च को प्रवेश के बाद यह यात्रा 10 अप्रैल 2026 को बरेली पहुंचेगी। नाथ नगरी बरेली, जो अपने सात प्राचीन शिव मंदिरों के लिए प्रसिद्ध है। इस ऐतिहासिक अवसर की साक्षी बनेगी। वर्षों तक बरेली झुमके के लिए पहचानी जाती थी, परंतु अब यह नगरी सोमनाथ ज्योतिर्लिंग के पावन अवशेषों के स्वागत के लिए जानी जाएगी। यह आयोजन बरेली के धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान देगा।

पौराणिक कथा

## निष्काम प्रेम व अटूट निष्ठा की शक्ति



एक बार वृंदावन में ऐसा समय आया जब नंदलाल अचानक गंभीर रूप से बीमार पड़ गए। उनकी बीमारी देखकर पूरे ब्रज में चिंता का वातावरण फैल गया। अनेक प्रकार की दवाएं और जड़ी-बूटियां आजमाई गईं, लेकिन किसी भी उपाय से कृष्ण की तबीयत में सुधार नहीं हो रहा था। सभी लोग असहाय होकर किसी चमत्कार की प्रतीक्षा कर रहे थे। तभी श्रीकृष्ण ने स्वयं एक अनोखा उपाय बताया। उन्होंने गोपियों से कहा कि यदि कोई ऐसा व्यक्ति, जो उनसे अत्यंत प्रेम करता हो और उनकी सच्ची चिंता करता हो, अपने पैरों को धोकर उस जल को उन्हें पिला दे, तो वे अवश्य स्वस्थ हो जाएंगे।

यह सुनते ही वहां उपस्थित सभी गोपियां गहरी दुविधा में पड़ गईं। वे सभी कृष्ण से अपार प्रेम करती थीं और उनकी भक्ति में पूरी तरह समर्पित थीं, लेकिन इस उपाय को अपनाने का साहस कोई नहीं जुटा पा रही थी। गोपियों के मन में एक भय था कि यदि किसी ने अपने पैरों का जल कृष्ण को पिला दिया और किसी कारणवश वे स्वस्थ न हुए, तो यह बहुत बड़ा अपराध माना जाएगा। ऐसी स्थिति में नर्क का दंड भी भोगना पड़ सकता था। वे कृष्ण के लिए चिंतित तो थीं, लेकिन संभावित परिणामों के विचार से उनके कदम ठिठक रहे थे। इसी बीच वहां राधा पहुंचीं। जैसे ही उन्होंने अपने प्रिय कृष्ण को उस अवस्था में देखा, उनका हृदय व्याकुल हो उठा। गोपियों ने उन्हें कृष्ण द्वारा बताया गया उपाय समझाया। राधा ने बिना एक पल गंवाए अपने पैरों को धोकर उसी जल से चरणामृत तैयार किया और उसे कृष्ण को पिलाने के लिए आगे बढ़ गईं। राधा को यह भली-भांति ज्ञात था कि वह क्या कर रही हैं। उनके मन में भी वही भय था, जो अन्य गोपियों के मन में था, लेकिन उनके लिए कृष्ण का जीवन और स्वास्थ्य सबसे अधिक महत्वपूर्ण था।

यदि उनके इस कार्य के कारण उन्हें नर्क भी जाना पड़े, तो भी वे इसके लिए तैयार थीं। उनके प्रेम और समर्पण के सामने अपने भविष्य की चिंता नगण्य थी। जैसे ही कृष्ण ने वह चरणामृत ग्रहण किया, उनकी अवस्था तुरंत सुधरने लगी और थोड़ी ही देर में वे पूर्णतः स्वस्थ हो गए। यह राधा के निष्काम प्रेम और अटूट निष्ठा की शक्ति थी, जिसने इस चमत्कार को संभव बना दिया। इस घटना ने यह सिद्ध कर दिया कि सच्चा प्रेम वही है, जिसमें प्रियजन की भलाई के लिए स्वयं के सुख-दुख की चिंता भी त्याग दी जाए।

बोधकथा

## कालदेव और समय का वरदान

प्राचीन काल की बात है। हिमालय की तराई में एक छोटा-सा नगर था, जहां सत्यपाल नाम का एक साधारण किंतु परिश्रमी व्यक्ति रहता था। वह अत्यंत धर्मपरायण था, पर उसके मन में एक दुर्बलता थी। वह दूसरों की उन्नति देखकर भीतर-ही-भीतर ईर्ष्या से भर उठता था। यद्यपि वह किसी का प्रत्यक्ष अहित नहीं करता था, पर उसके विचार सदैव नकारात्मक रहते थे। एक दिन सत्यपाल वन मार्ग से गुजर रहा था। मार्ग में उसने एक वृद्ध ब्राह्मण को प्यास से व्याकुल देखा। बिना कुछ पूछे उसने अपने कमंडल से जल निकालकर उसे पिला दिया। जल पीते ही उस वृद्ध का स्वरूप दिव्य हो गया। वे स्वयं कालदेव थे- समय और कर्म के अधिष्ठाता देव। कालदेव बोले, "वत्स, तुम्हारे इस निः स्वार्थ कर्म से प्रसन्न होकर मैं तुम्हें एक अद्भुत वरदान देता हूं। तुम्हें एक घंटे का ऐसा समय दिया जाता है, जिसमें तुम जो भी काम करोगे, उसका फल तुरंत मिलेगा। पर ध्यान रहे- यह समय फिर कभी लौटकर नहीं आएगा।"

यह कहकर कालदेव अंतर्धान हो गए। सत्यपाल का मन उत्साह से भर उठा। उसने सोचा- अब तो मैं अपने भाग्य को बदल दूंगा। वह नगर लौटा और सबसे पहले अपने धनी पड़ोसी के घर गया। मन में आया कि यदि उसका धन नष्ट हो जाए, तो मेरा सम्मान बढ़ेगा। जैसे ही उसने यह विचार किया, पड़ोसी का धन हानि में बदल गया। यह देखकर सत्यपाल के मन में अजीब-सी तृप्ति हुई। फिर वह अपने प्रतिद्वंद्वी के पास गया और उसके पतन की कामना की। वह भी पूरी हो गई। एक के बाद एक, वह दूसरों के अहित की योजनाएं बनाता रहा और समय बीतता गया। उसे लगा जैसे शक्ति उसके हाथ में है और वही सब कुछ है। अचानक सूर्य अस्त होने लगा। सत्यपाल चौंका। उसे याद आया कि उसने



अपने लिए कुछ भी नहीं मांगा। वह दौड़ता हुआ अपने घर पहुंचा और मन ही मन दीर्घायु, सुख और शांति की कामना करने लगा। तभी आकाश में कालदेव की वाणी गूंजी- "वत्स, समय समाप्त हो चुका है। तुमने जो शक्ति पाई थी, उसका उपयोग दूसरों को गिराने में किया, जो मनुष्य समय को द्वेष में गंवाता है, समय उसे ही लील लेता है।" क्षणभर में सत्यपाल का शरीर दुर्बल हो गया। उसे अपनी भूल का बोध हुआ, पर अब बहुत देर हो चुकी थी। यह कथा सिखाती है कि ईश्वर द्वारा दिया गया समय और सामर्थ्य अमूल्य होता है, जो उसका उपयोग दूसरों के कल्याण में करता है, वही वास्तव में धन्य होता है। द्वेष और ईर्ष्या में किया गया प्रत्येक कर्म अंततः स्वयं के पतन का कारण बनता है।

महत्वपूर्ण त्योहार

### शीतला अष्टमी

तिथि : 11 मार्च, बुधवार 2026

- चैत्र माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को शीतला अष्टमी के रूप में मनाया जाता है। कई स्थानों पर इस पर्व को बसोड़ा या बसोड़ा अष्टमी भी कहा जाता है। यह त्योहार विशेष रूप से उत्तर भारत के राज्यों जैसे गुजरात, राजस्थान और उत्तर प्रदेश में बड़ी श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। मान्यता है कि यह पर्व रोग और संक्रमण से रक्षा की कामना के साथ मनाया जाता है। इस दिन परंपरा के अनुसार अंतिम बार बासी भोजन ग्रहण किया जाता है।



- शीतला अष्टमी के दिन सुबह जल्दी उठकर स्नान करें और पूजा की तैयारी करें। एक थाली में पुआ, दही, रोटी, बाजरा और सप्तमी के दिन गुड़ से बनाए गए मीठे चावल रख लें। दूसरी थाली में आटे से बना दीपक रखें और उसके साथ रोली, वस्त्र, अक्षत, हल्दी, मेहंदी और कुछ सिक्के रखें। दोनों थालियों के साथ ठंडे पानी से भरा एक लोटा भी रखें। इसके बाद माता शीतला की पूजा करें और उन्हें बारी-बारी सभी सामग्रियां अर्पित करें।

# शक्ति उपासना का केंद्र शक्तिपीठ मां देवीपाटन मंदिर

उत्तर प्रदेश के बलरामपुर जनपद के तुलसीपुर तहसील के पाटन गांव में स्थित मां देवीपाटन मंदिर हिंदू धर्म के प्रसिद्ध 51 शक्तिपीठों में से एक है, जहां माता सती के शरीर का पवित्र भाग गिरा था और यही कारण है कि यह स्थल शक्ति का धाम, आस्था का केंद्र और तीर्थस्थल के रूप में अत्यंत प्रतिष्ठित है। शक्ति पीठों का पौराणिक चरित्र देवी भागवत पुराण, स्कंद पुराण, कलिका पुराण और शिव पुराण में वर्णित है।

देवीपाटन शक्तिपीठ के संदर्भ में माना जाता है कि यहीं पर माता सती का बायां स्कंध (कंधा) वस्त्र सहित गिरा था और इसी कारण से इसे शक्तिपीठ का स्थान प्राप्त हुआ। यहां माता को "पाटेश्वरी" के नाम से पूजा जाता है अर्थात वह देवी, जिसका संबंध उस पाट वस्त्र से स्थापित है। यह स्थल केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, अपितु सांस्कृतिक आस्था, शक्ति, भक्ति और दैवीय शक्ति का प्रतीक माना जाता है। मान्यता है कि देवी के गिरने वाले भाग के कारण यहां शक्ति की ऊर्जा सदियों से जीवित है। श्रद्धालु पवित्र सूर्यकुंड में स्नान कर मंदिर के भीतर स्नानादि अनुष्ठान के माध्यम से स्वयं को दिव्य शक्ति से जोड़ते हैं।



नमिता वैश्य
प्रधानाध्यापक

**महारथी कर्ण ने यहां ली थी दिव्यास्त्रों का दीक्षा:** एक लोक विश्वास के अनुसार द्वापर युग में यहां सूर्यपुत्र कर्ण ने सूर्यकुंड में स्नान करने के बाद परशुराम से दिव्यास्त्रों की दीक्षा प्राप्त की थी। इसी कारण से इस स्थान की महिमा और भी बढ़ जाती है। यहां पर शिव-दुर्गा की शक्ति की अनुभूति अलग-सी होती है। गर्भगृह से नीचे पाताल तक प्राचीन सुरंग की कथा कही जाती है और आज भी माना जाता है कि त्रेतायुग से जलती हुई अखंड ज्योति देवी की शक्तिमत्ता का प्रमाण है। देवीपाटन शक्ति पीठ ऐतिहासिक रूप से उत्तर भारत में शक्ति की उपासना का मुख्य केंद्र रहा है। इस पीठ की स्थापना नाथ संप्रदाय के आदिगुरु गोरखनाथ ने की थी। यहां के आसपास ऋषि-मुनियों के तप और साधना की कहानियां प्रचलित हैं, जिनमें गुरु गोरखनाथ और सिद्ध रत्ननाथ (नेपाल) जैसे संतों का नाम उल्लेखनीय है, जिन्हें यहीं सिद्धि प्राप्त हुई थी, जिससे इस स्थान की आध्यात्मिक महत्ता और भी स्पष्ट होती है।

**भारत-नेपाल का सांस्कृतिक सेतु:** यह शक्तिपीठ दो देशों भारत और नेपाल के सांस्कृतिक सेतु के रूप में भी प्रसिद्ध है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी इसे भारत-नेपाल के बीच एक सांस्कृतिक सेतु बताया है, जो देवी के सान्निध्य में सामाजिक एवं आध्यात्मिक जुड़ाव को मजबूती प्रदान करता है। देवीपाटन मंदिर को श्रद्धालु केवल पूजा-स्थल के रूप में नहीं देखते, अपितु यह एक ऐसा स्थान है, जहां देवी की कृपा से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं, ऐसी मान्यता प्रचलित है। भक्त मानते हैं कि मां पाटेश्वरी के दर्शन तथा पूजा से जीवन की इच्छाएं, स्वास्थ्य और सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है।

**मुख्य आकर्षण:** शक्ति पीठ के मुख्य आकर्षणों में सूर्यकुंड, अखंड धूनी (जहां निरंतर धूना जलाई जाती है) तथा गोपनीय पूजा-अर्चना शामिल हैं। चैत्र और शारदीय नवरात्र के समय



यहां विशेष रूप से भक्तों का भारी आस्था-ज्वार उमड़ता है। नवरात्रि पर करीब 15 दिनों तक राजकीय मेला लगता है, जिसमें देश के विभिन्न प्रांतों समेत नेपाल के श्रद्धालु आराधना के लिए आते हैं। मंदिर परिसर में नौ दुर्गा रूपों की प्रतिमाएं, विधि-विधान से पूजा-पाठ, दीप प्रज्ज्वलन, हवन-पूजन और लाल चुनरी, सिंदूर, फूलों सहित अनेक भेंट-वस्तुओं का समर्पण इस पूजा परंपरा को और भी समृद्ध बनाते हैं। मां की पूजा अलौकिक एवं अद्वितीय है। अर्द्धरात्रि के दूसरे पहर एक से चार बजे तक पूजा का समय निश्चित है, इसका समय कभी नहीं बदलता। समय के साथ इस मंदिर की महत्ता मात्र धार्मिक ही नहीं रह गई, अपितु यह देश का एक आध्यात्मिक पर्यटन का प्रमुख केंद्र भी बन गया है। मुख्यमंत्री का दूसरा घर कहे जाने वाले शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर को और भव्य बनाने के प्रयास प्रारंभ हो चुके हैं। अयोध्या धाम में आने वाले धार्मिक पर्यटक शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर की ओर उन्मुख हों, इसके लिए सरकार ने 42 करोड़ 50 लाख रुपये दिए हैं। बलरामपुर प्रशासन और उत्तर प्रदेश सरकार ने मंदिर के आसपास 50 एकड़ क्षेत्र का विकास करने की योजना बनाई है, जिससे यहां धार्मिक पर्यटन को और भी बढ़ावा मिले।

**इस तरह जा सकते हैं मंदिर:** मंदिर तक पहुंचने के लिए सबसे सरल रेल मार्ग सेवा है। लखनऊ तथा गोरखपुर ट्रेन के द्वारा आने पर तुलसीपुर रेलवे स्टेशन पर उतरना होगा। यहां से लगभग डेढ़ किलोमीटर मंदिर तक पहुंचने के लिए रिक्शा आदि की सुविधा है। बस से भी तुलसीपुर पहुंचा जा सकता है। लखनऊ से गोरखपुर की दूरी लगभग 300 किलोमीटर है।

| बाजार | सेंसेक्स ↓ | निफ्टी ↓ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 77,5662.16 | 24,028.05 |
| बढ़त | 1352.74 | 422.50 |
| प्रतिशत में | 1.713 | 1.73 |

सोना 1,64,300 प्रति 10 ग्राम

चांदी 2,68,300 प्रति किलो

अमृत विचार
लखनऊ, मंगलवार,10 मार्च 2026
www.amritvichar.com



## बिजनेस ब्रीफ

### एश्योरेंस भारत में दोबारा उतारेगी एसीडेल्को की बैटरी और लुब्रिकेंट

**नयी दिल्ली।** वाहनों के कलपुर्जे और लुब्रिकेंट बनाने वाली कंपनी एश्योरेंस इंटरनेशनल ने जनरल मोटर्स के स्वामित्व वाले ब्रांड एसीडेल्को के उत्पादों को भारतीय बाजार में उतारने के लिए उसके साथ करार किया है। जनरल मोटर्स के साथ आधिकारिक लाइसेंसिंग और रणनीतिक साझेदारी के तहत देश में वाहनों के लिए एसीडेल्को की बैटरियों और लुब्रिकेंट के विनिर्माण, विपणन और वितरण की जिम्मेदारी एश्योरेंस इंटरनेशनल संभालेगा। दोनों कंपनियों ने सोमवार को यहां एक कार्यक्रम में इसकी घोषणा की।

### रिलायंस रिटेल ने किया 'पहाड़ी लोकल' का अधिग्रहण

**नयी दिल्ली।** रिलायंस रिटेल लिमिटेड ने सोमवार को भारतीय सौंदर्य और सेहत से जुड़े ब्रांड पहाड़ी लोकल और उसके कारोबार का अधिग्रहण करने की घोषणा की। यह ब्रांड पहाड़ी गुडनेस प्राइवेट लिमिटेड के तहत संचालित होता था और हिमालयी प्राकृतिक सामग्री पर आधारित उत्पादों के लिए जाना जाता है। कंपनी ने कहा कि इस अधिग्रहण के जरिये रिलायंस रिटेल अपने सौंदर्य और व्यक्तिगत देखभाल उत्पादों को मजबूत करेगी और ऐसे भारतीय ब्रांड को बढ़ावा देगी जिनकी पहचान पारंपरिक ज्ञान, प्राकृतिक सामग्री और टिकाऊ उत्पादन से जुड़ी है।

### रेमंड का मुंबई में 3,000 करोड़ की आवास परियोजना का करार

**नयी दिल्ली।** रियल एस्टेट क्षेत्र की कंपनी रेमंड रियल्टी लिमिटेड ने मुंबई में एक नई आवास परियोजना विकसित करने के लिए संयुक्त उद्यम पर हस्ताक्षर किए हैं। इस परियोजना से करीब 3,000 करोड़ रुपये की आय होने का अनुमान है। कंपनी ने सोमवार को शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि उसने मुंबई के कांदिवली के एक प्रमुख स्थान में एक प्रतिष्ठित आवासीय परियोजना विकसित करने के लिए दस्तावेजों पर हस्ताक्षर किए हैं। हालांकि, रेमंड रियल्टी ने उस भूस्वामी इकाई का नाम नहीं बताया है, जिसके साथ उसने संयुक्त विकास समझौते (जेडीए) किया है।

### नैसकॉम ने दी आईटी कंपनियों को साइबर सुरक्षा बढ़ाने की सलाह

**नयी दिल्ली।** सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) उद्योग के प्रमुख संगठन नैसकॉम ने सोमवार को प्रौद्योगिकी कंपनियों को पश्चिम एशिया में गहराते भू-राजनीतिक संकट को देखते हुए अपनी परिचालन तैयारियों और साइबर सुरक्षा ढांचे को और मजबूत करने की सलाह दी है। नैसकॉम ने आगाह किया है कि अनिश्चितता के इस माहौल में कामकाज में बाधा आने और साइबर खतरों का जोखिम काफी बढ़ सकता है। अपनी सदस्य कंपनियों के लिए जारी एक नए परामर्श में नैसकॉम ने कहा कि हालांकि वर्तमान में व्यावसायिक परिचालन स्थिर है, लेकिन कंपनियां अपनी आकस्मिक योजनाओं की सक्रिय रूप से समीक्षा कर रही हैं और झटकों को झेलने या उनसे उबरने की अपनी क्षमता को और मजबूत कर रही हैं, ताकि "समय के साथ स्थिति बदलने पर" होने वाले किसी भी संभावित व्यवधान को कम किया जा सके।

## 30 साल बेमिसाल




मुंबई में सोमवार को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ़ इंडिया के हेडक्वार्टर में निफ्टी 50 इंडेक्स के 30 साल पूरे होने पर एक यादगार बुकलेट का विमोचन किया गया। पत्रिका के साथ दायें से सेबी चेयरमैन तुहिन कांत पांडे, रिजर्व बैंक इंडिपेंडेंट डायरेक्टर स्वामीनाथन गुरुमूर्ति और एनएसई के मुख्य कार्यकारी अधिकारी आशीष कुमार चौहान। ● फोटो : एजेंसी

# गिरते मार्केट में एसआईपी जारी रखना क्यों है समझदारी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** शेयर बाजार में सोमवार, 9 मार्च को भारी गिरावट देखने को मिली। दिन की शुरुआत से ही बाजार में दबाव बना रहा और निवेशकों के बीच घबराहट का माहौल दिखाई दिया। बीएसई सेंसेक्स करीब 2300 अंक तक टूट गया, वहीं एनएसई का निफ्टी-50 भी लाल निशान में कारोबार करता नजर आया। हालांकि बाद में गिरावट थोड़ी कम हुई, लेकिन बाजार की तेज कमजोरी ने निवेशकों को चिंता में डाल दिया।

ऐसे समय में म्यूचुअल फंड में निवेश करने वाले कई लोगों के मन में यह सवाल उठ रहा है कि क्या बाजार गिरने पर अपनी एसआईपी (सिस्टेमेटिक इंवेस्टमेंट प्लान) को रोक देना चाहिए।




**गिरावट में एसआईपी बंद करना सही नहीं :** बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि बाजार में गिरावट के दौरान एसआईपी बंद करना समझदारी नहीं है। दरअसल म्यूचुअल फंड का रिटर्न और उसका नेट एसेट वैल्यू (एनएवी) सीधे तौर पर बाजार के उतार-चढ़ाव पर निर्भर करता है। जब बाजार गिरता है तो फंड का एनएवी भी कम हो जाता है।

एनएवी कम होने का मतलब यह है कि उसी रकम में निवेशक को ज्यादा यूनिट्स मिल जाती हैं। यानी गिरावट के समय निवेश करने से निवेशक कम कीमत पर अधिक यूनिट खरीद पाते हैं।

**तेजी आने पर मिलता है ज्यादा फायदा:** मान लीजिए कि बाजार में गिरावट के दौरान किसी म्यूचुअल फंड की 50 यूनिट आपने 1000 रुपये में खरीदीं। इस हिसाब से एक यूनिट की कीमत 20 रुपये हुई। बाद में जब बाजार में तेजी आती है और वही यूनिट 22 रुपये की हो जाती है, तो सिर्फ कीमत बढ़ने से ही आपकी 50 यूनिट पर 100 रुपये का फायदा हो सकता है।

यही कारण है कि लंबी अवधि के निवेश के लिए एसआईपी को बेहतर विकल्प माना जाता है। यह बाजार के उतार-चढ़ाव को संतुलित करते हुए निवेशकों को औसत लागत का फायदा ही देता है।

### लंबी अवधि के निवेशकों के लिए अवसर



सीए शरद मिश्रा बताते हैं कि बाजार में गिरावट भले ही आपदा लगती हो लेकिन अक्सर लंबी अवधि के निवेशकों के लिए अवसर बनकर आती है। एसआईपी एक लॉंग टर्म इंवेस्टमेंट प्लान होती है। बाजार में गिरावट के समय किया गया निवेश अधिक यूनिट दिलवाता है। इसी तरह चढ़ता बाजार उन यूनिट्स पर अधिक लाभ दिलवाता है। नियमित निवेश जारी रखने से भविष्य में बेहतर रिटर्न मिलने की संभावना बढ़ जाती है। इसलिए मार्केट में गिरावट हो या उछाल दोनों ही स्थितियों में एसआईपी को चलते रहने देना चाहिए।

# अमेरिका ने किया अनुरोध-रूसी तेल खरीद रिफाइनरियों में भेजे भारत

## अमेरिकी ऊर्जा मंत्री ने इंटरव्यू में किया खुलासा, जिससे नियंत्रण में रहें कीमतें

न्यूयॉर्क/ वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका ने भारत से अनुरोध किया है कि वह समुद्री परिवहन में पहले से मौजूद रूसी कच्चे तेल को खरीदकर उसे भारतीय रिफाइनरियों की ओर मोड़ दे, ताकि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच आपूर्ति में संभावित कमी और कीमतों में उछाल की आशंकाओं को कम किया जा सके।

अमेरिका के ऊर्जा मंत्री क्रिस राइट ने कहा कि यह कदम बाजार को स्थिर रखने के लिए एक अल्पकालिक और व्यावहारिक प्रयास है। इसके साथ ही राइट ने स्पष्ट किया कि इस पहल का मतलब रूसी तेल को लेकर अमेरिका की नीति में किसी बदलाव का संकेत नहीं है।

उन्होंने रविवार को 'सीएनएन' को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि उन्होंने वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट के साथ मिलकर भारतीय अधिकारियों से बात की थी ताकि चीनी रिफाइनरियों में उतारे जाने की प्रतीक्षा कर रहे रूसी कच्चे तेल के कार्गो को भारत खरीद सके। राइट ने कहा कि भारत इस मामले में एक अच्छा सहयोगी रहा है।



मैंने और वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने भारतीय अधिकारियों से फोन पर बात की और कहा कि अभी बहुत सारा तेल चीन की रिफाइनरियों में उतारा जाना है।" वहां तेल को उतारने के लिए छह सप्ताह तक इंतजार कराने के बजाय, इसे पहले ही भारत खरीदकर अपनी रिफाइनरियों में भेजे ताकि तेल की कमी की आशंका, कीमतों में अचानक बढ़ोतरी और बाजार में व्याप्त चिंताओं को कम किया जा सके।" इसके साथ ही उन्होंने दोहराया कि रूस के प्रति अमेरिकी नीति में कोई बदलाव नहीं आया है और "भारत इस बात को लेकर पूरी तरह स्पष्ट है।"

जब उनसे पूछा गया कि क्या रूसी तेल खरीद के लिए भारत को दी गई 30 दिनों की छूट से ट्रंप प्रशासन का रूस को अलग-थलग करने का लक्ष्य कमजोर होता है, उन्होंने कहा कि ऐसा नहीं है। यह केवल एक व्यावहारिक कदम है और इसका असर केवल अल्पकालिक है। रूस के प्रति नीति में कोई बदलाव नहीं हुआ।

वित्त मंत्रालय की तरफ से पिछले हफ्ते दी गई छूट के तहत भारत 30 दिनों तक रूस से कच्चा तेल खरीद सकता है। इसके पहले ट्रंप प्रशासन ने रूस से तेल खरीदने पर भारतीय उत्पादों पर 25 प्रतिशत दंडात्मक शुल्क लगा दिया था। लेकिन पिछले महीने अंतरिम व्यापार समझौते पर बनी सहमति के तहत इस शुल्क को हटाने की बात कही गई थी।

राइट ने यह भी कहा कि भारत ने रूसी तेल आयात को पूरी तरह बंद कर दिया है और अमेरिका, वेनेजुएला और अन्य देशों से अपने आयात बढ़ा रहा है। संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी राजदूत माइक वाल्ट्ज ने भी इस निर्णय का समर्थन करते हुए कहा कि यह एक अस्थायी और व्यावहारिक उपाय है।

# मीशो को 1,500 करोड़ की आयकर मांग का नोटिस

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** ई-कॉमर्स कंपनी मीशो को आयकर विभाग से लगभग 1,500 करोड़ रुपये की कर मांग का नोटिस मिला है। कंपनी ने इस नोटिस को चुनौती देने का निर्णय लिया है। मीशो ने शेयर बाजार को दी एक सूचना में कहा कि उसे छह मार्च को आकलन वर्ष 2023-24 के लिए आयकर विभाग से यह नोटिस मिला। इसमें विभाग की आकलन इकाई ने ब्याज सहित कुल 1,499.73 करोड़ रुपये की कर मांग रखी है। नियामकीय सूचना के मुताबिक, यह कर मांग कंपनी द्वारा घोषित आय में कुछ बढ़ोतरी और समायोजन को आधार बनाते हुए जारी किया गया है।

मीशो ने कहा कि वह इस आकलन आदेश की समीक्षा कर रही है और उसमें की गई टिप्पणियों और समायोजनों से सहमत नहीं है।

कंपनी के पास इसे चुनौती देने के लिए पर्याप्त कानूनी एवं तथ्यात्मक आधार हैं और अपने हितों की रक्षा के लिए आवश्यक कदम उठा रहे हैं। कंपनी ने बताया कि आकलन वर्ष 2022-23 के लिए भी इसी तरह की कर मांग रखी गई थी।

# लौटते जहाजों को उसी बंदरगाह पर लंगर की अनुमति जहां से गये थे

● बंदरगाहों पर लौटने वाली निर्यात खेप के लिए सीमा शुल्क विभाग ने जारी किए नए नियम

नयी दिल्ली, एजेंसी

सीमा शुल्क विभाग ने पश्चिम एशिया संकट के कारण समुद्री मार्गों में आए व्यवधान और हॉर्मुज जलडमरूमध्य के बंद होने के बीच भारतीय बंदरगाहों पर लौटने वाली निर्यात खेप के प्रबंधन के लिए नियम जारी किए हैं। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) द्वारा आठ मार्च को जारी किए गए और 15 दिन के लिए वैध ये नियम यह निर्धारित करते हैं कि माल के पारगमन के अलावा ऐसे सभी मामलों में जहाज को केवल उसी भारतीय बंदरगाह पर लंगर डालने की अनुमति दी जाएगी जहां से उसने प्रस्थान किया था।

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड के परिपत्र के अनुसार, बोर्ड के अधीन क्षेत्रीय कार्यालय ऐसी खेप पर दिए गए 'एकीकृत माल एवं सेवा कर' (आईजीएसटी), 'शुल्क वापसी' आदि सहित सभी निर्यात प्रोत्साहनों की स्वयं वसूली करेंगे यदि उनका भुगतान पहले ही किया जा चुका है। सीबीआईसी ने कहा कि उसे क्षेत्रीय कार्यालयों से ऐसे प्रतिवेदन प्राप्त हुए हैं जो संकेत देते हैं कि हॉर्मुज जलडमरूमध्य के बंद होने और उसके परिणामस्वरूप समुद्री मार्गों में व्यवधान के कारण भारत से निर्यात कार्गो ले जाने वाले कुछ जहाज अपने गंतव्य बंदरगाहों तक पहुंचने में असमर्थ हैं और भारतीय बंदरगाहों पर लौट रहे हैं।

ऐसी खेप के प्रबंधन के लिए एक सरलीकृत प्रक्रिया निर्धारित करने का अनुरोध किया गया है। वर्तमान हालात को अंतरराष्ट्रीय पोत परिवहन मार्गों और निर्यात लॉजिस्टिक को प्रभावित करने वाली एक असाधारण स्थिति बताते हुए, सीबीआईसी ने इस समस्या के समाधान और कारोबार को सुगम बनाने के लिए विशेष प्रक्रियाएं निर्धारित की हैं।

# बड़े निर्यात अवसर पैदा करेंगे एफटीए : गोयल

नयी दिल्ली, एजेंसी

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को कहा कि पिछले चार वर्षों में भारत द्वारा अंतिम रूप दिए गए नौ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) घरेलू फार्मा और स्वास्थ्य सेवा क्षेत्रों के लिए बड़े व्यावसायिक अवसर प्रदान करेंगे। भारत ने ब्रिटेन, मॉरीशस, ऑस्ट्रेलिया, यूरोपीय संघ, चार देशों के समूह यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए), ओमान, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और न्यूजीलैंड के साथ एफटीए को अंतिम रूप दे दिया है। जबकि मॉरीशस, ऑस्ट्रेलिया, संयुक्त अरब अमीरात और ईएफटीए के साथ समझौते लागू हो गए हैं, शेष जल्द ही लागू होने की संभावना है। बजट पर आयोजित एक वेबिनार में गोयल ने कहा कि ये समझौते फार्मा, स्वास्थ्य सेवा और चिकित्सा पर्यटन क्षेत्रों के लिए नए अवसर खोलते हैं। उन्होंने उद्योग जगत को सुझाव दिया कि वे इन समझौतों का पूरा लाभ उठाएं और मजबूत स्वास्थ्य परिवेश विकसित करें। उन्होंने यह भी कहा कि हमें एक समग्र, एकीकृत और व्यापक स्वास्थ्य प्रणाली विकसित करने की जरूरत है। मंत्री ने बताया कि खाड़ी सहयोग परिषद और यूरेशिया के साथ एफटीए वार्ता अच्छी तरह से आगे बढ़ रही है।

# रुपया 53 पैसे टूटकर सबसे निचले स्तर 92.35 प्रति डॉलर पर

**मुंबई, एजेंसी।** पश्चिम एशिया के बिगड़ते हालात के बीच कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल और डॉलर के मजबूत होने से सोमवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया 53 पैसे टूटकर 92.35 प्रति डॉलर (अस्थायी) के अपने सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा व्यापारियों ने कहा कि घरेलू शेयर बाजारों में भारी बिकवाली के बीच विदेशी पूंजी की निकासी जारी रहने से रुपये पर खासा दबाव देखा गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया 92.22 पर खुला और थोड़ी देर के लिए मजबूत होकर 92.15 तक पहुंच गया। लेकिन बाद में लगातार गिरावट के बीच यह अंत में 92.35 के अपने रिकॉर्ड निचले स्तर पर बंद हुआ।

# ऑडिट आदेशों को सार्वजनिक रखें प्राधिकरण

## वित्तीय रिपोर्टिंग में भरोसा बढ़ाने के लिए केंद्रीय सूचना आयोग की सलाह

नयी दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) ने राष्ट्रीय वित्तीय रिपोर्टिंग प्राधिकरण (एनएफआरए) को लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं और मानकों को प्रभावित करने वाले आदेशों, निर्देशों, परिपत्रों और नीतिगत निर्णयों को सार्वजनिक करने की सलाह दी है। यह टिप्पणी सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत दायर दूसरी अपील के निपटान के दौरान की गई। अपील में एनएफआरए द्वारा लेखापरीक्षकों या लेखापरीक्षा कंपनियों को मौखिक सुनवाई के दौरान कानूनी सलाहकारों के जरिये प्रतिनिधित्व की अनुमति देने से संबंधित दस्तावेजों की मांग की गई थी।

एनएफआरए की स्थापना सरकार ने 2018 में कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत की है। यह लेखापरीक्षकों को विनियमित करता है और कंपनियों द्वारा लेखांकन और लेखापरीक्षा मानकों के अनुपालन की निगरानी करता है। यह वित्तीय रिपोर्टिंग में विश्वसनीयता के लिए लेखापरीक्षा सेवाओं की गुणवत्ता की भी देखरेख करता है।

सूचना आयुक्त पी आर रमेश ने आदेश में कहा-'एनएफआरए वित्तीय विवरणों की विश्वसनीयता की रक्षा करता है, जिन पर निवेशक, कर्ज देने वाले और आम जनता भरोसा करते हैं।' आयोग ने प्राधिकरण को सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत उसके दायित्वों




की भी याद दिलाई। आदेश में कहा गया कि इस बात में कोई संदेह नहीं है कि सूचना के अधिकार अधिनियम की धारा 4 के प्रावधानों के तहत प्रतिवादी का यह कर्तव्य है कि वह धारा 4(1)(ख) और 4(1)(ग) में उल्लेखित जानकारी को अपनी वेबसाइट पर प्रकाशित करे ताकि जनता को जानकारी प्राप्त करने के लिए सूचना के अधिकार अधिनियम का सहारा कम-से-कम लेना पड़े।

इसी के अनुरूप, सीआईसी ने प्राधिकरण को सलाह दी कि वह जनहित में सूचना के अधिकार अधिनियम की धारा चार के प्रावधानों के अनुसार अपने विभाग द्वारा जारी विभिन्न परिपत्रों/नीतिगत निर्णयों/आदेशों से संबंधित जानकारी अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध कराए। सुनवाई के दौरान, एनएफआरए ने कहा कि अपीलकर्ता द्वारा मांगा गया दस्तावेज कोई आदेश नहीं था, बल्कि व्यक्तिगत मामलों में लेखा परीक्षकों या लेखापरीक्षा फर्मों को कार्यवाही का सामना करने के लिए जारी कारण बताओ नोटिस के साथ एक आंतरिक नोट था।

## काम की बात

### जागरूकता की कमी से बिना बीमा चल रहे 50 फीसदी वाहन स्वामी

# जरूरी है थर्ड पार्टी इंश्योरेंस, जानिए! नियम और सजा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** सड़क पर वाहन चलाने के लिए थर्ड पार्टी मोटर इंश्योरेंस बहुत जरूरी है। यह केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि कानूनन अनिवार्य सुरक्षा कवच है। इसके बावजूद बहुत बड़े अनुपात में वाहन स्वामी अभी भी इसके बिना वाहन चला रहे हैं। यदि आप भी उनमें से एक हैं तो एक छोटी सी लापरवाही भी आपको बड़े कानूनी और आर्थिक संकट में डाल सकती है।

दरअसल, मोटर व्हीकल एक्ट, 1988 के तहत हर वाहन मालिक के लिए थर्ड पार्टी इंश्योरेंस जरूरी है। इसका मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में पीड़ित तीसरे पक्ष को आर्थिक सुरक्षा देना है। कई बार दुर्घटना में ऐसे लोग प्रभावित होते हैं जिनकी कोई गलती नहीं होती। ऐसे मामलों में यह बीमा उनके इलाज, नुकसान या मुआवजे की भरपाई करने में सहायक होता है।

इंश्योरेंस रेगुलेटरी एंड डेवलपमेंट अथॉरिटी ऑफ इंडिया (आईआरडीए) के जनवरी 2026 में जारी एक पत्र के अनुसार, देश में 50 प्रतिशत से अधिक वाहन मालिकों के



● अन्य व्यक्ति की मौत, चोट और सामने वाले के वाहन को हुआ नुकसान होता है कवर

● बहुत कम होती है प्रीमियम, लेकिन बीमा न होने पर हो सकता है चालान और भारी जुर्माना भी

पास थर्ड पार्टी इंश्योरेंस नहीं है। विशेषज्ञों के अनुसार जागरूकता की कमी से कई लोग इसे गैरजरूरी समझते हैं, जबकि यह कानूनी रूप से अनिवार्य है।

**क्या होता है कवर:** थर्ड पार्टी इंश्योरेंस में मुख्य रूप से किसी अन्य व्यक्ति की चोट या मृत्यु, सामने वाले वाहन को हुआ नुकसान और सार्वजनिक संपत्ति को हुई क्षति कवर होती है। हालांकि इसमें आपकी अपनी गाड़ी को हुआ नुकसान, चोरी या मेडिकल खर्च शामिल नहीं होते। यानी यह बीमा केवल तीसरे पक्ष को हुए नुकसान की जिम्मेदारी को कवर करता है।

**क्या है सजा या जुर्माना :** अगर कोई व्यक्ति बिना वैध थर्ड पार्टी इंश्योरेंस के वाहन चलाते हुए पकड़ा जाता है तो उसे कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है। पहली बार पकड़े जाने पर लगभग 2,000 रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। दोबारा गलती करने पर जुर्माना बढ़ सकता है, साथ ही जेल की सजा, ड्राइविंग लाइसेंस निलंबन या रद्द होने का खतरा भी रहता है। इसके अलावा अगर ऐसी स्थिति में दुर्घटना हो जाती है तो पीड़ित को मुआवजा चालक को अपनी जेब से देना पड़ सकता है, जो कई बार लाखों रुपये तक पहुंच जाता है।

**कितना होता है प्रीमियम:** थर्ड पार्टी इंश्योरेंस का प्रीमियम सरकार तय करती है और यह वाहन के प्रकार के आधार पर अलग-अलग होता है। मोटरसाइकिल के थर्ड पार्टी प्रीमियम लगभग 550 से 900 रुपये और कार का थर्ड पार्टी बीमा करीब 2100 रुपये से 4000 रुपये तक होता है। बीमा प्रीमियम में ये अंतर वाहन के इंजन की क्षमता पर निर्भर करता है।


विशेषज्ञों का मानना है कि कानूनी जरूरत पूरी करने के लिए थर्ड पार्टी इंश्योरेंस पर्याप्त है, लेकिन बेहतर सुरक्षा के लिए कम्प्रिहेंसिव इंश्योरेंस (फर्स्ट पार्टी) लेना ज्यादा फायदेमंद रहता है। इसमें दूसरे के साथ ही अपने वाहन को हुए नुकसान, चोरी, आग, बाढ़ जैसी स्थितियों के साथ-साथ जीरो डेप्रिसिएशन और रोडसाइड असिस्टेंस जैसे अतिरिक्त लाभ भी मिल सकते हैं।

# सरकार ने अदला-बदली नीलामी में वापस खरीदे 6,309 करोड़ के बॉन्ड

मुंबई, एजेंसी

सरकार ने भारतीय रिजर्व बैंक की तरफ से आयोजित अदला-बदली नीलामी के तहत 6,309 करोड़ रुपये की सरकारी प्रतिभूतियां (जी-सेक) वापस खरीद ली हैं और उनके बदले 6,431.79 करोड़ रुपये के नए बॉन्ड जारी किए हैं। सरकारी प्रतिभूति कम जोखिम वाले ऋण साधन होते हैं जिन्हें सरकार जारी करती है। सरकारी गारंटी वाली इन प्रतिभूतियों पर निश्चित प्रतिफल मिलता है।

सरकार की तरफ से दोबारा खरीदी गई प्रतिभूतियां अगले वित्त वर्ष में परिपक्व होने वाले निर्धारित बॉन्ड का हिस्सा थीं। इनमें 1,684 करोड़ रुपये मूल्य के 7.33 प्रतिशत जीएस 2026 बॉन्ड, 1,035 करोड़ रुपये मूल्य के 5.74 प्रतिशत जीएस 2026 बॉन्ड, 590 करोड़ रुपये मूल्य के 8.15 प्रतिशत जीएस 2026 बॉन्ड और 3,000 करोड़ रुपये के




8.24 प्रतिशत जीएस 2027 बॉन्ड शामिल हैं।

इन बॉन्ड के बदले सरकार ने 1,719.23 करोड़ रुपये मूल्य के 6.57 प्रतिशत जीएस 2033 बॉन्ड, 986.52 करोड़ रुपये मूल्य के 7.62 प्रतिशत जीएस 2039 बॉन्ड, 605.60 करोड़ रुपये मूल्य के 6.57 प्रतिशत जीएस 2033 बॉन्ड और 3,120.42 करोड़ रुपये के 7.40 प्रतिशत जीएस 2062 के बॉन्ड जारी किए। यह फरवरी के बाद से आरबीआई द्वारा आयोजित बॉन्ड अदला-बदली की चौथी नीलामी है। इस नीलामी के तहत सरकार निकट अवधि में परिपक्व होने वाले बॉन्ड की जगह लंबी अवधि के बॉन्ड जारी करती है।

### रिजर्व बैंक ने खरीदी 50 हजार करोड़ रुपये की सरकारी प्रतिभूति

**मुंबई, एजेंसी।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बैंकिंग तंत्र में नकदी की उपलब्धता बढ़ाने के लिए सोमवार को खुले बाजार से 50 हजार करोड़ रुपये की सरकारी प्रतिभूतियों की खरीद की। केंद्रीय बैंक ने पिछले सप्ताह खुले बाजार से दो किस्तों में एक लाख करोड़ रुपये की सरकारी प्रतिभूतियों की खरीद की घोषणा की थी। पहली किस्त के तहत आज खरीद की गयी है जबकि दूसरे किस्त की खरीद 13 मार्च को की जायेगी। आज खरीदी गयी सरकारी प्रतिभूतियों में चार साल, पांच साल, सात साल, आठ साल, नौ साल, 13 साल और 27 साल की मियाद वाली प्रतिभूतियां शामिल हैं।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### ताइवान की आजादी की मांग करने वालों को चीन में कड़ी सजा

**बीजिंग।** चीन ने 2025 में ताइवान की स्वतंत्रता की मांग करने वाले कट्टर अलगाववादियों को कड़ी सजा दी है। सुप्रीम पीपुल्स कोर्ट ने सोमवार को अपनी रिपोर्ट में जानकारी दी कि चीन में अलगाव रोधी कानून को सख्ती से लागू किया गया है। सुप्रीम पीपुल्स प्रोक्यूरेटोरेट ने उसी दिन समीक्षा के लिए जमा की गई अपनी वर्क रिपोर्ट में कहा कि राष्ट्रीय संप्रभुता, एकता और क्षेत्रीय अखंडता को सुरक्षित रखने के लिए अलगाववाद को भड़काने के अपराधों के लिए अलगाववादियों को कानून के अनुसार सजा दी गई है।

### बेंगलुरु के पास से अपहृत व्यक्ति का शव तमिलनाडु में मिला

**बेंगलुरु।** शहर के पास से अपहृत किए गए एक रियल एस्टेट कारोबारी का शव सोमवार को पड़ोसी राज्य तमिलनाडु में मिला जिस पर गंभीर चोटों के निशान थे। पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान 30 वर्षीय रियल एस्टेट कारोबारी गोपाल उर्फ गोपी के रूप में हुई है, जो बेंगलुरु शहर के बाहरी इलाके में आनेकल तालुक के होन्नाकलासापुरा गांव के निवासी थे। पुलिस ने मोहन बाबू नामक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है, जिसे मुख्य साजिशकर्ता माना जा रहा है। उसके दो साथियों को पकड़ने के प्रयास भी जारी हैं।

### ओडिशा : आइसक्रीम फैक्ट्री में विस्फोट, एक की मौत, तीन घायल

**ब्रह्मपुर।** ओडिशा के गंजाम जिले में सोमवार को आइसक्रीम बनाने वाली एक इकाई में हुए विस्फोट में एक व्यक्ति की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। यह घटना धारकोट थाना क्षेत्र के अंतर्गत तलपटना गांव में हुई। मृतक की पहचान जगन्नाथ प्रसाद थाना अंतर्गत कुशापल्ली निवासी बिदेशी प्रधान (56) के रूप में हुई है। घायलों में इकाई का मालिक, उसका बेटा और पत्नी शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि उन्हें यहां एमकेसीजी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## पाकिस्तानी निर्माता टैगोर की लघु कथा 'शास्ति' पर फिल्म बनाएंगे

- मशहूर बांग्लादेशी फिल्मकार लीसा गाजी करेंगी निर्देशन

**कराची।** पाकिस्तानी निर्माता आबिद मर्चेंट ने नोबेल पुरस्कार विजेता रवींद्रनाथ टैगोर की 1893 की लघुकथा 'शास्ति' (सजा) पर आधारित एक अंतरराष्ट्रीय फिल्म की शुरुआत करने की घोषणा की है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना में पाकिस्तान, बांग्लादेश, अमेरिका, ब्रिटेन, हांगकांग और ऑस्ट्रेलिया के फिल्म पेशेवर शामिल होंगे।

फिल्म का निर्देशन बांग्लादेशी फिल्मकार लीसा गाजी करेंगी, जिन्हें उनकी 2025 की फिल्म 'ए हाउस नेम्ड शाहाना' के लिए जाना जाता है। मर्चेंट ने बताया कि वह अपनी संस्था 'सनात इनिशिएटिव' के बैनर तले इस फिल्म का निर्माण करेंगे। फिल्म में बांग्लादेश की दो प्रमुख अभिनेत्रियां पोरी मोनी और चंचल चौधरी मुख्य भूमिका में हैं। सहलेखिका आनन सिद्दीका और ऑस्ट्रेलियाई-बंगाली अभिनेता अर्का दास भी इसमें शामिल हैं। मर्चेंट ने कहा कि यह फिल्म दो भाई और उनकी पत्नियों के इर्द-गिर्द घूमती है और इसमें हत्या और अदालत का कथानक भी है। हालांकि यह एक व्यावसायिक फिल्म है जिसे हम कई भाषाओं में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रिलीज करना चाहते हैं।

उनसे जब फिल्म में पाकिस्तानी कलाकारों की अनुपस्थिति के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा, यह फिल्म बांग्लादेश की सांस्कृतिक पृष्ठभूमि पर आधारित है, इसलिए प्रामाणिकता महत्वपूर्ण है।

## इजराइल का डिफेंस सिस्टम इतना भी अभेद्य नहीं

ईरान के खिलाफ 28 फरवरी से शुरू हुए ताजा युद्ध में इजराइल को भीषण जवाबी हमलों का सामना करना पड़ा है और इन हमलों ने एक बार फिर इस बहुप्रचारित दावे पर सवाल उठाए हैं कि इजराइल का एयर डिफेंस सिस्टम अभेद्य है। दरअसल, ईरानी मिसाइलों ने इजराइल की राजधानी तेल अवीव के साथ मध्य इजराइल के घनी आबादी वाले इलाकों को निशाना बनाया है जिनकी वजह से न सिर्फ तमाम लोगों की मौत हुई है बल्कि सैकड़ों लोग घायल भी हुए हैं। ईरान के हमलों से बचने के लिए इजराइल की बड़ी आबादी को बंकरों में शरण लेनी पड़ी है। तेल अवीव समेत प्रमुख शहरों में बार-बार लोगों को अलर्ट करने के लिए साइरन बज रहे हैं, जो यह बताने के लिए काफी है कि खुद इजराइल को भी यह एहसास है कि उसका एयर डिफेंस सिस्टम शत-प्रतिशत तौर पर दुश्मन की मिसाइलों को रोकने में सक्षम नहीं है।



### ईरान के हमलों के आगे यह है बड़ी चुनौती

- ईरान एक साथ बड़ी संख्या में मिसाइलें और ड्रोन दागकर इजराइल के रडार और इंटरसेप्टर की क्षमता को ओवरलोड करने की कोशिश कर रहा है।
- ईरान ने हाइपरसोनिक मिसाइलों का उपयोग किया है, जो अत्यधिक गति और दिशा बदलने की क्षमता के कारण डिफेंस सिस्टम को चकमा दे देती हैं।
- इजराइल के आयरन डोम की तामीर मिसाइल जैसी इंटरसेप्टर मिसाइलों की संख्या सीमित है। लगातार हमलों से इनका स्टॉक खत्म हो सकता है।
- एक आयरन डोम इंटरसेप्टर की लागत 40,000 से 50,000 डॉलर है, जबकि ईरान के ड्रोन बहुत सस्ते हैं। यह इजराइल के लिए महंगा पड़ रहा है।

- 9 मार्च को तेल अवीव में इजराइली नेताओं का अत्यंत गुप्त बंकर ईरानी मिसाइल ने तबाह कर दिया।

### इजराइल पर हमलों का असर

- मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक 28 फरवरी से 4 मार्च के बीच ईरान ने 90 से ज्यादा हमले किए। 9 मार्च को 12 घंटे से भी कम समय में बैलिस्टिक मिसाइलों की 5 बड़ी लहरें दागीं।
- तेल अवीव और मध्य इजराइल के घनी आबादी वाले इलाकों में ईरान की मिसाइलें गिरने से अब तक 24 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। इसके साथ सैकड़ों घायल हुए हैं।
- रामत गन और तेल अवीव के आवासीय भवनों और नागरिक संरचनाओं को भारी नुकसान पहुंचा है। ईरान ने इजराइल की हाइफा रिफाइनरी को भी निशाना बनाया गया है।
- तीन मार्च की रिपोर्टों के अनुसार ईरान की लगभग 20 मिसाइलें सीधे नागरिक क्षेत्रों में गिरीं जो साबित करता है कि कुछ मिसाइलें उसके रक्षा कवच को भेदने में सफल रही हैं।
- ईरान के मिसाइल हमले में जॉर्डन में तैनात एक अमेरिकी थाड सिस्टम का रडार (एएन/टीपीवाई-2) भी नष्ट होने की खबर है, इस रडार की कीमत लगभग 300 मिलियन डॉलर थी।

### अभेद्य नहीं

- ईरान के शक्तिशाली हमलों ने यह साबित किया है कि कोई भी सिस्टम 100 प्रतिशत अभेद्य और अचूक नहीं है। बस इतना ही कहा जा सकता है कि इजराइल की वायु रक्षा प्रणाली आयरन डोम, डेविड्स स्लिंग और एरो दुनिया में सबसे उन्नत है।

### बंकरों के भरोसे लोग

- पूरे देश में 12,000 सार्वजनिक बंकर हैं। ये बड़े भूमिगत हॉल होते हैं जिनमें एक साथ सैकड़ों लोग शरण ले सकते हैं।
- 1992 के बाद बने हर घर या अपार्टमेंट में एक सेफ रूम होना अनिवार्य है। ये मिसाइल हमलों के प्रति सुरक्षित माने जाते हैं।
- कई शॉपिंग मॉल, अस्पताल और होटलों के नीचे गहरे बंकर बने हैं, जिनमें जिम, डाइनिंग एरिया और वाशरूम भी होते हैं।

# नेपाल: सबसे युवा और पहले मधेसी पीएम होंगे बालेंद्र

## राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी ने अब तक 165 में से 124 सीटों पर हासिल की जीत, एक पर और आगे, चार सीटों की गिनती बाकी

**काठमांडू, एजेंसी**

नेपाल में हुए आम चुनाव में युवा नेता बालेंद्र शाह के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) ने 165 में से 124 सीट पर जीत हासिल कर ली है और एक सीट पर आगे चल रही है। संसद की कुल 275 सीटों में से बाकी बची 110 समानुपातिक (पीआर) सीटों के लिए भी मतगणना अंतिम चरण में है। प्रारंभिक रुझानों में आरएसपी को कुल मतों का लगभग 53 प्रतिशत हिस्सा मिलता दिख रहा है। यदि यही रुझान अंतिम परिणामों में तब्दील होता है, तो आरएसपी अकेले 185-186 सीट तक पहुंच सकती है, जो दो-तिहाई बहुमत (184 सीट) के जादुई आंकड़े से अधिक होगा।



चुनाव आयोग ने 165 में से 162 सीट के परिणाम घोषित कर दिए हैं। नेपाली कांग्रेस 18 सीट जीतकर दूसरे स्थान पर है, जबकि नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (एकीकृत मार्क्सवादी लेनिनवादी) ने आठ सीट जीती हैं और एक पर आगे चल रही है। नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी को सात सीट हासिल हुई हैं। इन प्रमुख दलों के अलावा श्रम संस्कृति पार्टी के तीन, राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी का एक प्रत्याशी और एक स्वतंत्र उम्मीदवार भी इन चुनावों में सफल रहा है। इस चुनाव का सबसे बड़ा और चौंकाने वाला परिणाम झापा-5 निर्वाचन क्षेत्र से आया है। यहां आरएसपी के प्रधानमंत्री पद के चेहरे बालेंद्र शाह ने नेपाल के कद्दावर नेता और चार बार प्रधानमंत्री रहे केपी शर्मा ओली को करीब 50,000 वोटों के भारी अंतर से शिकस्त दी है। शाह को जहां 68,348 वोट मिले, वहीं ओली मात्र 18,734 वोटों पर सिमट गए।

### 165 सीटों में से 161 सीट के परिणाम अब तक घोषित

काठमांडू। अब तक प्रत्यक्ष मतदान के तहत 165 सीटों में से 161 सीट के परिणाम घोषित किए जा चुके हैं। शेष चार सीट के परिणाम दोपहर तक आने की संभावना है। आनुपातिक मतदान में आरएसपी को 40,49,604, एनसी को 13,60,281, सीपीएन-यूएमएल को 11,50,679, एनसीपी को 5,91,940, श्रम संस्कृति पार्टी को 2,91,965, जनता समाजवादी पार्टी को 1,16,463 और राष्ट्रीय परिवर्तन पार्टी को 2, 76,931 वोट मिले हैं। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि 40 लाख से अधिक वोट हासिल करने के साथ ही आरएसपी को कम से कम 40 अतिरिक्त सीटें मिल सकती हैं, जिससे 275-सदस्यीय प्रतिनिधि सभा में उसकी कुल संख्या लगभग 164 हो जाएगी। यह बहुमत के लिए आवश्यक 138 सीट से काफी अधिक है।

### नेपाल : ऊपरी सदन के नवनिर्वाचित 17 सदस्यों ने ली पद एवं गोपनीयता की शपथ

काठमांडू। नेपाल में निचले सदन प्रतिनिधि सभा के चुनाव की गहमागहमी के बीच संघीय संसद के ऊपरी सदन राष्ट्रीय सभा के नवनिर्वाचित सदस्यों ने सोमवार को पद और गोपनीयता की शपथ ली। काठमांडू के सिंह दरबार में आयोजित समारोह के दौरान राष्ट्रीय सभा के अध्यक्ष नारायण प्रसाद दहल ने 18 में से 17 सदस्यों को शपथ दिलाई। इन सदस्यों का निर्वाचन इसी वर्ष 25 जनवरी को हुआ था। नेपाल के संविधान के अनुसार, 59 सदस्यीय राष्ट्रीय सभा के सदस्यों का कार्यकाल छह वर्ष का होता है। सदन की निरंतरता बनाए रखने के लिए इसके एक-तिहाई सदस्यों का कार्यकाल प्रत्येक दो वर्ष में समाप्त हो जाता है और उनकी जगह नए चुनाव कराए जाते हैं। इस बार 19 सदस्यों का कार्यकाल 4 मार्च 2026 को समाप्त हुआ था।

**नेपाल की राजनीति में पुराने चेहरों के युग का अंत:** ओली की हार के साथ ही नेपाल की राजनीति में दशकों से दबदबा रखने वाले पुराने चेहरों के युग का अंत माना जा रहा है। बालेंद्र शाह अब नेपाल के इतिहास के सबसे युवा और पहले 'मधेसी' प्रधानमंत्री बनने की दहलीज पर खड़े हैं। शाह अगले महीने 27 अप्रैल को अपना 36वां जन्मदिन मनाएंगे। राजधानी काठमांडू की 10 सीटों सहित पूरी काठमांडू घाटी की 15 सीटों पर आरएसपी ने शानदार प्रदर्शन किया है।

विशेषज्ञों का मानना है कि पिछले साल हुए भ्रष्टाचार विरोधी जेन जी प्रदर्शनों के बाद नेपाली युवाओं ने देश में नेपाली कांग्रेस, नेकपा-एमाले और नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी जैसे पारंपरिक दलों को पूरी तरह नकार दिया है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी इस जीत को नेपाल में एक नई युवा क्रांति के रूप में देखा जा रहा है, जो पड़ोसी देशों के साथ नेपाल के भावी संबंधों की नई दिशा तय करेगी।

## राज्यसभा चुनाव में तमिलनाडु के सभी छह उम्मीदवारों निर्विरोध निर्वाचन की घोषणा

- सत्तारूढ़ द्रमुक और विपक्षी अन्नाद्रमुक के प्रत्याशियों ने ही कराया था नामांकन

**चेन्नई।** तमिलनाडु विधानसभा से राज्यसभा की छह सीटों के लिए सत्तारूढ़ द्रमुक गठबंधन के चार और विपक्षी अन्नाद्रमुक-राजग के दो उम्मीदवारों को सोमवार को निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया गया। नामांकन वापसी की अंतिम तिथि तक केवल इन्हीं छह उम्मीदवारों के नामांकन मान्य होने के कारण निर्वाचन अधिकारियों ने उन्हें विजयी घोषित किया और निर्वाचन प्रमाणपत्र भी सौंप दिए।

चुनाव के लिए 16 मार्च को मतदान होना है लेकिन तमिलनाडु के लिए इसकी जरूरत नहीं पड़ी, क्योंकि द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) और अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) के अलावा किसी अन्य दल के उम्मीदवार चुनाव नहीं लड़ सके। राज्य विधानसभा में उम्मीदवार बनने के लिए कम से कम 34 विधायकों का समर्थन और 10 विधायकों की ओर से प्रस्तावित नामांकन आवश्यक था। निर्विरोध चुने गए उम्मीदवारों में तिरुचि एन शिवा (द्रमुक) शामिल हैं, जो लगातार छठी बार निर्वाचित हुए हैं। द्रमुक के प्रो. जे कॉन्स्टैंटाइन रविंद्रन, कांग्रेस के क्रिस्टोफर तिलक, डीएमडीके के कोषाध्यक्ष एलके सुदीश, अन्नाद्रमुक के वरिष्ठ नेता एम थंबीदुरई और पीएमके के एक धड़े के नेता तथा पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. अंबुमणि रामदास भी निर्विरोध निर्वाचित हुए। कुल 234 सदस्यीय तमिलनाडु विधानसभा में दलों की संख्या के आधार पर द्रमुक और अन्नाद्रमुक उम्मीदवारों की जीत पहले से ही तय मानी जा रही थी।

# कोलकाता में मुख्य निर्वाचन आयुक्त को दिखाए काले झंडे, नारेबाजी की

- कालीघाट मंदिर पहुंचे थे ज्ञानेश कुमार, वापस जाओ के लगे नारे

**कोलकाता, एजेंसी**

दक्षिण कोलकाता के प्रतिष्ठित कालीघाट मंदिर में सोमवार सुबह दर्शन करने पहुंचे मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार को वापस जाओ के नारों और काले झंडों के साथ विरोध का सामना करना पड़ा। यहां मौजूद पुलिसकर्मियों को स्थिति को नियंत्रित करना पड़ा, जिसके बाद ज्ञानेश कुमार मंदिर में दर्शन के लिए आगे बढ़ पाए।

रविवार रात को भी ज्ञानेश कुमार के पहुंचने पर भी हवाई अड्डे के पास इसी तरह का विरोध किया गया था। जब उनका काफिला हवाई अड्डे से बाहर निकल रहा था, तब तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने एसआईआर को लेकर विरोध करते हुए वापस जाओ के नारे लगाए और काले झंडे दिखाए। हवाई अड्डे के बाहर वाम दल कार्यकर्ताओं ने भी प्रदर्शन किया, जिससे इलाके में कुछ समय के लिए तनाव की स्थिति बन गई। पुलिस ने कहा कि विधानसभा चुनाव से पहले ज्ञानेश कुमार की तीन दिवसीय यात्रा के मद्देनजर पर्याप्त सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं।



सीईसी ज्ञानेश कुमार को काले झंडे दिखाकर विरोध प्रदर्शन करतीं महिलाएं।

### नाम विचाराधीन श्रेणी में देख महिला ने की आत्महत्या

**कोलकाता।** उत्तर 24 परगना जिले में 50 वर्षीय रीना रानी कुंदू एसआईआर के बाद प्रकाशित मतदाता सूची में अपना नाम विचाराधीन श्रेणी में देखकर इतना व्यथित हुई कि सोमवार को आत्महत्या कर ली। उसके दो बेटों के नाम भी सूची से गायब थे। पुलिस के मुताबिक घटना बदुरिया उपमंडल के पश्चिम चांदीपुर गांव में हुई। निर्वाचन आयोग ने 28 फरवरी को जारी मतदाता सूची में 60 लाख से अधिक मतदाताओं को विचाराधीन श्रेणी में रखा था। आयोग की ओर से नियुक्त न्यायिक अधिकारी वर्तमान में गणना प्रपत्रों की 'तार्किक विसंगतियों' को लेकर जांच कर रहे हैं।

### अफसरों को धमका रहे सीईसी, ये दुस्साहस है: ममता

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर एक बैठक के दौरान राज्य के अधिकारियों को धमकाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि संवैधानिक पद पर आसीन अधिकारियों का दुस्साहस दिखाना स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने निर्वाचन आयोग की पूर्ण पीठ की बैठक के बाद यह टिप्पणी की है, जिसमें राज्य के वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों ने अप्रैल में होने वाले पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों की तैयारियों की समीक्षा की। कोलकाता में एसआईआर के विरोध में धरनास्थल पर पत्रकारों से बात करते हुए ममता बनर्जी ने ये आरोप लगाए।

### एसआईआर : नाम हटाने की याचिका पर विचार करेगा सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को उन मतदाताओं की नई याचिका पर सुनवाई करने के लिए सहमति जताई जिनके नाम पश्चिम बंगाल में एसआईआर के दौरान निर्वाचन आयोग ने हटा दिए थे। सीजेआई सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमल्य बागची की पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता मेनका गुरुस्वामी के तर्क पर गौर किया कि यह याचिका मतदाता सूचियों से पूर्ववर्ती मतदाताओं के नाम हटाए जाने से संबंधित है। वरिष्ठ अधिवक्ता ने कहा, ये मतदाता हैं, इन्होंने पहले मतदान किया था, लेकिन अब उनके दस्तावेज स्वीकार नहीं किए गए। सीजेआई ने कहा हम न्यायिक अधिकारियों के निर्णयों के खिलाफ अपील को रोक नहीं सकते। एक वरिष्ठ अधिवक्ता ने कहा कि अपील विचारयोग्य है। इस पर पीठ ने कहा कि याचिका पर मंगलवार को सुनवाई होगी।



## राजौरी में नदी पार करने के अभ्यास के दौरान सैनिक लापता

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले के सुंदरबनी सेक्टर में सोमवार को नदी पार करने के अभ्यास के दौरान सेना का एक जवान लापता हो गया। जवान का पता लगाने के लिए संयुक्त बचाव अभियान शुरू किया गया है।

अधिकारियों ने कहा कि यह घटना खौर इलाके में मनावर नदी में हुई और राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की एक टीम जवान का पता लगाने के लिए सेना और पुलिस के साथ अभियान में शामिल है। सेना की व्हाइट नाइट कोर ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, "सुंदरबनी में नदी पार करने के प्रशिक्षण अभ्यास के दौरान, सिपाही अक्षित शर्मा के आज (सोमवार) दोपहर करीब 12 बजे लापता होने की सूचना मिली। सैनिक का पता लगाने के लिए व्यापक तलाशी अभियान चलाया जा रहा है।

## हादी के हत्यारोपियों के प्रत्यर्पण की प्रक्रिया शुरू

**ढाका।** बांग्लादेश ने सोमवार को कहा कि उसने छात्र नेता शरीफ उस्मान हादी की हत्या के आरोपी दो संदिग्ध हमलावरों को वापस लाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। एक दिन पहले पश्चिम बंगाल के रास्ते अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने वाले संदिग्धों को भारतीय पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था।

गृह मंत्री सलाहुद्दीन अहमद ने सोमवार को उत्तर-पश्चिमी कॉक्स बाजार में पत्रकारों से कहा, दोनों आरोपियों को प्रत्यर्पित करने की पहल की गई है। ढाका में एक अलग संवाददाता सम्मेलन में बांग्लादेश के पुलिस प्रमुख मोहम्मद अली हुसैन फाकिर ने कहा कि संदिग्धों फैसल करीम मसूद और आलमगीर हुसैन को वापस लाने के लिए राजनयिक प्रयास जारी हैं। इंकलाब मंच के प्रवक्ता और भारत के कट्टर आलोचक रहे हादी जुलाई-अगस्त 2024 के जनांदोलन के दौरान राष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध हुए थे। इन आंदोलनों के कारण शेख हसीना के नेतृत्व वाली अवामी लीग सरकार गिर गई थी।

## पूर्वी प्रशांत महासागर में नाव पर अमेरिकी हमले में छह की मौत

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सेना ने रविवार को कहा कि पूर्वी प्रशांत महासागर में कथित मादक पदार्थ तस्करी में शामिल एक नाव पर किए गए हमले में छह लोगों की मौत हो गई। यह कार्रवाई मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ अमेरिकी प्रशासन के अभियान का हिस्सा बताई गई है।

रविवार के इस हमले के साथ ही सितंबर की शुरुआत से छोटे जहाजों को निशाना बनाने के अभियान में मरने वालों की संख्या बढ़कर 157 हो गई है। ट्रंप प्रशासन इन लोगों को नार्को-आतंकवादी बताता रहा है। अमेरिकी दक्षिणी कमान ने कहा कि पूर्वी प्रशांत महासागर और कैरेबियाई सागर में किए गए 40 से अधिक हमलों की तरह इस कार्रवाई में भी मादक पदार्थ तस्करों को उनके तस्करी मार्गों पर निशाना बनाया गया। हालांकि सेना ने यह सबूत नहीं दिया कि संबंधित नाव में मादक पदार्थ ले जाए जा रहे थे।

## राष्ट्रपति प्रोटोकॉल मामले में केंद्र को भेजी रिपोर्ट

- मुख्यमंत्री की अनुपस्थिति का कारण बताया, दस्तावेज भी भेजे

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल सरकार ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के सिलीगुड़ी दौरे के दौरान कथित प्रोटोकॉल के उल्लंघन के संदर्भ में परिस्थितियों को स्पष्ट करते हुए सोमवार को केंद्र सरकार को रिपोर्ट सौंपी। राज्य की मुख्य सचिव नंदिनी चक्रवर्ती की ओर से केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन को भेजी गई रिपोर्ट में घटनाक्रम का विवरण देने के लिए सहायक दस्तावेज भी शामिल हैं।

पश्चिम बंगाल सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक पूरे घटनाक्रम की विस्तृत जानकारी देने वाली रिपोर्ट संबंधित दस्तावेजों के साथ केंद्रीय गृह मंत्रालय को भेज दी गई है। उन्होंने कहा, हमने हर चरण में किए गए प्रशासनिक निर्णयों को रिकॉर्ड में रखा है। रिपोर्ट में यह भी स्पष्ट किया गया है कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी कार्यक्रम में क्यों उपस्थित नहीं हुईं। इसके अलावा, राज्य सरकार ने केंद्र सरकार को राष्ट्रपति मुर्मू के दौरे के दौरान अंतरराष्ट्रीय आदिवासी और संथाल सम्मेलन का स्थल बदलने संबंधी निर्णय से जुड़े कारणों के बारे में जानकारी दी है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सात मार्च को राष्ट्रपति के राज्य दौरे के दौरान प्रोटोकॉल उल्लंघन के आरोपों के बाद पश्चिम बंगाल सरकार से रिपोर्ट मांगी थी। पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव को भेजे गए पत्र में राष्ट्रपति के आगमन के दौरान राज्य मेंमुख्यमंत्री, मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक की अनुपस्थिति पर प्रतिक्रिया मांगी गई थी, और इसे ब्लू बुक नियमों का गंभीर उल्लंघन बताया गया था।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** — आज मित्रों के साथ अनबन हो सकती है। व्यर्थ के खर्चों में बढ़ोतरी होगी। आर्थिक मामलों को लेकर थोड़े लापरवाह हो सकते हैं।

**वृष** — आज सफलता मिलने के योग हैं। मन में नए और रचनात्मक विचार आते रहेंगे। नए लोगों के साथ संपर्क विकसित होंगे।

**मिथुन** — आज आप कार्यक्षेत्र में काफी मेहनत करेंगे। व्यवसाय में सुधार करने की आवश्यकता है। बड़ी समस्या से छुटकारा मिल सकता है।

**कर्क** — आज आप छोटी-छोटी बातों को महत्व न दें। बुरे लोगों की संगत से बचें। कमीशन संबंधी कार्यों में धन हानि हो सकती है।

**सिंह** — आज नए कार्यों की शुरुआत करना उचित नहीं है। वाणी पर नियंत्रण रखें। वाहन चलाते समय सावधानी रखनी चाहिए।

**कन्या** — आज राजनीतिक संबंधों के लिए दिन अच्छा है। आप कठिन काम को सूझबूझ से सुलझा लेंगे। व्यवसाय में बड़ी उपलब्धि मिल सकती है।

**तुला** — आज अपनी कमियों पर ध्यान देने की आवश्यकता है। विरोधियों के ऊपर आपका प्रभाव बढ़ने वाला है। किसी से अधिक अपेक्षा न रखें।

**वृश्चिक** — आज नौकरीपेशा लोगों के लिए दिन बहुत अच्छा है। साझेदारी से जुड़े हुए कार्यों में सफलता मिलेगी। अपने काम पर विश्वास बनाए रखें।

**धनु** — आज आपको यात्रा करनी पड़ सकती हैं। स्वास्थ्य बिगड़ने की संभावना है। बाजार के भोजन से आपको बचना चाहिए।

**मकर** — आज शेयर मार्केट में धन निवेश लाभकारी होगा। परिजनों पर धन खर्च करेंगे। गैरकानूनी कार्यों में रुचि ले सकते हैं।

**कुंभ** — आज प्रबंधन संबंधी कार्यों के लिए दिन विशेष है। स्थायी संपत्ति में वृद्धि होगी। कारोबार में योजनाएं बदलनी पड़ सकती हैं।

**मीन** — आज किसी को उधार में धन न दें। कार्यशैली में सुधार कर सकते हैं। आपको इच्छित परिणाम मिलने में कठिनाई होगी।

### आज का पंचांग

-पं.मनोज कुमार द्विवेदी




**आज की ग्रह स्थिति :** 10 मार्च, मंगलवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- चैत्र, पक्ष-कृष्ण पक्ष, सप्तमी 11 मार्च 01.54 तक तत्पश्चात अष्टमी।

**दिशाशूल**- उत्तर, **ऋतु**- वसंत। **चन्द्रबल**- वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुंभ। **ताराबल**-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती। **नक्षत्र**-अनुराधा 19 .05 तक तत्पश्चात ज्येष्ठा।

### सुडोकू - 83 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 3 | 6 | 5 | 8 | 7 | 1 | 4 |
| 4 | 6 | 7 | 9 | 1 | 2 | 3 | 5 | 8 |
| 8 | 5 | 1 | 3 | 4 | 7 | 9 | 6 | 2 |
| 9 | 1 | 6 | 5 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 |
| 3 | 8 | 4 | 7 | 6 | 9 | 5 | 2 | 1 |
| 5 | 7 | 2 | 8 | 3 | 1 | 4 | 9 | 6 |
| 6 | 4 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 7 | 5 |
| 1 | 3 | 8 | 2 | 7 | 5 | 6 | 4 | 9 |
| 7 | 2 | 5 | 4 | 9 | 6 | 1 | 8 | 3 |

### सुडोकू -84

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | 7 | | 5 | | | 8 |
| | 8 | | 2 | | 1 | | | |
| 2 | | | | 6 | | | | 1 |
| | | 3 | | | 2 | 5 | 4 | |
| | | | | | | | | |
| | 2 | 6 | 1 | | | 8 | | |
| 5 | | | | 7 | | | | 2 |
| 4 | | | 9 | | 3 | | 6 | |
| | | | | 1 | 8 | | 9 | |

**तनातनी** — दोनों सदनों में जानकारी दे चुके हैं जयशंकर, विपक्ष की मांग मानने के मूड में नहीं सरकार

# पश्चिम एशिया पर संसद में चर्चा होने की संभावना नहीं

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पश्चिम एशिया में मौजूदा संकट पर संसद में चर्चा कराने संबंधी विपक्ष की मांग को सरकार की ओर से स्वीकार किए जाने की संभावना नहीं है क्योंकि विदेश मंत्री एस जयशंकर दोनों सदनों को इस मुद्दे पर जानकारी दे चुके हैं। सूत्रों के मुताबिक सरकार लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा करना चाहती है, जिस पर मंगलवार को चर्चा होने की संभावना है क्योंकि पश्चिम एशिया पर चर्चा की मांग को लेकर विपक्ष के प्रदर्शन के कारण कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई।

सूत्रों के अनुसार, पश्चिम एशिया में स्थिति पर संसद में कोई चर्चा नहीं होगी क्योंकि विदेश मंत्री दोनों सदनों को इस बारे में जानकारी दे चुके हैं। पश्चिम एशिया में स्थिति पर चर्चा की मांग को लेकर सोमवार को लोकसभा में हुए हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही दो बार के स्थगन के बाद तीसरी बार दिनभर के लिए स्थगित करनी पड़ी। सरकार ने विपक्ष पर सदन के नियमों का पालन न करने का आरोप लगाया।

विदेश मंत्री एस जयशंकर पश्चिम एशिया में स्थिति पर बयान देने के लिए जैसे ही खड़े हुए, विपक्षी सदस्यों ने सरकार के खिलाफ नारे लगाने शुरू कर दिए और पश्चिम एशिया में जारी संकट पर विस्तृत चर्चा की मांग की। पीठासीन सभापति जगदंबिका पाल ने विपक्षी सदस्यों से सदन चलने देने की अपील की। उन्होंने कहा, आप लोग सदन में तख्तियां लेकर आए हैं, आप यह पहले से तय करके आएं है कि सदन नहीं चलने देना है।

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कांग्रेस पर गैरजिम्मेदार विपक्षी दल होने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि लगता है कि विपक्ष असमंजस में है क्योंकि पहले वह खुद लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ अनावश्यक प्रस्ताव लेकर आया और अब दूसरा विषय लेकर आ गया। कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने पश्चिम एशिया में संघर्ष और इसकी वजह से भारत की ऊर्जा सुरक्षा पर पड़ने वाले प्रभावों पर सोमवार को उच्च सदन में संक्षिप्त चर्चा कराने की मांग की।

### असलियत सामने न आ जाए इसलिए डर रहे हैं मोदी : राहुल

**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि सरकार संसद में पश्चिम एशिया मामले पर चर्चा नहीं करना चाहती क्योंकि यह बात सामने आएगी कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ब्लैकमेल किया जा रहा है और वह कम्प्रोमाइज्ड हो चुके हैं। राहुल गांधी ने यह दावा भी किया, आपने देखा कि प्रधानमंत्री संसद से भाग गए हैं। अब वह सदन के अंदर नहीं आ पाएंगे। राहुल ने कहा, पश्चिम एशिया में आमूलचूल परिवर्तन की लड़ाई चल रही है, जिससे भारत की अर्थव्यवस्था को बहुत नुकसान होने वाला है। पश्चिम एशिया एक जरूरी मुद्दा है, क्योंकि उसका असर ईंधन की कीमत और भारत की अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा। वहीं, नरेन्द्र मोदी ने अमेरिका से व्यापार समझौता कर लिया है और हमने स्टॉक बाजार का हाल देख लिया है।



विश्व कप खिताब का बचाव करने के लिए जज्बा चाहिए और सूर्यकुमार की अगुआई वाली इस टीम ने सबसे बड़े मंच पर असली जज्बे के साथ खेला। संजू ने मौके मिलने पर फिर से दिखाया कि वह मैच विजेता क्यों हैं। अभिषेक शर्मा फाइनल में शानदार थे।
–युवराज सिंह




अमृत विचार
www.amritvichar.com


## हाईलाइट

### जीत की हकदार है पूरी टीम : सचिन



**नई दिल्ली।** महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने भारत को 'पूरी तरह से जीत का हकदार' बताया जबकि इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने उन्हें 'सीमित ओवरों की सर्वश्रेष्ठ टीम' का तमगा किया। क्रिकेट जगत ने इस तरह से भारतीय टीम की ऐतिहासिक तीसरी टी20 विश्व कप खिताबी जीत को सराहा। तेंदुलकर ने टीम के प्रदर्शन की सराहना की और मुंबई में अपने घर के बाहर जश्न की एक झलक साझा की। तेंदुलकर ने लिखा लगातार दो बार विश्व कप जीतना, पहली बार किसी टीम ने टी-20 प्रारूप में ऐसा किया है। ट्रॉफी के पूरी तरह से हकदार।

### यह जीत हमारी ताकत दिखाती है : गांगुली



**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व कप्तान और भारतीय क्रिकेट बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष सौरव गांगुली ने कहा कि यह जीत हर स्तर पर भारतीय क्रिकेट की ताकत दिखाती है। गांगुली ने पोस्ट किया टी20 विश्व कप जीतने के लिए भारत को बधाई... बहुत मजबूत टीम... बड़े मुकाबलों में बेहतर हुई... भारतीय क्रिकेट शानदार जगह पर है। महिला चैंपियन, अंडर-19 चैंपियन और अब पुरुष टी20 चैंपियन।

### आपकी मुस्कान अच्छी लगती है : धोनी

**अहमदाबाद।** भारत की इतिहास रचने वाली टी20 विश्व कप जीत ने लगभग दो साल बाद महान क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी को सोशल मीडिया पर फिर से सक्रिय कर दिया और उन्होंने इस मौके का फायदा उठाते हुए मुख्य कोच गौतम गंभीर को बताया कि उनके गंभीर चेहरे पर मुस्कान कितनी अच्छी लगती है। धोनी ने इंस्टाग्राम पर पिछला पोस्ट 2024 में किया था। उन्होंने यहां नरेंद्र मोदी स्टेडियम में फाइनल देखने के बाद पोस्ट किया अहमदाबाद में इतिहास बना, टीम और सहयोगी स्टाफ तथा दुनिया भर में भारतीय क्रिकेट टीम के सभी प्रशंसकों को बहुत-बहुत बधाई। आप सभी को खेलते हुए देखकर बहुत खुशी हुई।

# सूर्यकुमार का विश्व कप ट्रॉफी के साथ अडालज बावड़ी में हुआ फोटोशूट

अहमदाबाद, एजेंसी

- ऐतिहासिक स्मारक परिसर और आसपास की सड़कों पर बड़ी संख्या में प्रशंसकों की उमड़ी भीड़
- अष्टकोणीय आकार की इस मध्यकालीन बावड़ी को देखने आते हैं देश-विदेश के पर्यटक

भारतीय टी-20 कप्तान सूर्यकुमार यादव के सोमवार को अडालज बावड़ी में विशेष फोटोशूट के लिए आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप ट्रॉफी के साथ पहुंचते ही उत्सव जैसा माहौल बन गया।

इस ऐतिहासिक स्मारक परिसर और आसपास की सड़कों पर बड़ी संख्या में प्रशंसकों की भीड़ उमड़ पड़ी। कई प्रशंसक सूर्यकुमार की एक झलक पाने के लिए आसपास की दीवारों और छतों पर भी चढ़ गए। जैसे ही कप्तान ट्रॉफी के साथ पहुंचे, प्रशंसकों ने 'इंडिया इंडिया'' के नारों से माहौल को और भी जोशीला बना दिया।

भारत ने रविवार को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में न्यूजीलैंड को 96 रन से हराकर लगातार दूसरी बार टी20 विश्व कप खिताब को अपने नाम किया। अधिकारियों ने बताया कि अडालत बावड़ी का यह दौरा भारतीय कप्तान और विश्व कप ट्रॉफी के साथ आयोजित एक प्रमोशनल फोटोशूट का हिस्सा था। इससे पहले भी इस ऐतिहासिक स्मारक पर इसी तरह के फोटोशूट आयोजित किए जा चुके हैं। बड़ी भीड़ को देखते हुए बावड़ी परिसर और आसपास सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। अडालज नी वाव के नाम से प्रसिद्ध यह बावड़ी गुजरात के प्रमुख ऐतिहासिक स्थलों में से एक है और देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों को आकर्षित करती है। अहमदाबाद से लगभग 18 किलोमीटर दूर स्थित इस बावड़ी का निर्माण वर्ष 1499 में वाघेला शासक राणा वीर सिंह की पत्नी रानी रुदाबाई ने करवाया था। पांच मंजिला यह संरचना अपनी बारीक नक्काशी और विशिष्ट भारतीय-इस्लामिक वास्तुकला शैली के लिए प्रसिद्ध है। अष्टकोणीय आकार की यह बावड़ी मध्यकालीन दौर में पानी के स्रोत के साथ-साथ यात्रियों के विश्राम स्थल के रूप में भी उपयोग में लाई जाती थी। खूबसूरती से तराशी गई दीवारें गुजरात के सबसे आकर्षक विरासत में एक है।



# बारबाडोस से अहमदाबाद तक : क्रिकेट में भारत के दबदबे की अभूतपूर्व दास्तान

## टी-20 में भारतीय टीम को अब हरा पाना मुश्किल ही नहीं नामुमकिन भी

नई दिल्ली, एजेंसी

वेस्टइंडीज के बारबाडोस में मिली जीत ने जहां बरसों की नाकामी का कलंक मिटाया तो अहमदाबाद में नई बादशाहत कायम हुई। वाकई क्रिकेट के सबसे छोटे प्रारूप में इस भारतीय टीम को हरा पाना मुश्किल ही नहीं, नामुमकिन सा लगने लगा है। न्यूजीलैंड को फाइनल में 96 रन से हराकर भारतीय टीम ने लगातार दूसरी बार चैम्पियन बनने का रिकॉर्ड ही नहीं बनाया बल्कि ताबड़तोड़ क्रिकेट में भारत की बादशाहत की तस्दीक भी कर दी। मैदान पर भारत का प्रदर्शन इस कदर शानदार रहा कि टूर्नामेंट से पहले सुरक्षा कारणों से बांग्लादेश के बाहर होने और भारत के खिलाफ मैच को लेकर पाकिस्तान की बहिष्कार की धमकी को लोग भूल ही गए।

भारत तीन टी20 विश्व कप (2007, 2024 और 2026) जीतने और लगातार दो बार खिताब अपने नाम करने वाली पहली टीम बन गई है। क्रिकेट की आर्थिक धुरी तो बीसीसीआई पहले ही से है। भारतीय क्रिकेट की प्रतिभा ने मिलकर सत्ता और प्रतिभा का बेहतरीन कॉकटेल बना दिया है।



टी-20 विश्व कप जीतने के बाद देर रात तक जश्न मनाती रही भारतीय टीम। एजेंसी

यह कहना अतिश्योक्ति नहीं होगा कि दो दशक पहले शुरू हुए खेल के इस प्रारूप में मौजूदा भारतीय टीम अब तक की सर्वश्रेष्ठ टीम है।

भारत का वर्चस्व कुछ उसी तरह का है जैसे 70 या 80 के दशक में वेस्टइंडीज का और मिलेनियम के पहले दशक में आस्ट्रेलिया का हुआ करता था। भारत की जीत के अंदाज और अंतर ने इस प्रारूप में टीम की श्रेष्ठता तो साबित की है लेकिन जिन खिलाड़ियों को टीम में जगह बनाने का मौका नहीं मिल सका, उन पर दृष्टिपात करें तो भारतीय क्रिकेट में प्रतिभा की गहराई का पता चलता है। संजू सैमसन, ईशान किशन, जसप्रीत बुमराह, अक्षर पटेल, हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे सभी ने जीत में योगदान दिया। लेकिन यशस्वी जायसवाल, श्रेयस अय्यर, शुभमन गिल जैसे खिलाड़ी जो बाहर रहे, वे दुनिया की किसी भी टीम में जगह पाने के हकदार थे। चौदह वर्ष के वैभव सूर्यवंशी को कैसे भुलाया जा सकता है। क्रिकेट पंडितों का मानना है कि भारत अपनी 'ए' टीम खड़ी करके भी विश्व कप जीत सकता है। भारत की सफलता के पीछे टीम प्रबंधन के साहसिक फैसले, विकेट बचाने की बजाय तेजी से खेलने की रणनीति, मैदान पर उस पर सटीक अमल शामिल है।

दूसरी तरफ एक बार फिर आईसीसी के सफेद गेंद के टूर्नामेंट के नॉकआउट में आसानी से घुटने टेककर लगता है कि न्यूजीलैंड ने 'चोकर्स' का ठप्पा दक्षिण अफ्रीका से ले लिया है। कीवी टीम 2015 से 13 आईसीसी टूर्नामेंटों में से छह के फाइनल में पहुंची लेकिन सिर्फ एक 2021 विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप जीती।

इस टूर्नामेंट में पाकिस्तान क्रिकेट का लंबे समय से चला आ रहा खराब दौर जारी रहा। बार बार कप्तान बदलना, टीम में एकता का अभाव और खिलाड़ी विकास कार्यक्रम की कमी साफ नजर आई।

वहीं एसोसिएट टीमों ने अपने प्रदर्शन की छाप छोड़ी हालांकि उन्हें अभी लंबा सफर तय करना है। अमेरिका ने भारत को कड़ी चुनौती दी जबकि इंग्लैंड टीम नेपाल के खिलाफ उलटफेर का शिकार होने से बची। कनाडा के युवराज सामरा ने न्यूजीलैंड के खिलाफ शतक जमाया और जिम्बाब्वे ने आस्ट्रेलिया को ग्रुप चरण में हराकर बाहर किया।

# निजी उपलब्धियों का नहीं मनाया जाएगा जश्न : गंभीर

अहमदाबाद, एजेंसी

- आईसीसी के फाइनल में दो बार अपनी टीम के लिए शीर्ष स्कोरर रहे गौतम गंभीर का छलका दर्द

गौतम गंभीर इस एक बात को कहते हुए कभी नहीं थकते। असल में वह इसे हर मौके पर उन लोगों के लिए दोहराते हैं जिन्होंने इस पर ध्यान नहीं दिया है और वह यह है कि मुख्य कोच के तौर पर उनके कार्यकाल में निजी उपलब्धियों का जश्न नहीं मनाया जाएगा। इस सिद्धांत की सबसे नवीनतम झलक तब दिखी जब भारत ने रविवार को यहां फाइनल में बेजोड़ प्रदर्शन करते हुए न्यूजीलैंड को 96 रन से हराकर अपना तीसरा टी20 विश्व कप खिताब जीता।

आईसीसी के वैश्विक फाइनल में दो बार अपनी टीम के लिए शीर्ष स्कोरर रहे गंभीर ने जोर देते हुए कहा मुझे लगता है कि सूर्या (भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव) के साथ मेरा सामान्य सा फलसफा हमेशा से यही रहा है कि उपलब्धियां मायने नहीं रखती। ट्रॉफी मायने रखती हैं। भारतीय क्रिकेट में बहुत लंबे समय से हम उपलब्धियों के बारे में बात करते आ रहे हैं। और मुझे उम्मीद है कि जब तक मैं हूं हम उपलब्धियों के बारे में बात नहीं करेंगे। भारतीय जनता पार्टी के पूर्व सांसद ने क्रिकेट मीडिया से 'उपलब्धियों' नहीं बल्कि 'ट्रॉफी' का जश्न बनाने की अपील की। उन्होंने दोहराया उपलब्धियों का जश्न मनाना बंद करो, ट्रॉफी का जश्न मनाओ। यह महत्वपूर्ण है क्योंकि टीम खेल का बड़ा उद्देश्य ट्रॉफी जीतना है, ना कि व्यक्तिगत रन बनाना। यह मेरे लिए कभी मायने नहीं रखता था और ना ही कभी रखेगा। गंभीर ने कहा मैं बहुत खुशकिस्मत रहा हूं कि सूर्या और मेरी राय एक ही है, विशेषकर इस मामले में। किसी का नाम नहीं लिया गया लेकिन यह समझना अधिक मुश्किल नहीं है कि वह किन 'उपलब्धियां हासिल करने वालों' की बात कर रहे थे। गंभीर ने संजू सैमसन की पारियों का जिक्र करते हुए कहा कि टीम खेल कैसे खेला जाता है ये पारियां इसका सबसे अच्छा उदाहरण है।

### नहीं मिला श्रेय

भारतीय क्रिकेट में यह एक खुला राज है कि गंभीर को हमेशा से लगता रहा है कि 2011 विश्व कप फाइनल में मैच का रुख बदलने वाली उनकी 97 रन की पारी या 2007 टी20 विश्व कप फाइनल में उनकी 75 रन की पारी को कमतर आंका गया। दोनों ही मामलों में महेंद्र सिंह धोनी का मैच जिताने वाला छक्का (2011) और जोगिंदर शर्मा को आखिरी ओवर देने का उनका मास्टरस्ट्रोक (2007) भारतीय क्रिकेट की लोककथाओं का हिस्सा बन गया।

# आईपीएल में पहली बार उतरेंगे लखनऊ के नमन व अमेठी के प्रशांत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



नमन तिवारी व प्रशांत वीर।

- आईपीएल में यूपी का जलवा, 12 खिलाड़ी अलग-अलग टीमों में
- धोनी के साथ ड्रेसिंग रूम शेयर करेंगे प्रशांत वीर
- एलएसजी में नमन तिवारी को मौका मिलने की उम्मीद

**अमृत विचार।** 28 मार्च से शुरू होने जा रहे इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 19वें संस्करण में इस बार यूपी के खिलाड़ियों का जलवा देखने को मिलेगा। खास तौर पर लखनऊ के बाएं हाथ के मीडियम पेसर नमन तिवारी और अमेठी के प्रशांत वीर पर सभी की निगाहें रहेंगी।

दोनों खिलाड़ी पहली बार आईपीएल में पदार्पण कर रहे हैं और अपने प्रदर्शन से पहचान बनाने को तैयार हैं। नमन तिवारी पहले भारतीय अंडर-19 टीम का हिस्सा रह चुके हैं और उन्हें लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने अपनी टीम में शामिल किया है। टीम में पहले से मौजूद मोहसिन खान के साथ नमन को भी इस सीजन में अपनी धारदार गेंदबाजी दिखाने का मौका मिल सकता है। वहीं अमेठी के प्रशांत वीर ने यूपी लीग में शानदार प्रदर्शन कर सुर्खियां बटोरी थीं। मिनी ऑक्शन में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने उन्हें खरीदा, जिसके बाद वे पहली बार आईपीएल का हिस्सा बनेंगे। इस दौरान उन्हें टीम के कप्तान और दिग्गज खिलाड़ी महेंद्र सिंह धोनी के साथ ड्रेसिंग रूम शेयर करने का मौका मिलेगा, जो उनके लिए बड़े अनुभव की तरह होगा।

**यूपी के एक दर्जन खिलाड़ी अलग-अलग टीमों में :** इस सीजन में उत्तर प्रदेश के करीब एक दर्जन खिलाड़ी विभिन्न फ्रेंचाइजी टीमों का हिस्सा बनकर मैदान में उतरेंगे। खेल प्रेमियों को उम्मीद है कि ये खिलाड़ी अपने प्रदर्शन से न सिर्फ टीमों को मजबूती देंगे बल्कि खिताब की दौड़ में भी अहम भूमिका निभाएंगे। रॉयल चैलेंजर्स बंगलुरु की गेंदबाजी की जिम्मेदारी मेरठ के भुवनेश्वर कुमार और प्रयागराज के यश दयाल के कंधों पर होगी। वहीं कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए अलीगढ़ के रिंकू सिंह और हापुड़ के कार्तिक त्यागी मैदान में उतरेंगे। दिल्ली कैपिटल्स में कानपुर के कुलदीप यादव, मेरठ के समीर रिजवी और बाराबंकी के विप्रज निगम को जगह मिली है। इसके अलावा सनराइजर्स हैदराबाद ने लखनऊ के जीशान अंसारी और नोएडा के शिवम मावी पर भरोसा जताया है।

**क्या कहते हैं विशेषज्ञ :** पूर्व भारतीय खिलाड़ी ज्ञानेंद्र पाण्डेय का कहना है कि आईपीएल ऐसा मंच है जहां दुनिया भर के खिलाड़ी एक साथ खेलते हैं। यहां अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी भारतीय टीम के दरवाजे तक पहुंच सकते हैं। इकाना स्टेडियम के सीनियर एमडी उदय सिन्हा के मुताबिक प्रदेश के खिलाड़ियों की बढ़ती मांग यूपी क्रिकेट के लिए सकारात्मक संकेत है और इससे नई प्रतिभाओं को आगे आने का मौका मिलेगा। वहीं उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन की जूनियर चयन समिति के चेयरमैन और पूर्व रणजी खिलाड़ी कमलकांत कनौजिया का कहना है कि यूपी के खिलाड़ियों की मौजूदगी से युवा क्रिकेटरों को प्रेरणा मिलेगी और भविष्य में प्रदेश से और भी खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दिखाई देंगे।

### किन टीमों में यूपी के कौन-कौन खिलाड़ी

- **दिल्ली कैपिटल्स :** विप्रज निगम (बाराबंकी), कुलदीप यादव (कानपुर), समीर रिजवी (मेरठ)
- **कोलकाता नाइट राइडर्स :** रिंकू सिंह (अलीगढ़), कार्तिक त्यागी (हापुड़)
  लखनऊ सुपर जायंट्स – मोहसिन खान (संभल), नमन तिवारी (लखनऊ)
- **रॉयल चैलेंजर्स बंगलुरु :** भुवनेश्वर कुमार (मेरठ), यश दयाल (प्रयागराज)
  सनराइजर्स हैदराबाद – जीशान अंसारी (लखनऊ), शिवम मावी (नोएडा)
- **चेन्नई सुपर किंग्स :** प्रशांत वीर (अमेठी)

# अब नजरें ओलंपिक स्वर्ण पर

नई दिल्ली, एजेंसी

- 14-30 जुलाई 2028 तक ग्रीष्मकालीन ओलंपिक होगा लॉस एंजिलिस में

टी-20 विश्व कप जीतने वाली टीम की औसत उम्र तीस के करीब है लिहाजा आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में 2028 में होने वाले अगले टी20 विश्व कप में भी उनके खेलने की पूरी संभावना है। लेकिन इससे पहले खिलाड़ियों के पास लॉस एंजिलिस में ओलंपिक स्वर्ण जीतने का भी मौका होगा चूंकि क्रिकेट की 128 साल बाद ओलंपिक में वापसी हो रही है।

भारत की विश्व कप विजेता इस टीम में सिर्फ कप्तान सूर्यकुमार यादव ही 35 साल के हैं लेकिन उनका इरादा 2028 में ये दोनों टूर्नामेंट खेलने का है। अहमदाबाद में न्यूजीलैंड के खिलाफ फाइनल में मिली जीत के बाद प्रेस कांफ्रेंस में सूर्यकुमार ने कहा एक टीम के रूप में हमने जो कुछ हासिल किया है, वह काफी खास है। अगला लक्ष्य ओलंपिक है। ओलंपिक स्वर्ण और उसी साल टी20 विश्व कप भी है। उन्होंने कहा 2024 के बाद से जिस तरह से सफर तय किया गया है, हम काफी रोमांचित हैं। हमने तीन आईसीसी ट्रॉफी (वनडे चैम्पियंस ट्रॉफी समेत) लगातार जीती। 2024 में लंबे समय बाद आईसीसी खिताब जीता। हमें पता है कि हम किस तरह से खेलना चाहते थे। 2024 के बाद सब कुछ बदल गया। सूर्यकुमार ने कहा हमने 2025 में चैम्पियंस ट्रॉफी (रोहित शर्मा की कप्तानी में) जीती और बिल्कुल अलग तरह की क्रिकेट खेली।

### चर्चा में आई जोड़ी



टी-20 विश्व कप का फाइनल जीतने के बाद अपने पार्टनर माहिका शर्मा के साथ जश्न मनाते हार्दिक पंड्या। ●एजेंसी

**प्रेरणा**

सैमसन के रूप में नए खेल आइकन के सामने आने से केरल में खुशी की लहर

# पिता ने कहा था– संजू अपनी जड़ों से कभी दूर मत जाना

बेंगलुरु, एजेंसी

एक छोटी सी कहानी है जो सैमसन विश्वनाथ के अपने बेटे संजू पर गहरे असर के बारे में बहुत कुछ बताती है। केरल का यह क्रिकेटर राजस्थान रॉयल्स के लिए अपने पहले आईपीएल सत्र के बाद एक स्टार की तरह अपने गृहनगर विझिंजम लौटा था।

कभी संजू के साथ सड़कों पर खेलने वाले गांव के युवा क्रिकेटर अब उसके पास जाने से हिचकिचा रहे थे। उनकी हिचकिचाहट को भांपते हुए दिल्ली पुलिस के पूर्व अधिकारी विश्वनाथ ने संजू को कुछ समय के लिए अपने पुराने दोस्तों के साथ खेलने के लिए कहा। उस समय संजू को अपने पिता से सलाह मिली अपनी जड़ों से कभी दूर मत जाना। ये शब्द संजू के साथ तब भी रहे जब उन्होंने खेल के उतार-चढ़ाव का सामना किया।



संजू सैमसन को शाबाशी देते मुख्य कोच गौतम गंभीर। एजेंसी

हाल में संपन्न टी20 विश्व कप में सैमसन 321 रन बनाकर टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बने। सैमसन के शुरुआती कोच बीजू जॉर्ज ने बताया मुझे लगता है कि उसके शुरुआती मुकाबलों की तुलना में मुख्य अंतर यह है कि उसके पैरों में स्थिरता लौट आई है, एक मजबूत आधार हमेशा से उसकी ताकत रही है। जब वह क्रीज में पीछे की ओर जाने लगा तो इससे उसका संतुलन बिगड़ गया। उन्होंने कहा लेकिन अब ऐसा लगता है कि उसने वह स्थिर आधार वापस पा लिया है और यह उसकी बल्लेबाजी में दिखता है। मुंबई में सेमीफाइनल में इंग्लैंड के जोफ्रा आर्चर के खिलाफ बेसिक्स पर लौटने से मिली मदद साफ नजर आ रही थी।

यह जानते हुए कि सैमसन अपने शरीर की तरफ आने वाली गेंदों के खिलाफ संघर्ष कर रहे हैं आर्चर ने शॉर्ट गेंद फेंकी लेकिन दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने घूमकर उसे स्क्वायर लेग के पीछे छक्के के लिए पुल कर दिया। अपने अगले ओवर में आर्चर ने फिर से एक शॉर्ट पिच गेंद के खिलाफ संजू की काबिलियत को परखने की कोशिश की और इस बार इस सलामी बल्लेबाज ने गेंद को वानखेड़े स्टेडियम में मिडविकेट के पीछे दूसरे टीयर के स्टैंड पर भेजा दिया। इन दो शॉट में संजू ने आर्चर और बाउंसर के खिलाफ अपनी कमजोरी से सफलतापूर्वक निपटा।

वेस्टइंडीज के खिलाफ आखिरी सुपर आठ मुकाबले से पहले तक संजू का करियर खतरे में था। हालांकि उन्होंने आखिरी तीन महत्वपूर्ण मुकाबलों में नाबाद 97, 89 और 89 रन की पारियां खेलकर भारत को अपना तीसरा टी20 विश्व कप जिताने में मदद की। इसके साथ ही भारत लगातार दूसरा और कुल तीसरा टी20 विश्व खिताब जीतने वाली पहली टीम बना। मुख्य कोच गौतम गंभीर भी सैमसन की कोशिश से बहुत खुश थे और उन्होंने उन्हें एक विशेष प्रतिभा कहा।

### जो भी मौके मिलें उन्हें जाने मत दो

विश्वनाथ ने कहा मैंने उसे (जिम्बाब्वे के खिलाफ मैच के बाद) एक मैसेज भेजा। अपने देश के लिए अच्छा करो, तुम पहले से ही 31 साल के हो और जो भी मौके तुम्हें मिलें उन्हें जाने मत दो। उन्होंने कहा मुझे पता है कि उसमें सभी तरह का कौशल है क्योंकि वह 13 साल की उम्र से गंभीर क्रिकेट खेल रहा है और यह सब उसकी सोच को सही करने के बारे में था। बल्लेबाजी क्रम या ऐसी किसी भी चीज की चिंता मत करो बस खुले दिमाग से खेलो। ऐसा लगता कि सैमसन ने इस सलाह को दिल से मान लिया और लगातार तीन अर्धशतक लगाए। विश्वनाथ ने भावनात्मक होते हुए कहा, मैं अपने पोडियन (बेटे) को जानता हूं। मैं उसे छोटी उम्र से देख रहा हूं। मुझे पता था, हम सब जानते थे कि वह वापसी करेगा।